

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर, रविवार 8 फरवरी 2026 ■ फाल्गुन कृष्ण पक्ष-7 ■ वर्ष -41 ■ अंक-308 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 9 फरवरी 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## आतंकवाद पर न कोई दोहरा मापदंड न कोई समझौता : नरेन्द्र मोदी

**नई दिल्ली,8 फरवरी।** अपनी दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा के दौरान मलेशिया पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक मंच से आतंकवाद के खिलाफ एक बार फिर शंखनाद किया है। रविवार (8 फरवरी, 2026) को मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद एक संयुक्त प्रेस वक्तव्य में पीएम मोदी ने आतंकवाद को वैश्विक शांति के लिए सबसे बड़ा खतरा बताते हुए सख्त रुख अपनाया। प्रधानमंत्री मोदी ने सुरक्षा सहयोग पर चर्चा करते हुए स्पष्ट किया कि भारत आतंकवाद के मुद्दे पर किसी भी प्रकार की नरमी बरतने के मूड में नहीं है। प्रधानमंत्री ने आतंकवाद से निपटने के मुद्दे पर भारत के रुख को दोहराते हुए कहा, ''आतंकवाद पर हमारा संदेश स्पष्ट है; कोई दोहरा मापदंड नहीं, कोई समझौता नहीं।'' मोदी शनिवार को कुआलालंपुर पहुंचे जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। हवाई अड्डे पर इब्राहिम ने उनका स्वागत किया जो द्विपक्षीय संबंधों में एक नयी गति का संकेत है। वार्ता से पहले मोदी का आज सुबह पर्दाना पुत्र में औपचारिक स्वागत किया गया। पीएम मोदी ने कहा, ''भारत और मलेशिया के



बीच एक विशेष संबंध है। हम समुद्री पड़ोसी हैं। सदियों से दोनों देशों के लोगों के बीच गहरे और स्नेहपूर्ण संबंध रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''आज, भारतीय मूल के लोगों की आबादी के मामले में मलेशिया दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है। हमारी सभ्यताएं, साझा सांस्कृतिक विरासत और लोकतांत्रिक मूल्य हमें एक सूत्र में बांधते हैं।''मोदी ने कहा कि दोनों पक्ष आतंकवाद विरोधी उपायों, खुफिया जानकारी साझा करने और समुद्री सुरक्षा में सहयोग को मजबूत करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि हम रक्षा सहयोग को और अधिक व्यापक बनाएंगे। उन्होंने कहा, ''कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और डिजिटल प्रौद्योगिकियों के साथ-साथ हम सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में साझेदारी को आगे बढ़ाएंगे।'' प्रधानमंत्री ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति भारत के दृष्टिकोण पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ''हिंद-प्रशांत क्षेत्र विश्व के विकास के इंजन के रूप में उभर रहा है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आसियान (दक्षिणपूर्व एशियाई देशों का संघ) के साथ मिलकर पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में विकास, शांति और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध है। मलेशिया के प्रधानमंत्री इब्राहिम ने कहा कि भारत और मलेशिया व्यापार, निवेश, संपर्क और रक्षा के क्षेत्र में सहयोग का विस्तार करना जारी रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक व्यापार और आर्थिक मोर्चे पर भारत ने शानदार वृद्धि दर्ज की है।

## ब्राह्मण होना योग्यता नहीं, कोई भी बन सकता संघ प्रमुख : भागवत

**मुंबई,8 फरवरी।** 'मुंबई व्याख्यानमाला' के दूसरे दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने संगठन की कार्यप्रणाली और मौजूदा सामाजिक-राजनीतिक मुद्दों पर विस्तार से अपनी बात रखी। '100 Years of Sangh Journey – New Horizons' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में जाति व्यवस्था, भाषा विवाद, धर्मांतरण और अवैध प्रवासियों जैसे मुद्दे चर्चा के केंद्र में रहे। जाति के सवाल पर भागवत ने कहा कि संघ में किसी भी जाति का व्यक्ति सर्वोच्च पद तक पहुंच सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अनुसूचित जाति या जनजाति से होना कोई बाधा नहीं है और ब्राह्मण होना कोई विशेष योग्यता नहीं। उन्होंने माना कि शुरुआती दौर में संघ में ब्राह्मणों की संख्या अधिक थी, लेकिन संगठन सभी जातियों के लिए समान रूप से काम करता है। आरएसएस की फंडिंग पर उठते सवालों को लेकर उन्होंने कहा कि संगठन मुख्य रूप से स्वयंसेवकों के सहयोग से चलता है। यात्रा के दौरान कार्यकर्ता होटलों में ठहरने के बजाय स्वयंसेवकों के घर रुकते हैं और उसी सहयोग से काम आगे बढ़ता है। भाषा विवाद पर उन्होंने कहा कि अंग्रेजी से



कोई बैर नहीं है, जहां जरूरत हो वहां उसका उपयोग किया जाता है, लेकिन मातृभाषा और हिंदी को प्राथमिकता देने का प्रयास रहता है। भाषा विवाद को उन्होंने ''स्थानीय बीमारी'' बताते हुए इसे बढ़ने से रोकने की बात कही। 'घर वापसी' पर उन्होंने कहा कि अलग-अलग धार्मिक विचारों का सम्मान होना चाहिए, लेकिन जबरन धर्मांतरण के मामलों में लोगों को उनकी इच्छा से वापस लाने का समर्थन किया। अवैध प्रवासियों के मुद्दे पर भागवत ने सरकार से उन्हें पहचानकर निर्वासित करने की अपील की और कहा कि देश में व्यापार और रोजगार भारतीयों को मिलना चाहिए.

**एंटी-नक्सल ऑपरेशन को लेकर अहम बैठक**

## अमित शाह की अगुवाई में बन रहा 'मार्च 2026' के लक्ष्य को हासिल करने का एक्शन प्लान

**रायपुर,8 फरवरी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एंटी-नक्सल ऑपरेशन को लेकर आज रायपुर में बैठकों में से पहली बैठक शुरू हो गई है. बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री सह गृह मंत्री विजय शर्मा के अलावा गृह विभाग के सचिव और डीजीपी के अलावा नक्सल प्रभावित राज्यों के डीजीपी, गृह सचिव और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद हैं.मार्च 2026 की तय सीमा से पहले की यह आखिरी बड़ी बैठक है, जिसमें सुरक्षा की स्थिति, इंटेलिजेंस इनपुट्स, ऑपरेशन की गति पर चर्चा के साथ तय समय सीमा में बचे हुए एरिया से नक्सलियों को खत्म करने के लिए एक्शन प्लान तैयार किया जाएगा.

**दो एजेंडों पर होगी बात - गृह मंत्री विजय शर्मा**

गृह मंत्री विजय शर्मा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में होने वाली बैठक को लेकर कहा कि यह 31 मार्च 2026 से पहले की अंतिम बड़ी बैठक है. इस बैठक में लेफ्ट विंग एक्सट्रीम – वामपंथी उग्रवाद प्रभावित प्रदेशों के डीजीपी और पुलिस अधिकारी शामिल होंगे. बैठक के दो बड़े विषय है, पहला 31 मार्च की डेडलाइन तक देश कैसे पूर्ण रूप से सशस्त्र नक्सलवाद से मुक्त हो और दूसरा एजेंडा बस्तर का रुका हुआ विकास कैसे शुरू करें. इसके साथ गृहमंत्री विजय शर्मा ने भूपेश बघेल के पंजाब में दिए गए बयान, 'मोदी न किसान के साथ हैं, न जवान के साथ' पर कहा कि भूपेश बघेल को पहले राहुल गांधी से पूछना चाहिए कि उन्होंने सिखों को गद्दार कहा है, उस पर उनको क्या कहना चाहिए. पंजाब में जाकर इस तरह की बात करने से पहले उन्हें राहुल गांधी से पूछ लेना चाहिए.

## रूस में मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में घुसकर भारतीय छात्रों पर हमला

**मास्को,8 फरवरी।** रूस के बश्कोर्तोस्तान रिपब्लिक की राजधानी उफा में स्थित मेडिकल यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में चाकूबाजी की घटना में 4 भारतीय छात्र समेत कई लोग घायल हो गए. बताया जा रहा है कि हमलावरों को पकड़ने की कोशिश में दो पुलिसकर्मी भी घायल हो गए. स्थानीय मीडिया के अनुसार ये घटना हॉस्टल के स्पोर्ट्स हॉल में हुई. रूस के आंतरिक मंत्रालय के मुताबिक कि प्रारंभिक रिपोर्ट में सामने आया है कि चाकू के साथ एक किशोर मेडिकल यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में दाखिल हुआ. यहां उसने कई छात्रों पर हमला कर दिया. हमलावर किशोर कई छात्रों को चाकू मारकर घायल कर दिया. मंत्रालय की प्रवक्ता मेजर जनरल इरीना वोल्क ने RTVI (मीडिया समूह) को बताया कि हमलावर ने गिरफ्तारी से बचने की कोशिश में दो पुलिसकर्मियों पर भी चाकू से हमला कर दिया. इसके साथ ही आरोपी ने खुद को भी चोट पहुंचाई. रूस में स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट करके लिखा कि ऊफा में हमले की एक दुखद घटना हुई है. चार भारतीय छात्रों सहित कई लोग घायल हुए हैं. दूतावास अधिकारियों के संपर्क में है और कज़ान में कॉन्सुलेट के अधिकारी घायल छात्रों की मदद के लिए ऊफ़ा जा रहे हैं. चश्मदीदों के मुताबिक हॉस्टल में अफरातफरी का

## महानदी जल विवाद पर भाजपा और बीजद में जंग

**भुवनेश्वर ,8 फरवरी।** विपक्ष के नेता और बीजू जनता दल (BJD) के सुप्रीमो नवीन पटनायक ने महानदी जल विवाद पर एक महत्वपूर्ण ट्रिब्यूनल सुनवाई से राज्य के एडवोकेट जनरल की गैरमौजूदगी का हवाला देते हुए, बीजेपी के नेतृत्व वाली ओडिशा सरकार पर महानदी की सुरक्षा में ईमानदारी की कमी का आरोप लगाया है। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में, पटनायक ने बीजेपी के नेतृत्व वाली ओडिशा सरकार द्वारा महानदी जल विवाद को संभालने के तरीके की कड़ी आलोचना की। पटनायक ने सरकार पर बेईमान होने और सिर्फ़ दिखावा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि ओडिशा के लोग नदी की सुरक्षा पर कोई समझौता स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने विवाद को सुलझाने की सरकार की रणनीति पर भी सवाल उठाया है, और सरकार पर ओडिशा के हितों की रक्षा के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाने का आरोप लगाया है। इसके अलावा, पटनायक ने सरकार पर दिखावा करने, महानदी की रक्षा के लिए ठोस कार्रवाई किए बिना 'मगरमच्छ के आंसू' बहाने का आरोप लगाया। इसके अलावा, उन्होंने ओडिशा के लोगों के लिए नदी के महत्व पर ज़ोर दिया, इसे राज्य की 'जीवनरेखा' और 'माँ' कहा, और ज़ोर देकर कहा कि इसकी सुरक्षा पर कोई समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। ''महानदी को



बचाने में बीजेपी सरकार की क्या ईमानदारी है? राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले ओडिशा के एडवोकेट जनरल महानदी विवाद पर ट्रिब्यूनल में आज की सुनवाई में अनुपस्थित थे। क्या महानदी की सुरक्षा से जुड़ा कोई ऐसा महत्वपूर्ण काम था कि वे ट्रिब्यूनल की सुनवाई में ओडिशा का पक्ष रखने के लिए मौजूद नहीं हो सके? ट्रिब्यूनल की सुनवाई से बहुत उम्मीदें लगाए बैठे ओडिशा के लोगों को क्या मिला?'', उनके X अकाउंट पर पोस्ट में लिखा था। उनके पोस्ट में आगे लिखा था, ''अब यह साफ़ है कि ओडिशा बीजेपी सरकार में महानदी को बचाने के लिए कोई ईमानदारी या प्रतिबद्धता नहीं है। सरकार इस मामले को बिल्कुल भी गंभीरता से नहीं ले रही है। वे सिर्फ़ मगरमच्छ के आंसू बहा रहे हैं। महानदी हमारी माँ है, ओडिशा की जीवनरेखा है। यह लाखों किसानों, मछुआरों और अनगिनत ओडिशावासियों के लिए जीवनदायिनी है। ओडिशा के लोग इसकी सुरक्षा पर कभी कोई समझौता स्वीकार नहीं करेंगे। महानदी को बचाने के लिए बीजू जनता दल का हर ओडिशावासी को साथ लेकर किया गया संघर्ष और भी तेज़ होगा।'' यह ध्यान देने वाली बात है कि महानदी जल विवाद ट्रिब्यूनल फरवरी के आखिरी हफ्ते और मार्च के पहले हफ्ते के बीच मौके का दौरा करने के बाद 14 मार्च को सुनवाई करने वाला है। ट्रिब्यूनल का कार्यकाल 13 अप्रैल को खत्म होने वाला है, और ओडिशा और छत्तीसगढ़ दोनों ने केंद्र से कार्यकाल को 27 मार्च, 2027 तक बढ़ाने का अनुरोध किया है।

## ट्रक की टक्कर से एक ही परिवार के 2 लोगों की मौत

**आरंग,8 फरवरी।** आरंग-खरोरा मुख्य मार्ग पर शनिवार को धान से लदे बेलगाम ट्रक ने बाइक सवार तीन लोगों को अपनी चपेट में ले लिया. इस दर्दनाक हादसे में एक ही परिवार के दो लोगों की मौत हो गई. एक महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि बाइक चालक ने ईलाज के दौरान दम तोड़ दिया. मृतकों की पहचान नंदकिशोर लोधी और कुंतीबाई लोधी के रूप में हुई है. वहीं बाइक चालक की मां गंभीर रूप से घायल हैं. तीनो पुलिस ने भाग रहे आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है, जो नशे की हालत में वाहन चला रहा था. जानकारी के अनुसार, मृतिका कुंतीबाई लोधी (पति मंगलू लोधी) अपने रिश्तेदारों के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने आरंग आई थीं. कार्यक्रम के बाद, ग्राम गुल्लू निवासी नंदकिशोर लोधी और उसकी मां राजकुमारी लोधी के साथ बाइक पर सवार होकर वापस अपने गांव लौट रही थी. इसी दौरान बजरंग केमिकल डिस्टलरी कंपनी के पास ट्रक ने बाइक को सामने से टक्कर मारी. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सामने से आ रहे धान से भरे ट्रक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक को सीधी टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए. घटना में कुंतीबाई लोधी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि नंदकिशोर और राजकुमारी लोधी को गंभीर चोटें आईं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया है. इलाज के दौरान नंदकिशोर लोधी ने भी दम तोड़ दिया है और जबकि उसकी मां राजकुमारी लोधी जिंदगी और मौत से जूझ रही है.

## 3 ट्रेलरों में जोरदार भिड़ंत, जिंदा जला ड्राइवर

**पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत**

**जांजगीर-चांपा/ सूरजपुर.** दो अलग-अलग जिलों में भीषण सड़क हादसे हुए हैं. एक जगह तेज रफ्तार तीन ट्रेलरों की आपस में जोरदार टक्कर ने जान ले ली, तो दूसरी ओर बेकाबू पिकअप ने दो बाइक सवारों को रौंद दिया. दोनों घटनाओं में 2 लोगों की मौत हुई, जबकि दो लोग घायल है. यह दोनों भीषण घटनाएं जांजगीर चांपा और सूरजपुर जिले की हैं.

अकलतरा-बलौदा मेन रोड पर कोटगढ़ के पास सुबह करीब 5 बजे तीन ट्रेलरों के बीच जोरदार टक्कर हो गई. टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रेलर में देखते ही देखते आग लग गई और चालक की मौके पर ही जलकर मौत हो गई. हादसे में एक अन्य चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला. सूचना मिलते ही अकलतरा पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची, आग पर काबू पाया गया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया. प्रारंभिक तौर पर तेज रफ्तार और आमने-सामने की टक्कर की आशंका जताई जा रही है. हादसे के चलते कुछ देर यातायात भी प्रभावित रहा.

सूरजपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सुतिया नाला के पास एक तेज रफ्तार पिकअप ने दो बाइक सवारों को चपेट में ले लिया. हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया. इसके अलावा दो लोगों को मामूली चोटें आई हैं. गंभीर घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज जारी है. मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है. घटना से आक्रोशित लोगों ने पिकअप चालक की पिटाई कर दी, जिसके बाद वह भीड़ को चकमा देकर फरार हो गया. बताया जा रहा है कि पिकअप पहले जप्त अवैध धान लेकर लौट रहा था. पुलिस ने वाहन जप्त कर जांच शुरू कर दी है.

### स्कॉर्पियो ने ली दो बाइक सवारों की जान

**जांजगीर-चांपा,8 फरवरी।** जिले से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है। अकलतरा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो और बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें बाइक सवार दो दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद स्कॉर्पियो चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया है, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतकों की पहचान किशन मरावी उम्र 20 वर्ष और अभय दास उम्र 23 वर्ष के रूप में हुई है। दोनों किसी काम से अपने गांव से अकलतरा की ओर निकले थे, तभी रास्ते में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। घटना के बाद आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी भेज दिया गया है। फिलहाल अकलतरा थाना पुलिस फरार स्कॉर्पियो चालक की तलाश में जुटी हुई है और मामले की जांच जारी है।

## तिरुपति लड्डू में बाथरूम साफ करने वाला एसिड: चंद्रबाबू

**हैदराबाद ,8 फरवरी।** आंध्र प्रदेश की राजनीति में तिरुपति लड्डू विवाद ने नया मोड़ ले लिया है. मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने दावा किया है कितिरुपति मंदिर के प्रसाद में इस्तेमाल होने वाले घी में बाथरूम साफ करने वाले केमिकल का इस्तेमाल किया गया था. यह आरोप बेहद गंभीर माना जा रहा है. नायडू ने सार्वजनिक कार्यक्रम में कहा कि यह मामला श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा है. इस खुलासे के बाद राजनीतिक माहौल गर्म हो गया है. विपक्ष ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है. मामले ने धार्मिक भावनाओं के साथ-साथ सियासी बहस को भी तेज कर दिया है. इस विवाद की जड़ें पिछले सरकार से जोड़ी जा रही हैं. आरोप है कि 2019 से 2024 के बीच तिरुपति लड्डू के लिए इस्तेमाल होने वाले घी में मिलावट हुई. मुख्यमंत्री नायडू ने कहा कि यह सिर्फ तिरुपति तक सीमित नहीं हो सकता. उन्होंने संकेत दिए कि अन्य मंदिरों में भी ऐसा हो सकता है. दूसरी ओर वाईएसआर कांग्रेस पार्टी और पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी ने इन आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताया है. उन्होंने कहा कि यह मामला राजनीतिक फायदा उठाने के लिए उछाला जा रहा है.सीबीआई की चार्जशीट में दावा किया गया है कि तिरुपति लड्डू के घी में जानवर की चर्बी नहीं मिली, लेकिन इसमें प्लांट ऑयल और कुछ केमिकल मिलाए जाने के संकेत मिले हैं. रिपोर्ट के अनुसार जांच में सामने आया कि कुछ कंपनियों के जरिए लैक्टिक एसिड और LABSA जैसे पदार्थ की आपूर्ति की गई.

**अंडर-19, विश्व कप क्रिकेट प्रतियोगिता-2026**

## वैभव ने चयन को सही साबित किया, प्रशिक्षकों का माना आभार

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

क्रिकेट भारतीय उप महाद्वीप का सबसे लोकप्रिय खेल हैं। भारत में इसे सर्वाधिक पसंद किया जाता है। क्रिकेट की चमक को युवाओं के बीच पहुंचाने और उसे बरकरार रखने के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बी.सी.सी.आई) के योगदान यथा खिलाड़ियों के चयन की प्रक्रिया ,प्रशिक्षण कार्यक्रम , प्रदत्त सुविधा की भूमिका महत्वपूर्ण है। भारत ने अभी हाल ही में जिंबाब्वे में संपन्न अंडर-19 विश्वकप प्रतियोगिता जीतकर विश्व चैंपियन बना है। इसी प्रकार फिलहाल भारतीय क्रिकेट टीम पुरुष वर्ग में अंडर-19 सीनियर वर्ग 1924 में विश्वविजेता है। महिला वर्ग में सीनियर में 2025 में विश्व विजेता बनी . स्पष्ट है भारतीय टीम ने अपने विरोधियों को पराजित करके ना सिर्फ़ अपने देश का नाम रौशन किया है बल्कि भारतीय नौजवानों में उमंग का संचार कर दिया है . भारत की क्रिकेट में उपरोक्त उपलब्धि के पीछे बी.बी.सी.आई की दूरदृष्टी है . आज की परिस्थिति में सभी खेलों के खिलाड़ी जब अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट खेलने के लिए चयनित किये जाते हैं तो उनका चयन उनकी प्रतिभा के अनुसार होता है। इस प्रतिभा में जब तक जुझारूपन ना हो, मैच जीतने की रणनीति ना हो, खिलाड़ी में दमखम याने स्टेमिना ना हो, मुकाबले में पिछड़ने के दौरान आत्मविश्वास की कमी हो ऐसी परिस्थिति में कोई भी प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपनी टीम को आसानी से विजयश्री नहीं दिला सकता।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने क्रिकेट खिलाड़ियों के जूनियर, सब जूनियर, सीनियर वर्ग की महिला, पुरुष टीम बनाये हैं बल्कि उम्र के आधार पर भी टीम बनाये हैं। एक खिलाड़ी जब कम उम्र से अपने खेल के स्तर को बनाए रखना है तो उसे विशेष प्रशिक्षण देकर अगले वर्ग/उम्र की टीम में सम्मिलित कर लिया जाता है। इस तरह आज भारतीय क्रिकेट टीम विश्व स्तरीय स्पर्धा के लिए तैयार की जा रही है। जिसका उदाहरण हमने देख लिया है .आम तौर पर यह कहा जाता है क्रिकेट में टेस्ट हो या एक दिवसीय या टी-20 कम देशों में खेले जाने के कारण भारतीय क्रिकेट टीम सफलता प्राप्त कर लेती है। आज विश्व के पुरुष टेस्ट टीमों की संख्या 12 है। जिसमें भारत को चौथी वरीयता प्राप्त है।ठीक इसी प्रकार पुरुषों की एक दिवसीय साथ ही टी 20 टीम में भारत चैंपियन है.भारत को एक दिवसीय वर्ग की अधिकृत 20 टीम में पहली वरीयता प्राप्त है। विश्व में टीम-20 की मान्यता प्राप्त 95 टीम है। जिसमें भारत की वरीयता प्रथम है। वह विश्व चैंपियन है। महिला वर्ग में दुनियां के 16 एक दिवसीय क्रिकेट टीम में भारत की वरीयता तीन है जबकि वह विश्व चैंपियन है। उपरोक्तानुसार अध्ययन करने पर स्पष्ट हो जाता है कि आज क्रिकेट में बादशाहत हासिल करना आसान नहीं है। यही कारण है कि बीसीसीआई अपने खिलाड़ियों के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान देती है। भले ही यह अविश्वसनीय लगे परंतु सच तो यह है कि राष्ट्रीय क्रिकेट टीम में 15 सदस्य होते हैं लेकिन कोच और सहयोगी सदस्य याने खेल चिकित्सक,फिजियोथेरेपिस्ट, आहार विशेष, मनोचिकित्सक, मेंटर आदि मिलाकर 16-17 सदस्य होते हैं। वे ऐसे सदस्य होते हैं जो अपने क्षेत्र में विशेषज्ञ ,प्रसिद्ध,वरिष्ठ होते हैं। इसके अलावा खिलाड़ियों की यात्रा, आवास,भोजन की व्यवस्था एकदम उचित व पर्याप्त होती है। साथ ही साथ खिलाड़ियों को उनके परिश्रम की बदौलत बड़ी राशि दी जाती है। भारत के अंडर-19 आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने विश्वकप जीतकर न सिर्फ अपने भारत देश को गौरवान्वित किया है बल्कि यह साबित कर दिया है कि बीसीसीआई द्वारा दी जा रही सुविधा संपूर्ण और सर्वश्रेष्ठ है।

## रूस से तेल खरीद में बड़ी कटौती करेगा भारत?

**नई दिल्ली,8 फरवरी।** अमेरिका के साथ टैरिफ में कटौती के बदले हुए समझौते के तहत भारत द्वारा रूस से कच्चे तेल की खरीद धीरे-धीरे कम करने की संभावना है। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हालांकि, नायरा एनर्जी जैसी तेल शोधनशालाओं (रिफाइनरी) के पास सीमित विकल्प होने के कारण ये आयात फिलहाल पूरी तरह बंद नहीं होंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को भारत से होने वाले सभी आयातों पर 25 प्रतिशत के दंडात्मक शुल्क को रद्द करने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने कहा कि यह कदम नयी दिल्ली की उस प्रतिबद्धता के बाद उठाया गया है, जिसमें रूस से तेल आयात रोकने की बात कही गई है। मामले की जानकारी रखने वाले तीन सूत्रों ने बताया कि हालांकि तेल शोधनशालाओं को रूस से खरीद रोकने का कोई औपचारिक निर्देश नहीं मिला है, लेकिन उन्हें अनौपचारिक रूप से मॉस्को से खरीद कम करने की सलाह दी गई है। सूत्रों के मुताबिक, अधिकांश तेल शोधनशालाएं इस घोषणा से पहले की गई खरीद प्रतिबद्धताओं (आमतौर पर 6-8 सप्ताह पहले दिए गए ऑर्डर) का सम्मान करेंगी, लेकिन उसके बाद नए ऑर्डर नहीं दिए जाएंगे।

**ट्रेड डील के बाद कंपनियों ने कम किया आयात**

**इन कंपनियों ने बंद किया रूस से तेल आयात**-हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल), मंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) और एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी लिमिटेड (एचएमईएल) ने पिछले साल अमेरिका द्वारा रूस के प्रमुख निर्यातकों पर प्रतिबंध लगाए जाने के तुरंत बाद वहां से तेल खरीदना बंद कर दिया था।

# ग्राम तितरी में जल अर्पण दिवस पर जल संरक्षण का दिया संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,8 फरवरी।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा विकासखंड बोड़ला के ग्राम तितरी में जल जीवन मिशन के तहत जल अर्पण दिवस का आयोजन किया गया। जल जीवन मिशन के तहत पूर्ण एवं हस्तांतरित हो चुकी जल आपूर्ति प्रणाली को औपचारिक रूप से ग्राम पंचायत को सौपनें, नलजल योजना के संचालन संधारण में ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणो के सक्रिय भूमिका को सुनिश्चित करने, हर घर जल योजना के तहत गांव की उपलब्धि का जश्न मनाने एवं स्थानीय स्तर पर लोगो के नेतृत्व वाली जल प्रशासन को प्रोत्साहित कर जन भागीदारी सुनिश्चित करने के उददेश्य से जल अर्पण दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सरपंच, ग्रामवासी, स्कूली बच्चे एवं पी.एच.ई. विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे। सर्वप्रथम जनप्रतिनिधियो एवं ग्रामवासियो के द्वारा ग्राम में जल जीवन मिशन के नलजल योजना अंतर्गत निर्मित परिसंपत्तियों पानी टंकी, बोर पंप, स्वीच रूम का पूजा अर्चना कर जलबंधन(पवित्र धागा) किया गया। तत्पश्चात् पारम्परिक गाने बाजे के साथ समस्त जनप्रतिनिधियो, ग्रामवासियों, स्कूली बच्चों तथा शिक्षकगण एवं अधिकारियो के द्वारा जल संरक्षण एवं जल अर्पण दिवस के उददेश्यों के संदेशों के साथ जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली के दौरान ग्रामीणो के द्वारा जल संरक्षण को बढ़ावा देने प्रत्येक घरेलू नल कनेक्शनो से एक एक बाल्टी पानी दान किया गया एवं इस पानी को पौधारोपण में उपयोग किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चो द्वारा स्वागत गीत, जल संरक्षण एवं जनभागीदारी का संदेश देते लोकगीत पर डांस व नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के दौरान ग्राम के पेयजल स्त्रोतो के गुणवत्ता जांच हेतु एफ.टी.के. कीट के द्वारा जल गुणवत्ता जांच का प्रदर्शन किया गया एवं ग्राम पंचायत को एफ.टी.के. कीट वितरित किया गया। पी.एच.ई. विभाग के अधिकारियो द्वारा ग्राम पंचायत के माध्यम से योजना के संचालन संधारण हेतु छ.ग. ग्रामीण पेयजल संचालन संधारण नियम 2024 के संबंध में जानकारी दी गई व ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणो को नलजल के सफल क्रियान्वयन हेतु जल जीवन मिशन अंतर्गत जल सेवा आंकलन किये जाने के संबंध जानकारी दी गई तथा पेयजल सेवाओं की निरंतर उपलब्धता, गुणवत्ता, पर्याप्त मात्रा तथा प्रभावी संचालन संधारण पर विशेष ध्यान देने प्रोत्साहित किया गया। जल अर्पण दिवस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणो एवं अधिकारियो के द्वारा जल संरक्षण एवं हर घर जल योजना के क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाने शपथ भी लिया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत तितरी को औपचारिक रूप से अधिकारिक हस्तातंरण दस्तावेजो को सौंपा गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियो द्वारा ग्रामीणो को नलजल योजना के स्वामित्व लेने, योजना के वित्तीय प्रबंधन हेतु जलशुल्क राशि जमा करने व घरेलू नल कनेक्शनो के पास स्वच्छता रखने हेतु जागरूक एवं प्रोत्साहित किया गया। ग्राम पंचायत तितरी को नलजल योजना के सफल संचालन संधारण एवं ग्राम सचिव श्री उपदेश मेरावी एवं पंप आपरेटर श्री धनसिंह मेरावी को योजना के क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण बचाव एवं हरियाली को बढ़ावा देने पौधारोपण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। जल अर्पण दिवस कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री राजकुमार मेरावी जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति जिला पंचायत कबीरधाम, श्री कपूरचंद ठाकरे, श्रीमति बिरोबाई मेरावी सरपंच ग्राम पंचायत तितरी, श्रीमति पुष्पा बाई धुर्वे उपसरपंच ग्राम पंचायत तितरी, चतुर सिंह धुर्वे किसान युवा मोर्चा अध्यक्ष, श्री गोपाल प्रसाद ठाकुर एस.डी.ओ. पी.एच.ई. बोड़ला, श्री टोमन लाल कुंजाम उप अभियंता पी.एच.ई. बोड़ला, सरपंच प्रतिनिधि श्री अन्तराम मेरावी, पंचायत सचिव श्री उपदेश मेरावी, स्वच्छ सुन्दर मोर गांव समिति तितरी के युवा साथी एवं समस्त ग्रामवासी शामिल हुए।



## हर प्रसाद का रामायण समिति ने किया सम्मान

**उतई, 8 फरवरी (तछसं.)।** ग्राम छाटा गोडपेंडरी एवं ढौर में मानस गान प्रतियोगिता चल रही है जगह-जगह राम भक्ति में रहकर लोग अपनी श्रद्धा ईश्वर के प्रति व्यक्त कर रहे हैं ग्राम छाटा में भाजपा की वरिष्ठ नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता हर प्रसाद आडिल का रामायण समिति ग्राम छाटा द्वारा सम्मान किया गया इस अवसर पर रामायण समिति के पदाधिकारी गण लीलाधर साहू संतोष मानिकपुरी संतोष सिंह मिलाप आडिल डॉक्टर विशाल वर्मा इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थिति थी ।



## खेल के लिए बच्चों को टी शर्ट वितरण

**उतई, 8 फरवरी (तछसं.)।** पी एम श्री शा. प्रा. शाला रूआबांधा के खेल वाले बच्चों को अनिल सिंह समाजसेवी साही ट्रेडर्स द्वारा खेल के लिए टी शर्ट वितरण किया गया । बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए खेल के माध्यम से अपनी प्रतिभा के साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना और विद्यालय का नाम रौशन करने की बधाई दिए 7 इस अवसर पर समाजसेवी अनिल सिंह शाला की प्रधान पाठक ज्ञानेश्वरी मिश्रा, पालकगण एवं सभी स्टॉफ उपस्थित थे।

## एक नजर

### होली पर गोंदिया से छपरा के लिए 2 स्पेशल ट्रेन

**भिलाई, 8 फरवरी।** होली पर्व के अवसर पर यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा गोंदिया से छपरा जंक्शन के लिए दो होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इन ट्रेनों का उद्देश्य होली के दौरान बढ़ने वाली यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करना एवं सुगम यात्रा सुनिश्चित करना है। रेलवे द्वारा गाड़ी संख्या 08863/08864 एवं 08865/08866 को गोंदिया-छपरा-गोंदिया के मध्य एक-एक फेरे के लिए चलाया जाएगा। गाड़ी संख्या 08863 दिनांक 01 मार्च 2026 को गोंदिया से रवाना होकर 03 मार्च को छपरा पहुंचेगी, जबकि वापसी में 08864 दिनांक 03 मार्च को छपरा से चलकर 04 मार्च को गोंदिया पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08865 दिनांक 02 मार्च 2026 को गोंदिया से रवाना होकर 04 मार्च को छपरा पहुंचेगी तथा 08866 दिनांक 04 मार्च को छपरा से चलकर 05 मार्च को गोंदिया पहुंचेगी। ये ट्रेनें गोंदिया, डोंगरगढ़, राजनंदगांव, दुर्ग, रायपुर, उसलापुर, पेंड्रा रोड, अनूपपुर, कटनी, सतना, प्रयागराज छिवकी, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, बलिया सहित प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव लेंगी। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से समय पर टिकट आरक्षण कराने की अपील की है।

### बिना अनुमति डीजे बजाने पर कार्रवाई




**भिलाई, 8 फरवरी।** भिलाई कोलाहल अधिनियम के तहत चेकिंग के दौरान पुलिस ने कार्रवाई किया है सुपेला टीआई विजय यादव ने बताया कि धन्वंतरी अस्पताल के सामने अग्रसेन चौक, नेहरू नगर में चेकिंग चल रही थी। डीजे वाहन सार्वजनिक स्थान पर बिना सक्षम अनुमति के बजा रहा था। पुलिस मौके पर पहुंची और डीजे संचालक द्वारा वैध अनुमति पेश नहीं करने पर कार्रवाई की गई। ग्राम हथबंद डोंगकरिया, तहसील सिमगा, जिला बलौदा बाजार निवासी मालिकराम जैसवाल को पकड़ा गया। उसके पास से डीजे सिस्टम वाहन बरामद किया गया।

### धारदार हथियार सहित युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 8 फरवरी।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र के धारदार हथियार के साथ युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है सुपेला पुलिस ने बताया कि सुपेला पुलिस द्वारा टाउन पेट्रोलिंग एवं अपराध जांच के दौरान मुखबिर की सूचना पर भिलाई नगर रेलवे स्टेशन रोड क्षेत्र में रमण मोहल्ला, सुपेला निवासी अभय गजभिये को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने धारदार लोहे का चापड़ जब्त किया है।

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पचराही बोदा सड़क निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,8 फरवरी।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत एक करोड़ 77 लाख 99 हजार रुपये की लागत से पचराही से बोदा तक 5 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। यह सड़क क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए आवागमन को सुगम बनाने के साथ-साथ विकास की नई राह खोलेगी। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू एवं पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू की गरिमामयी उपस्थिति में विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्य का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे जिला पंचायत सदस्य रूपसिंह धुर्वे, श्री नितेश अग्रवाल, श्री मोहनसिंह धुर्वे, श्री कांशीराम उइके, अमित वर्मा, नंदे पटेल, नरेश चंद्रवंशी, विश्वनाथ मेरावी, हरिचंद मेरावी, रमेश मेरावी, श्रीमति उर्मिला साकत सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# सुपेला थाना क्षेत्र से तीन बच्चियां लापता, तलाश जारी





**भिलाई , 8 फरवरी।** सुपेला थाना क्षेत्र अंतर्गत अर्जुन नगर से तीन नाबालिग बच्चियां 6 फरवरी को दोपहर 4 बजे से अचानक लापता हो गयी हैं। बच्चियों के संबंध में थाना सुपेला में गुमशुदगी का मामला दर्ज कर पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है। लापता बच्चियों के नाम हैं. रानी यादव 11 वर्ष रजनी यादव 7 वर्ष एवं इशिका पांडे 12 वर्षद्ध। इस संबंध में थाना सुपेला में अपराध क्रमांक 221.26 एवं 222.26 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को बच्चियों के संबंध में कोई जानकारी मिले या वे कहीं दिखाई दें तो तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 9479192099 एवं 8878505555 पर सूचना दें। पुलिस द्वारा संभावित स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है और परिजनों से भी लगातार संपर्क किया जा रहा है।



## युवा प्रबंधकों को ग्राहक अभिमुखता का दो-दिवसीय प्रशिक्षण दिया

**भिलाई, 8 फरवरी।** मानव संसाधन-ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग द्वारा युवा प्रबंधकों के लिए ग्राहक अभिमुखता विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न विभागों के 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रमुख प्रशिक्षक सुश्री शबनम शादाब (एमटीआई, रांची) ने ग्राहक मूल्य प्रबंधन और प्रभावी संबंध निर्माण पर प्रकाश डाला। वहीं संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि बदलते बाजार परिदृश्य में सतत विकास के लिए ग्राहक संतुष्टि और उत्तरदायी प्रक्रियाएं अनिवार्य हैं। संचालन तरुण मित्तल एवं आलोक गोयल ने किया। मंच संचालन सुश्री वैभव लक्ष्मी दुबे तथा सौरभ वार्ष्णेय ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

# माता अमृतानंदमयी मठ के चिकित्सा शिविर का लाभ 150 लोगों ने उठाया




**दुर्ग, 8 फरवरी।** माता अमृतानंदमयी (अम्मा) मठ, शाखा रायपुर के द्वारा, शनिवार 7 फरवरी 2026 को आधार पब्लिक स्कूल फेकारी, दुर्ग में प्रातः 11 बजे से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया । इसमे अंचल के वरिष्ठ चिकित्सकों, फिजीशियन डॉ. मोहन लाल अग्रवाल, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. गोवर्थनन मारन एवं फिजिकल हेल्थ कंसल्टेंट डॉ. हर्षिता शुक्ला ने अपनी सेवाएं दी । इस शिविर में आए लाभार्थियों का चेक-अप कर रोकथाम के उपाय, उपचार विधि और स्वास्थ्य लाभ के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा उचित मार्ग दर्शन और सुझाव दिया गया । प्राकृतिक और स्वस्थ जीवन शैली के बारे में लाभप्रद जानकारी भी दी गई ।

शिविर में फेकारी और आसपास के क्षेत्रों से लगभग 150 नागरिकों की उपस्थिति रही । वरिष्ठ नागरिक, महिलाएं, बच्चे एवं जरूरतमंद लोग विशेष रूप से लाभान्वित हुए । शिविर में आये लोगों ने मठ की निःस्वार्थ सेवा भावना की सराहना की और भविष्य में भी इस प्रकार का आयोजन करने का अनुरोध किया । माता अमृतानंदमयी मठ, रायपुर इकाई की प्रतिनिधि डॉ. रेशमा श्रीवास्तव ने बताया कि माता अमृतानंदमयी मठ द्वारा समाज सेवा की यह पहल स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और लोगों को निःशुल्क चिकित्सा उपलब्ध करवाने के लिए की गई थी । शिविर की आयोजक एवं आधार पब्लिक स्कूल की प्राचार्या श्रीमती विनीता साहू ने क्षेत्र के लोगों को शिविर सफल बनाने हेतु आभार प्रदर्शन करते हुए बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्य किए जाएंगे ।



## रक्त दान को बढ़ावा देने वाली समिति का सम्मान

**भिलाई, 8 फरवरी। साईंनाथ** जन सेवा समिति के 8वें स्थापना दिवस के अवसर पर प्रजा सेवा समिति को समाज के प्रति उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। प्रजा सेवा समिति पिछले 16 वर्षों से रक्तदान एवं सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही है। जिसमें रक्तदान, गरीब बच्चियों का विवाह और बारिश मे गिर गए गरीबों के घर बनाए हैं।

# गुरुकुल पब्लिक स्कूल में दादा-दादी एवं नाना-नानी दिवस हर्षोल्लास से मनाया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,8 फरवरी।** जनपद में शिक्षा एवं संस्कार को ध्येय मंत्र के रूप में अंगीकार करने वाली शिक्षण संस्था गुरुकुल पब्लिक स्कूल, कवर्धा हमेशा अपने सामाजिक सरोकारों एवं भारतीय संस्कृति को ध्यान में रखते हुए विविध कार्यक्रमों का आयोजन करता है, जिससे विद्यालय के नन्हें मुन्ने ननिहाल उनसे प्रेरित हो सकें। इसी कड़ी में विद्यालय के प्री प्राइमरी भवन में दादा दादी एवं नाना-नानी दिवस का गरिमामय आयोजन किया गया। जिसमें नर्सरी, केजी वन व केजी टू के नन्हे-मुन्ने बच्चों के दादा-दादी व नाना नानी सम्मिलित हुए। शाल के प्राचार्य मनोज कुमार राय के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम के सम्माननीय अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति के वरिष्ठ पदाधिकारीगण थे। सर्वप्रथम शाला प्रबंधन समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी गण एवं वरिष्ठ पालकों के द्वारा माँ सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन- वंदन किया गया। प्राचार्य ने सभी का आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने इस आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दादा दादी और नाना नानी से नन्हे-मुन्ने बच्चे गहराई से जुड़े होते हैं। तत्पश्चात नर्सरी से केजी टू के नन्हें मुन्ने बच्चों के द्वारा विविध मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मीडिया प्रभारी पीजीटी हिंदी डॉक्टर विजय कुमार शाही ने बतलाया कि इस कार्यक्रम में केजी टू के बच्चों द्वारा नानी तेरी मोरनी को मोर ले गया गीत पर शानदार प्रस्तुति दी गई जिसे सभी ने मुक्त कंठ से सराहा। इस अवसर पर ग्रैंडपेरेंट्स के लिए विविध मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया। जिसका सभी वरिष्ठ पालकों ने आनंद लिया। इस अवसर पर निदेशक महावीर जैन ने नन्हें मुन्ने बच्चों को प्रेरणा देने में ग्रेडपेरेंट्स की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग पालक ही बच्चों के सच्चे मार्गदर्शक होते हैं।

इस अवसर पर कुछ वरिष्ठ पालकों ने भी अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि गुरुकुल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रयत्नशील है। गुरुकुल परिवार ने जिस तरह से वरिष्ठ पालकों के साथ संवाद किया वह अपने आप में सुखद अनुभव है। मंच संचालन केजी टू के विद्यार्थियों द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन अकादमिक इंचार्ज नम्रता तिवारी ने किया।

## वार्षिक खेल महोत्सव जोश 2026 का शुभारंभ

**भिलाई, 8 फरवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन- ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग द्वारा आयोजित वार्षिक खेल महोत्सव जोश 2026 का शुभारंभ किया गया। यह आयोजन महाप्रबंधक प्रभारी संजीव श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। खेल महोत्सव का शुभारंभ क्रिकेट मैच के साथ हुआ, जो एचआर-एल एंड डी स्टाफ एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रशिक्षुओं के मध्य खेला गया। इस मुकाबले के दौरान प्रतिभागियों ने टीम भावना, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा एवं आपसी समन्वय का प्रदर्शन किया। जोश 2026 के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें बैडमिंटन, शतरंज, कैरम एवं टेबल टेनिस प्रमुख हैं। इसके अतिरिक्त एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं 13 एवं 14 फरवरी को आयोजित की जाएंगी।



## नाबालिग से गैंगरेप मामले का फरार आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई, 8 फरवरी।** नाबालिग से गैंगरेप मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी राजू कश्यप उर्फकृपा शंकर को दुर्ग पुलिस ने उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से गिरफ्तार कर भिलाई लायाए जहां उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। पुलिस प्रवक्ता मणिशंकर चन्द्रा ने बताया कि आरोपी राजू कश्यप मूल रूप से गोरखपुर जिले का निवासी है। वह पीडब्ल्यूडी में टाइम कीपर के पद पर कार्यरत था और नौकरी लगने के बाद परिवार सहित दुर्ग में रह रहा था। घटना के बाद मामला दर्ज होते ही वह फरार हो गया था। पुलिस से बचने के लिए आरोपी गोरखपुर में अपने रिश्तेदारों के यहां छिपकर रह रहा था। पुलिस को लगातार इनपुट मिल रहे थे कि आरोपी राज्य से बाहर भाग चुका हैए जिसके बाद दुर्ग पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए अलग.अलग टीमें गठित कीं। पुलिस टीमों ने सीडीआर कॉल डिटेल रिकॉर्डद्धए टॉवर लोकेशन और तकनीकी सर्विलांस के माध्यम से आरोपी की लगातार ट्रैकिंग की। मोबाइल लोकेशन उत्तर प्रदेश में मिलने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से मामले में बड़ी सफलता मिली है।

# विधायक भावना बोहरा के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करने पर ग्रामीणों में हर्ष



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,8 फरवरी।** पंडरिया विधानसभा में ग्राम रैतापारा एवं कुम्ही में विधायक भावना बोहरा ने 8 करोड़ 44 लाख 37 हजार की लागत से सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन एवं आंगनबाड़ी भवन व सामुदायिक भवन का लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को बधाई दी सड़क निर्माण से ग्राम पुतकी कला, पलानसरी, रैतापारा एवं कुम्ही, धोबघट्टी और रेहुंटा सहित आस-पास के सैकड़ों ग्रामवासियों को पक्की व बारहमासी सड़क सुविधा का लाभ मिलेगा। विधायक भावना बोहरा ने ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क विस्तार हेतु इस सौगात के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती नंदिनी साहू जी, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, पांडातराई मंडल अध्यक्ष प्रदीप पूरी गोस्वामी जिला पंचायत सदस्य राजेश्वरी धृतलहरे जी, उत्तरा देवी साहू जिला मंत्री भाजपा कबीरधाम , जनपद सदस्य श्रीमती सुमन चंद्रवंशी, श्रीमती रानी चंद्रवंशी रविशंकर चंद्रवंशी, , भागीरथी साहू जी, सरपंच श्रीमती रूखमणी चंद्रवंशी , श शेषनारायण चंद्रवंशी , श्रीमती अर्चना चंद्रवंशी जी,, विद्यानंद चंद्रवंशी सहित, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# लोक एवं जनजातीय कला पर शोध के लिए अशोक तिवारी को टैगोर फेलोशिप



**भिलाई, 8 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ संस्कृति एवं संग्रहालय विशेषज्ञ अशोक तिवारी को भारत सरकार की प्रतिष्ठित राष्ट्रीय टैगोर शोधवृत्ति (नेशनल टैगोर फेलोशिप) के लिए चयनित किया गया है। वे छत्तीसगढ़ से इस सम्मान के लिए चुने जाने वाले पहले अध्येता बन गए हैं। अशोक तिवारी को यह फेलोशिप छत्तीसगढ़ की लोक एवं जनजातीय चित्रकला और मूर्तिकला पर गहन शोध के लिए प्रदान की गई है। उनके शोध का विषय है, सेक्रेड एंड डेकोरेटिव- पेंटेड एंड स्कूलपटेड फोक एंड ट्राइबल आर्ट्स ऑफ़ छत्तीसगढ़। इस शोधवृत्ति की अवधि दो वर्ष निर्धारित की गई है। अशोक तिवारी पिछले पांच दशकों से अधिक समय से सांस्कृतिक क्षेत्र में सक्रिय हैं। उन्होंने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल में लगभग तीन दशकों तक सेवाएं देते हुए इस राष्ट्रीय संस्थान के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। छत्तीसगढ़ में पारंपरिक खानपान केंद्र गढ़कलेवा की परिकल्पना और निर्माण में वे प्रमुख क्यूरेटर रहे हैं। साथ ही रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन की पहली मुक्ताकाश प्रदर्शनी आमचो बस्तर का क्यूरेशन भी उन्होंने किया। विगत आठ वर्षों से वे देश-विदेश में रह रहे प्रवासी छत्तीसगढ़िया समाज पर शोध कर रहे हैं, जिस पर उनकी चार पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। वर्तमान में वे सी. वी. रमन विश्वविद्यालय में प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस के रूप में कार्यरत हैं।



**भिलाई, 8 फरवरी।** भिलाई मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए का सामान पार करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है मोहन नगर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बंद मकान में चोरी की घटना को अंजाम देकर नवापारा, शीतला मंदिर के पास दुर्ग निवासी महिला जागेश्वरी मार्कण्डेय को पकड़ा गया महिला से पूछताछ करने पर पति के साथ मिलकर मकान में चोरी करना स्वीकार किया।

### रायपुर में मनोरंजन के महाकेंद्र अम्यूज़ ओ रामा का शुभारंभ

# छत्तीसगढ़ को मिली देश की पहली 'ग्लास ब्रिज' वाटर राइड की सौगात

- मध्य भारत का सबसे बड़ा और आधुनिक वाटर पार्क अब आपके शहर में
- ग्लास ब्रिज, ड्रॉप टावर और स्मार्ट बैंड टेक्नोलॉजी जैसे फीचर्स से लैस है यह वन-स्टॉप डेस्टिनेशन

**रायपुर, 8 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के मनोरंजन परिदृश्य में आज एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया। रायपुरा (इंद्रप्रस्थ) स्थित मध्य भारत के सबसे प्रतीक्षित वॉटर और थीम पार्क अम्यूज़ ओ रामा का भव्य उद्घाटन समारोह आज पूरे हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस मेगा प्रोजेक्ट के शुरू होने से अब राजधानीवासियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के रोमांच के लिए मेट्रो शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा।

वीआईपी अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति : समारोह में बृजमोहन अग्रवाल, सांसद (रायपुर), रायपुर ग्रामीण विधायक मोती लाल साहू, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, रायपुर महापौर मीनल चौबे, आरडीए अध्यक्ष नंद कुमार साहू, आरएसएस के प्रधान प्रचारक राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव और रायपुर राम मंदिर अध्यक्ष बृजलाल गोयल मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने पार्क की आधुनिक सुविधाओं और सुरक्षा मानकों का अवलोकन किया। छत्तीसगढ़ के मनोरंजन परिदृश्य में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। राज्य ही नहीं बल्कि पूरे मध्य भारत के लिए गर्व का विषय बनने वाला अम्यूज़ ओ रामा अब पूरी तरह तैयार है। यह सिर्फएक वाटर पार्क या थीम पार्क नहीं बल्कि मनोरंजन का One-Stop Destination है, जहाँ Non-Stop Fun, रोमांच, तकनीक, सुरक्षा और पारिवारिक आनंद, सब कुछ एक ही परिसर में मिलेगा।

वर्ल्ड-क्लास वाटर पार्कः क्षमता 5, 000 तक

अम्यूज़ ओ रामा का वाटर पार्क 3, 000 से 5, 000 लोगों की दैनिक क्षमता के साथ तैयार किया गया है। यहाँ मौजूद हर राइड और हर ज़ोन को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार विकसित किया गया है। वेव पूल 1, 500 लोगों की एक साथ क्षमता समुद्री लहरों जैसा वास्तविक अनुभव परिवार और युवाओं के लिए खास आकर्षण इंटरनेशनल स्विमिंग पूल का अनुभव प्रोफेशनल डिज़ाइन सुरक्षा मानकों के साथ आरामदायक अनुभव लेज़ी रिवर और किड्स स्लाइड्स बच्चों के लिए अलग-अलग थीम पर आधारित स्लाइड्स सुरक्षित रंगीन और आनंददायक वातावरण।



फैमिली-फ्रेंडली डिज़ाइन किड्स पार्क छोटे बच्चों के लिए विशेष ज़ोन फन, सेफ्टी और लर्निंग का कॉम्बिनेशन।

रोमांच की नई ऊँचाइयाँः पहली बार मध्य भारत में अम्यूज़ ओ रामा को खास बनाता है यहाँ मिलने वाला वह रोमांच जो अब तक सिर्फ बड़े महानगरों या विदेशों में ही देखने को मिलता था। भारत का पहला ग्लास ब्रिज (Water Park के भीतर) कांच से बना रोमांचक पुल नीचे दिखता पानी, ऊपर चलता साहस युवाओं और एडवेंचर लवर्स के लिए सबसे बड़ा आकर्षण मध्य भारत का पहला ड्रॉप टावर ऊँचाई से गिरते रोमांच की अनुभूति एड्रेनालिन रश चाहने वालों के लिए परफेक्ट

भारत की पहली क्रोको कार्नेज वाटर राइड यूनिक थीम रोमांच और कहानी का अनोखा मेल देश में पहली बार यह राइड अम्यूज़ ओ रामा में फ्लाइंग चेयर राइड हवा में झूलता आनंद बच्चों और बड़ों-दोनों के लिए मध्य भारत का पहला वाटर पार्क लिफ्ट अम्यूज़ ओ रामा मध्य भारत का पहला वाटर पार्क है जहाँ- वाटर पार्क लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध है। यह सुविधा विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, बच्चों और विशेष आवश्यकता वाले लोगों को ध्यान में रखकर विकसित की गई है, ताकि हर कोई बिना किसी परेशानी के पार्क का पूरा आनंद ले सके।

फैमिली-फोकस्ड, महिला और बच्चों के लिए सुरक्षित पार्क

अम्यूज़ ओ रामा को Family Important Park के रूप में विकसित किया गया है। यहाँ सुरक्षा, स्वच्छता और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। अलग-अलग ज़ोन, प्रशिक्षित लाइफगार्ड, आधुनिक सुरक्षा सिस्टम, साफसुथरे चेंजिंग रूम, महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष सुविधाएँ।

टेक्नोलॉजी में भी आगेः स्मार्ट एंट्री, स्मार्ट अनुभव अम्यूज़ ओ रामा तकनीक के मामले में भी एक कदम आगे स्पेशल स्मार्ट बैंड सिस्टम इसी बैंड से एंट्री, इसी से शॉपिंग, झंझट-मुक्त अनुभव यह सिस्टम न सिर्फ सुविधा बढ़ाता है, बल्कि सुरक्षा और समय की बचत भी सुनिश्चित करता है। पारिवारिक और सांस्कृतिक मूल्यों को ध्यान में रखते हुए, अम्यूज़ ओ रामा में मिलेगा। 100 प्रतिशत शुद्ध शाकाहारी फूड कार्ट, स्वच्छ, स्वादिष्ट और मजेदार जायके का मिलेगा लुफ्त बच्चों से लेकर बड़ों तक- हर स्वाद का ध्यान, गो-कार्टिंग और मल्टी-एक्टिविटी ज़ोन, वाटर पार्क के साथ-साथ यहाँ मिलेगा- गो-कार्टिंग का जबरदस्त रोमांच मल्टी-एक्टिविटी एंटरटेनमेंट, दिनभर चलने वाला फन अम्यूज़ ओ रामा का उद्घाटन, सिर्फ एक पार्क का उद्घाटन नहीं है, बल्कि छत्तीसगढ़ में खुशियों, रोमांच और पारिवारिक मनोरंजन की एक नई शुरुआत है। बृजलाल गोयल जी और सुरेश गोयल जी के मार्गदर्शन, मनोज गोयल जी की दूरदर्शी सोच एवं विकास गोयल जी और आशीष गोयल जी के कुशल नेतृत्व में रायपुर को एक नई पहचान मिल रही है। अब मनोरंजन के लिए न मुंबई जाना पड़ेगा, न दिल्ली, न बाहर के राज्यों में खर्च और समय गंवाना पड़ेगा। क्योंकि Amuse O Rama ला रहा है, छत्तीसगढ़ का सबसे शानदार, आधुनिक और अंतरराष्ट्रीय स्तर का थीम पार्क।

## बीएनबी शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए किया गया भूमिपूजन



- कैबिनेट मंत्री ने की चौपाटी निर्माण के लिए एक करोड़ की घोषणा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 8 फरवरी।** बद्री नारायण बगड़िया शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरा में 15 लाख रुपए की लागत से बनने वाले बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए भूमि पूजन आज मंत्री टंक राम वर्मा के कर कमलों द्वारा किया गया।

उक्त भूमि पूजन के बाद मंत्री टंक राम वर्मा ने एक करोड़ की लागत से तिल्दा नेवरा में चौपाटी निर्माण की घोषणा के बाद कहा कि यह शहर की एक बड़ी प्राथमिकता होगी। नेवरा स्थित गार्डन में चौपाटी का निर्माण किया जाएगा जिसकी लागत 1 करोड रुपए होगी, उन्होंने गार्डन में पुरानी हो चुके सामग्रियों को भी बदलने की बात कही है।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा, भाजपा नेता अनिल अग्रवाल, राम पंजवानी, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, सदस्य सौरभ जैन, समाजसेवी घनश्याम अग्रवाल, विद्यालय के प्राचार्य राजेश चंदानी, बिलाडी सहकारी समिति के अध्यक्ष भागबली साहू, मंडल अध्यक्ष मनोज निषाद सहित बड़ी संख्या में नागरिक गण उपस्थित हुए। साथ ही भूमि पूजन के बाद छात्राओं द्वारा मंत्री टंकराम वर्मा का साल से सम्मान किया वहीं प्राचार्य राजेश चंदानी ने मेमोंटो देकर मंत्री टंक राम वर्मा का सम्मान किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राएं शिक्षक शिक्षिकाएं, गणमान्य नागरिकगण आदि उपस्थित हुए।

## एक नजर

### अध्यात्म विज्ञान सम्मेलन शुरू, 9 को होगा समापन

**रायपुर, 8 फरवरी।** भौतिक उन्नति के साथ ही आध्यात्मिक उन्नति भी जरूरी है। ईश्वर के पास जाने का सीधा सरल माध्यम उसे पहचानना है। यह तभी संभव है जब ध्यान में लीन होकर उसे ढूंढा जाए। मानव जीवन परम सौभाग्य विश्व रूप परमात्मा का प्रतिफल है। सुयोग का लाभ उठाना परम उपलब्धि अर्जित करना मानव जीवन का लक्ष्य है। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता में ओंकारेश्वर मप्र से छग प्रवास में आए परमपूज्य जगत गुरु स्वामी उमाशंकर चैतन्य ने दी। स्वामी चैतन्य केंद्रीय अध्यात्क विज्ञान शाला आश्रम ओंकारेश्वर के जरिए जनजागरूकता अभियान के तहत मानव मात्र में अध्यात्मक के जरिए लक्ष्य प्राप्ति के लिए निकले हुए हैं। स्वामी चैतन्य महाराज ने बताया कि उक्त सम्मेलन का आयोजन कृष्णा नगर गली नंबर छह रामनगर रायपुर में सुबह दस बजे से 12 बजे एवं संध्या तीन से साढ़े पांच बजे के मध्य किया गया है। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। सम्मेलन का समापन नौ फरवरी को होगा। आध्यात्मिक विषयों में कृतयुग का उषा काल कलयुग की भीषण ग्लानि सतयुग का ऊषा काल औतार्यकार्य की अंतर्स्फूति दिव्य पुरुषार्थ गृहस्थ आश्रम औतार्य कार्य का प्रारंभ महर्षि वेदव्यास की भविष्यवाणी अतमरकंटक की अलौकिक तपसचार्य सहित नर्मदा परिक्रमा भारत भ्रमण के जरिए प्रसंग प्राचार्य कार्य विज्ञान शाला और औकारेंश्वर क्षेत्र की महिमा औतार समाप्ति और सर्वाग्य योग स्मारक स्तंभ सहित अन्य विषयों पर सारगर्भित जानकारी से श्रद्धालुओं को परिचित कराया जा रहा है।

### 20 किलो गांजा समेत अंतर्राज्यीय तस्कर दबोचा

**रायपुर, 8 फरवरी।** नशे के सौदागरों के लिए रायपुर की धरती अब सुरक्षित नहीं रही। पुलिस कमिश्नरेट के सख्त तेवर और वेस्ट जोन पुलिस की मुस्तैदी ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना न्यू राजेन्द्र नगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश के एक शातिर अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। लालपुर ओवरब्रिज के नीचे, केनाल रोड स्थित कुष्ठरोग अस्पताल के पास उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब पुलिस ने गांजा की डिलीवरी की फिराक में खड़े तस्करों को घेर लिया। पुलिस को देखते ही दो आरोपी मौके से फरार हो गए, जबकि चालक सीट पर बैठे तस्कर को पुलिस ने दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम हिमांशु केशरवानी, निवासी प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) बताया। तलाशी के दौरान स्विफ्ट कार से अलग-अलग पैकेटों में भरा 20.300 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। पूछताछ में बड़ा खुलासा हुआ कि आरोपी ओडिशा के कालाहांडी से गांजा लाकर रायपुर और उत्तर प्रदेश में उसकी सप्लाई कर रहा था।

### सतभावा पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने किया स्वागत

# 'साय सरकार में किसान परेशान, अपराधी बेलगाम'





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 8 फरवरी।** तिल्दा ब्लॉक के ग्राम पंचायत सतभावा में मंगल भवन लोकार्पण एवं मड़ाई मेला कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विशेष रूप से उपस्थित हुए, अन्य अतिथियों में ठाकुर राम वर्मा राज प्रधान तिल्दा राज, शैलेश नितिन त्रिवेदी पाठ्य पुस्तकनिगम के पूर्व अध्यक्ष, टिकेश्वर मनहरे जनपद पंचायत अध्यक्ष, चंद्रकांत वर्मा केंद्रीय अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के ग्राम इकाई आदि उपस्थित हुए।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यकम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी कांग्रेस सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में सभी समाज को मंगल भवन दिया। उन्होंने कहा कि आज देश में पैसा गिर रहा, सोने का रेट बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में देश को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ेगा।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि राज्य में आज किसान खासे परेशान है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आज वारदात काफी बढ़ गए है, अपराधी बेलगाम है और भाजपा सरकार झूठी वाह वाही में लगी हुई है। उन्होंने कांग्रेस की सरकार को ही सभी वर्गो की सरकार करार दिया। वहीं इसके पूर्व हथबंद में कांग्रेसियों द्वारा उनका जोरदार स्वागत भी किया गया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अजितेश शर्मा, बलदाऊ साहू, ओमप्रकाश ठाकुर, कैलाश गांधी, लाला शर्मा, तोरण जांगड़े, सौरभ सिरमौर, रूपेश वर्मा, योगेंद्र साहू, राहुल तेजवानी, योगेंद्र पटेल, रवि बांधे आदि सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी व नागरिकगण उपस्थित थे।

### तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, महिला समेत दो की मौत

**रायपुर, 8 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के आरंग क्षेत्र में एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला है। अमेठी रोड स्थित बजरंग केमिकल कंपनी के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार तीन लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। इस दर्दनाक हादसे में एक बुजुर्ग महिला और एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम गुल्लू निवासी नन्द कुमार लोधी अपनी मां राजकुमारी लोधी और सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य डोमार सिंह लोधी की मां कुंती बाई लोधी को बाइक पर बैठाकर आरंग में एक शादी समारोह से वापस लौट रहे थे। किसी को अंदाजा नहीं था कि घर वापसी का यह सफर इतना भयावह होगा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, अमेठी रोड मोड के पास सामने से आ रहे ट्रक के चालक ने लापरवाही और अत्यधिक रफ्तार से वाहन चलाते हुए बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार तीनों सड़क पर दूर जा गिरे और उनके सिर व शरीर पर गंभीर चोटें आईं। राहगीरों की मदद से घायलों को तत्काल शासकीय अस्पताल आरंग पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद कुंती बाई लोधी को मृत घोषित कर दिया। वहीं, नन्द कुमार और राजकुमारी लोधी की नाजुक हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए तत्काल रायपुर रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान एक युवक ने भी दम तोड़ दिया। आरंग पुलिस ने फरार ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है और ट्रक को कब्जे में लेकर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बीमार वृद्धा से दुष्कर्म के आरोप में दो लोग गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 8 फरवरी।** प्रार्थिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 6 फरवरी को दोपहर 2 लगभग आरोपियों द्वारा एक बीमार अशक्त वृद्ध महिला के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है। सांथ ही इस दौरान उपस्थित एक आरोपी ऐसा गलत काम करने में संरक्षण देते हुए वहां पर खड़ा था। प्रार्थिया के वहां पर आने पर दोनों आरोपी उसे देखकर तत्काल वहां से भाग गए। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 105/2026 धारा 64(2)(k), 332(b) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने हेतु थाना प्रभारी सिटी कोतवाली को निर्देशित किया गया, उक्त निर्देशों के परिपालन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरण में संलिप्त दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा वृद्ध महिला के साथ दुष्कर्म करना एवं दूसरे आरोपी द्वारा इस गलत काम में संरक्षण देते हुए पहले आरोपी का सहयोग करना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

आरोपियों के नाम श्याम यादव (36) निवासी नयापारा बलौदाबाजार, वर्तमान निवासी डेयरी के पास गैस गोदाम रोड वार्ड नंबर 19 बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली, मोहन पंजवानी (65) निवासी डेयरी के पास वार्ड नंबर 19 गैस गोदाम रोड बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली है।

## नीति आयोग की टीम ने रिसदा में मनरेगा कार्यों का किया फील्ड सर्वे



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 8 फरवरी।** विकास निगरानी एवं मूल्यांकन कार्यालय नीति आयोग की सर्वे टीम ने जनपद पंचायत बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम रिसदा में शुक्रवार को मनरेगा योजना के संबंध में फिल्ड सर्वे संपादित किया गया।

सर्वे के दौरान मनरेगा पंजीकृत श्रमिकों क्रमशः शून्य मानव दिवस, 1-90 मानव दिवस, 91 से अधिक मानव दिवस के हितग्राहियों का सर्वे दल द्वारा नीति आयोग द्वारा पूर्व निर्धारित प्रश्नावली पर साक्षात्कार किया गया।इसी क्रम में सामुदायिक परिसम्पत्ति, वृक्षारोपण एवं सामुदायिक डबरी कार्यों की जानकारी हेतु ग्रामीण मेट से नीति आयोग द्वारा पूर्व निर्धारित प्रश्नावली पर साक्षात्कार किया गया।

योजना के क्रियान्वयन की विभिन्न जानकारी हेतु ग्राम रोजगार सहायक से नीति आयोग द्वारा पूर्व निर्धारित प्रश्नावली पर साक्षात्कार किया गया। सर्वे दल द्वारा मोबाइल एप्प में पूर्व निर्धारित प्रश्नावली को अलग-अलग श्रेणी के पंजीकृत श्रमिकों से जानकारी प्राप्त कर में प्रविष्ट किया गया। इस निरीक्षण भ्रमण में नीति आयोग से नीतू गडेलिया, जुही राजन, ओआर ज़ी से कमलेन्द्र प्रताप सक्सेना एवं जिले से मनरेगा टीम उपस्थित थे।

## कोसीर और सरिया में अवैध रेत परिवहन करते दो ट्रैक्टर जब्त



**रायपुर, 8 फरवरी।** सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। खनिज अमले द्वारा विगत दिनों कोसीर एवं सरिया तहसील क्षेत्रों में अवैध रेत परिवहन में संलिप्त वाहनों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई है। सारंगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम मल्दा, दहिदा एवं जसपुर क्षेत्र में गौण खनिज रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त 02 ट्रैक्टरों को जब्त कर उन्हें थाना कोसीर के सुपुर्द किया गया, जबकि सरिया तहसील के पिहरा क्षेत्र में रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त 03 ट्रैक्टरों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें थाना सरिया के सुपुर्द किया गया है। जिला प्रशासन का कहना है कि जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर नियंत्रण हेतु यह जांच-पड़ताल और कार्रवाई का अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### एफएलएन मेला टोहड़ा में धूमधाम से सम्पन्न, मुख्य आकर्षण बनीं पार्षद रानी सौरभ जैन

# महिलाओं ने खेलकूद में दिखाया उत्साह, बच्चों के व्यंजनों का लिया स्वाद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 8 फरवरी।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजना के तहत महिलाओं के सशक्तिकरण और बच्चों में आनंदक्षशिक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तिल्दा ब्लॉक के टोहड़ा में प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय द्वारा एफएलएन मेला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गांव की महिलाओं, बच्चों एवं पालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर इसे यादगार बना दिया। मुख्य आकर्षण पार्षद रानी सौरभ जैन की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पार्षद रानी सौरभ जैन रहीं, जिन्होंने अपनी उपस्थिति से पूरे आयोजन में ऊर्जा भर दी। उनका ग्रामीण महिलाओं के प्रति प्रोत्साहन, बच्चों द्वारा तैयार किए गए पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद चखकर उनकी मेहनत की सराहना करना तथा विद्यालय परिवार को उत्साहित करना- पूरे कार्यक्रम की सबसे खास झलक रहा। पार्षद रानी सौरभ जैन ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं बल्कि महिलाओं के सशक्तिकरण का भी मजबूत माध्यम बनते हैं। विद्यालय परिवार की एकजुटता और ग्रामवासियों का उत्साह वाकई सराहनीय है। उनके इस प्रेरक संबोधन को उपस्थित महिलाओं और ग्रामवासियों से खूब तालियाँ मिलीं।



**महिलाओं के लिए रोचक प्रतियोगिताएँ:** महिलाओं के लिए कई मज़ेदार और पारंपरिक खेल-कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें शामिल थीं। एस्ट्रो एंड बाल, चम्मच-बाटी दौड़, कुर्सी दौड़, सेब खाओ प्रतियोगिता, बैलून फैलाओ, जोड़ी बैलून दौड़ गांव की महिलाओं ने अत्यंत उत्साह के साथ भाग लेकर आयोजन को जीवंत कर दिया।

**बच्चों का आनंद मेला-पारंपरिक व्यंजनों की महक :** बच्चों ने अपने घरों पर बनाए गए छत्तीसगढ़ी और अन्य स्वादिष्ट व्यंजनों की विविधता से आनंद मेले को खास बना दिया। मोमोज, मिर्च भजिया, गुलाब जामुन, रसगुल्ला, गुपचुप, गाजर हलवा, दूध फरा, नमकीन, खीर-पूरी, जलेबी, कचौड़ी, भेल, दही बड़ा, चिलाक्ष्फरा समेत दर्जनों पकवानों ने सभी का दिल जीत लिया। पालकों, अतिथियों और ग्रामवासियों ने इन व्यंजनों का भरपूर आनंद उठाया।

**अतिथि एवं आयोजकगण-** अध्यक्षताः रूपेंद्र कुमार वर्मा (सरपंच, ग्राम पंचायत टोहड़ा) विशेष अतिथिः नरसिंग वर्मा, जितेंद्र कुमार गजेंद्र, अनिल कुमार वर्मा, जितेंद्र (कांट्रेक्टर), राजू लाल प्रजापति, नितेश अग्रवाल, तुकाराम वर्मा आदि। निर्णायक मंडलः जे.एस. नायक, दिनेश आडिल, हीरालाल सिन्हा, विक्रांत पैकरा, नौतन साहू विद्यालय स्टाफ मनहरण लाल वर्मा (प्रधानपाठक), रविन्द्र टोप्पो, बीधन मंडल, गिरिजा देवांगन, कमला वर्मा, कमल साहू, ऋतु देवांगन, पुष्पा साहू, मधु वर्मा।

**मंच संचालनः** डोमार वर्मा, अजीत वर्मा व समापन एफएलएन मेले ने न केवल बच्चों की प्रतिभा और महिलाओं के उत्साह को एक मंच दिया बल्कि सामुदायिक सहभागिता का भी सुन्दर उदाहरण प्रस्तुत किया। आयोजन की सफलता में पार्षद रानी सौरभ जैन की प्रेरक भूमिका सबसे उल्लेखनीय रही।

## जशपुर के 12 युवाओं का अर्धसैनिक बलों में चयन




**रायपुर, 8 फरवरी।** छत्तीसगढ़ शासन की पहल एवं जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में संचालित नव संकल्प शिक्षण संस्थान, जशपुर ने युवाओं को रोजगारोन्मुखी बनाने की दिशा में एक और उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित की है। इस संस्थान के 12 छात्र-छात्राओं का चयन वर्ष 2025 में कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित कांस्टेबल जनरल ड्यूटी (एसएससी जीडी) परीक्षा के माध्यम से विभिन्न अर्धसैनिक बलों में हुआ है। ज्ञातव्य है कि एसएससी जीडी की लिखित परीक्षा फरवरी-मार्च 2025 में आयोजित की गई थी, जिसमें नव संकल्प शिक्षण संस्थान के 36 विद्यार्थी सफल हुए। इसके पश्चात शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं मेडिकल परीक्षण नवंबर-दिसंबर 2025 में सम्पन्न हुए। सभी चरणों में सफल होने के उपरांत हाल ही में घोषित अंतिम परिणाम में संस्थान के कुल 12 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। चयनित विद्यार्थियों में 5 का चयन केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), 3 का केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), 2 का सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), 1 का भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) तथा 1 का सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) में हुआ है। सीआईएसएफमें बालेश्वर नाग, नोवेल टोप्पो, सोंकेश्वर प्रधान, नेहरू लाल एवं अरुण कुमार पैकरा, बीएसएफ में ब्रिन्देश्वर एवं सृष्टि तिर्की, सीआरपीएफ में रोहित केरकेट्टा, अरविंद केरकेट्टा एवं सुरेन्द्र राम, एसएसबी में देव प्रसाद नाग तथा आईटीबीपी में चन्दन कालो का चयन हुआ है।

## मोदी की लोकप्रियता कम कहां होती है

राजनीति में होशियार नेता वह होता है जो जनहित व देशहित के काम करके यश प्राप्त करता है, लोकिप्रिय होता है। काम करने के कारण ही उसकी लोकप्रियता बढ़ती जाती है।उनकी लोकप्रियता उनकी आलोचना करके तो कम नहीं की जा सकती क्योंकि वह लोकप्रिय इसलिए हैं कि जनता को उनका काम देश में दिखता है, काम का लाभ जनता को मिलता है। लोगों को दिखता है कि देश सुरक्षित है और वह निरंतर विकास कर रहा है।उससे ज्यादा लोकप्रिय होने का एक रास्ता तो यह है आप उससे अच्छा काम करके दिखाओ। यह रास्ता कठिन होता इसलिए ज्यादातर नेता खुद को खबरों मे बनाए रखने के लिए लोकप्रिय नेता की रोज आलोचना किसी न किसी बात के लिए करते रहते हैं।इससे वह लोकप्रिय नहीं होते हैं, इससे तो जनता को यही पता चलता है कि यह काम करने वाले नेता नहीं है, यह सिर्फ बात करने वाले नेता हैं। सब जानते हैं कि मोदी पिछले ११ साल से पीएम हैं और उनकी लोकप्रियता कम करने के आए दिन प्रयास राहुल गांधी सहित विपक्ष के नेता करते हैं लेकिन यह हकीकत है और सब जानते हैं कि पीएम मोदी की लोकप्रियता ११ सालों में कम नहीं हुई है और इसका प्रमाण है लगातार तीन बार लोकसभा का चुनाव जीतना और कई राज्यों के विधानसभा चुनाव विपक्ष दलों को हराना, कई राज्यों मे अपनी सरकार होने पर दूसरी व तीसरी बार चुनाव जीतना। जनता मानती है कि पीएम मोदी ने देश व जनता के लिए ऐसे काम किए हैं जो दूसरे दल ने सत्ता में रहने पर भी नहीं किए। देश की सुरक्षा का मजबूत करना और देश पर हमला करने वालों को मुंहतोड़ जवाब देना। वह देश के लोगों की नजर मे मजबूत नेता है क्योकि देश की सुरक्षा के लिए उन्होंने जो कुछ किया है, दूसरे विपक्षी दलों के नेता सत्ता मे रहने पर सोच भी नहीं सके हैं। खुद देश की रक्षा के लिए कुछ कर नहीं पाए हैं पीएम मोदी ने पाकिस्तान को तीन तीन बार आतंकवादी हमला करने पर सबक सिखाया है तो वह सरकार से सबूत मांगते रहे हैं। पाकिस्तान के अलावा चीन को भी भारत ने जब भी मौका मिला है, बता दिया है कि यह कांग्रेस के समय वाला भारत नहीं है जो भारत की हजारों वर्ग किमी जमीन पर कब्जा कर लेने पर कुछ नही कर सका जबकि कांग्रेस की सरकार पचास साल से ज्यादा समय तक सत्ता में रही।चीन भारत के खिलाफ युध्द की तैयारी कर रहा था और तब के पीएम जवाहर लाल नेहरू देश की रक्षा के लिए कुछ नही कर सके।वह अमरीका का पत्र लिखते हैं युध्द में मदद करने के लिए और अमरीका कोई मदद नहीं करता है,पं. नेहरू गुट निरपेक्ष आंदोलन के बड़े नेता और एक भी देश चीन के साथ युध्द के समय भारत के साथ खड़ा नहीं हुआ। यह कांग्रेस सरकार व तब के पीएम नेहरू की यह बड़ी असफलता है और इस पर कई किताबं लिखी गईं है कि चीन के साथ युध्द के दौरान पं. नेहरू ने क्या क्या गलती की और उसका भारत का क्या क्या नुकसान हुआ। राहुल गांधी आज देश को एक सेना अधिकारी की अप्रकाशित पुस्तक की चार लाइन पढ़कर देश को बताना चाहते हैं कि चीन की सेना जब सीमा पर आगे बढ़ रही थी तो पीएम मोदी ने सेना के अधिकारी से कहा कि तुम जो उचित समझो वह करो।सेना अधिकारी यह भी समझ सकता था कि पीएम मोदी उनको खुली छूट दे दी है लेकिन उसने यह समझा कि पीएम मोदी ने सेना को अकेला छोड़ दिया। इसका राहुल गांधी यह मतलब निकाल रहे है कि पीएम मोदी ने सेना को कोई आदेश नहीं किया।उन्होंने सेना पर ही फैसला छोड़ दिया। जब चीन व भारत की सेना सीमा पर आमने सामने थी तो पीएम मोदी के मजबूत फैसले के कारण महीनों तक चीनी सेना एक कदम आगे नहीं बढ़ सकी थी, गलवान मे चीनी सैनिकों के घुसने का प्रयास करने पर भारतीय सैनिकों से चालीस से ज्यादा चीनी सैनिकों को मारकर जो सबक सिखाया था वह देश को याद है, तब पीएम मोदी से सेना को खुली छूट दी थी और सेना ने फील्ड पर जो ठीक समझा किया था। पहलगाम में आतंकवादी हमला होने पर जब २० से ज्यादा भारतीय मारे गए थे तो तब भी पीएम मोदी ने सेना को खुली छूट दी थी इसका मतलब यह तो नहीं था कि सेना तत्काल पाकिस्तान पर हमला कर दे। राहुल गांधी जैसे लोग तो इस बात की आलोचना कर रहे थे कि सेना हमला करने में देरी क्यों कर रही है। पीएम मोदी ने सेना को आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट करने का आदेश दिया था,तैयारी में समय लगता था,सेना ने तैयारी की और सबको पता है कि आपरेशन सिंदूर सफल रहा था। पाकिस्तान ने सैन्य कार्रवाई बंद करने की फरियाद की तब भारत ने सैन्य कार्रवाई रोक दी थी साथ यह भी कहा था कि आपरेशन सिंदूर जारी है यदि पाकिस्तान ने फिर आतंकवादी हमला किया तो भारत फिर से सैन्य कार्रवाई करेगा। राहुल गांधी मजबूत पीएम मोदी को डरपोक पीएम साबित करना चाहते है तो कांग्रेस के कमजोर पीएम का इतिहास बताना पड़ता है कि कमजोर पीएम तो कांग्रेस के हुए हैं, पीएम मोदी तो कहते हैं कि घर में घुसकर मारेंगे और मारकर दिखाते भी हैं।

**बदलाव**

# सस्ती तकनीक और हर नागरिक तक पहुंच: AI में आत्मनिर्भर भारत की तैयारी

**श्री सुशील पाल**



कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई आज की सबसे ताकतवर और तेजी से बदलने वाली तकनीक में से एक बनती जा रही है। इसमें यह क्षमता है कि यह देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे, उत्पादन बढ़ाए और विकास की रफ्तार तेज करे। सरकारी सेवाओं को ज्यादा प्रभावी और पारदर्शी बनाने में भी एआई अहम भूमिका निभा सकती है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में बीमारी की शुरुआती पहचान, खेती में सही समय पर सही फैसले लेने, आपदा से पहले चेतावनी देने, मौसम और जलवायु का बेहतर अनुमान लगाने और सरकारी योजनाओं का लाभ आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाने में एआई पहले से ही मदद कर रही है। आने वाले समय में शिक्षा, परिवहन और उद्योग जैसे क्षेत्रों में भी एआई का इस्तेमाल तेजी से बढ़ने की संभावना है।लेकिन जैसे पहले की तकनीकी क्रांतियों में हुआ, वैसे ही एआई के साथ भी असमानता की तस्वीर सामने आती है। जिनके पास कंप्यूटर की ताकत यानी कंप्यूट, अच्छा डेटा और मजबूत डिजिटल ढांचा है, वही बड़े स्तर पर एआई का लाभ उठा पा रहे हैं। जिनके पास ये सुविधाएं नहीं हैं, वे पीछे रह जाते हैं। यह फर्क आज केवल कंपनियों के बीच ही नहीं, बल्कि देशों और इलाकों के बीच भी साफ दिखाई देता है। भारत ने इस चुनौती को एक अवसर के रूप में लिया है। इंडिया एआई मिशन के जरिए भारत यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है कि एआई की ताकत कुछ गिने-चुने लोगों तक सीमित न रहे। कंप्यूट, डेटा और एआई मॉडल को डिजिटल सार्वजनिक सुविधा के रूप में देखा जा रहा है, ताकि स्टार्टअप, शोधकर्ता, छात्र और छोटे संस्थान भी एआई पर काम कर सकें। भारत की सोच साफ है- ऐसा डिजिटल ढांचा बनाया जाए जो खुला हो, आसानी से बढ़ सके और समाज के हर वर्ग के काम आए। इससे एआई का लाभ आम लोगों तक पहुंचे, देश में ही नवाचार को बढ़ावा मिले और तकनीक के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर बन सके।

इस सोच के पीछे एक ठोस योजना है। दावोस में हुए विश्व आर्थिक मंच में केंद्रीय मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि भारत एआई को पांच स्तरों पर विकसित कर रहा है- बिजली और ऊर्जा, कंप्यूट और इंफ्रास्ट्रक्चर, चिप और हार्डवेयर, एआई मॉडल और एप्लिकेशन। इन सभी पर एक साथ काम होने से ही एआई का सही और व्यापक उपयोग संभव हो पाएगा।

भारत का तरीका इसलिए अलग है क्योंकि यहां एआई तक पहुंच आसान बनाई गई है। भारत ने एक साझा कंप्यूट प्लेटफॉर्म तैयार किया है, जहां 38,000 जीपीयू एक ही पोर्टल पर मिलते हैं। इनका खर्च करीब 65 रुपये प्रति घंटा है, जबकि दूसरे देशों में इसके लिए 2.5 से 3 डॉलर प्रति घंटा तक देने पड़ते हैं। इंडिया एआई मिशन के तहत सरकार एआई मॉडल बनाने के लिए पूरी लागत (100%) तक मदद दे रही है और एआई के इस्तेमाल पर भी 40 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जा रही है। इससे पैसे की कमी एआई पर काम करने में रुकावट नहीं बनती। इसी वजह से सरवम एआई, सोकेट एआई और ज्ञानि एआई जैसे भारतीय स्टार्टअप अब बिना बड़ी पूंजी लगाए अपने खुद के एआई और भाषा मॉडल बना पा रहे हैं, जो पहले सिर्फ बड़ी विदेशी कंपनियां ही कर पाती थीं।भारत का लक्ष्य सिर्फ एआई का इस्तेमाल करना नहीं, बल्कि अपना एआई बनाना है। भारत अपना खुद का एआई मॉडल तैयार कर रहा है, जो भारतीय भाषाओं, भारतीय संस्कृति और भारतीय परिस्थितियों को ध्यान में रखकर बनाया जाएगा। इसे इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट (16–20 फरवरी 2026) में पेश किए जाने की उम्मीद है। यह मॉडल भारत के ही डेटा पर प्रशिक्षित होगा और देश के भीतर ही काम करेगा।

इससे एआई ज्यादा सटीक, निष्पक्ष और सबको साथ लेकर चलने वाला बनेगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित होगा कि डेटा सुरक्षित रहे और एआई का इस्तेमाल देश के कानूनों और नागरिकों के अधिकारों के अनुसार हो।इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में एआई को लेकर केवल जोखिमों की चर्चा नहीं होगी, बल्कि यह देखा जाएगा कि एआई जमीन पर क्या बदलाव ला रही है। इसमें एआई को सबके लिए उपलब्ध कराने, विकास में इसके उपयोग, पर्यावरण की रक्षा, भरोसेमंद सिस्टम, भारतीय भाषाओं में एआई, ग्लोबल साउथ की भागीदारी और एआई से जुड़ी असमानताओं को कम करने जैसे मुद्दों पर विचार किया जाएगा।

भारत का यह तरीका उन देशों के लिए भी एक उदाहरण है, जो अभी विकास के रास्ते पर हैं। यह दिखाता है कि खुलेपन और नवाचार के साथ-साथ




अपनी तकनीकी स्वतंत्रता कैसे बनाए रखी जा सकती है। भारत अपने एआई मॉडल ओपन-सोर्स के रूप में विकसित कर रहा है, ताकि दूसरे देश भी अपनी जरूरतों के अनुसार इन्हें अपना सकें। मकसद है मिलकर आगे बढ़ना, बिना किसी नई निर्भरता के। आज जब एआई देश की ताकत और अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा बन चुकी है, सवाल यह नहीं रह गया है कि एआई अपनाया जाए या नहीं, बल्कि यह है कि इसे समझदारी, जिम्मेदारी और टिकाऊ तरीके से कैसे अपनाया जाए।

**(लेखक इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं ।)**

## राशिफल

मेष राशिः आज का दिन आपका खुशियों भरा रहेगा। अपने परिवार के साथ कुछ समय बितायें अच्छा लगेगा। सोचे हुए काम खुद के दम पर पूरे कर सकते हैं। कई मामलों पर आपके पास कुछ नए और अच्छे विचार होंगे। अपनी वाणी से आप सभी काम पूरे करवा लेंगे। न्याय संगत बातें करेंगे। पुरानी मेहनत रंग लाएगी। बेरोजगार को आज नौकरी के ऑफर आ सकते है। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अनुकूल है। संगीत से रिलेटेड संस्था में एडमीशन लेने के लिए आज का दिन शुभ है। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरतें। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोड़ा अधिक मेहनत करने की जरूरत है। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा।

वृष राशिः आज का दिन बेहतरीन रहेगा। लवमेट के लिए आज का दिन कुछ खट्टा-मीठा बीतेगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बढ़िया है। कॉलेज में आज आपकी गुड एक्टीविटी की वजह से टीचर्स आपसे खुश रहेंगे। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा। अगर आज लकड़ी का फर्नीचर खरीदने की सोच रहे है तो खरीद लीजिये। आज किस्मत आपके साथ है। किसी बुजुर्ग की राय आपके टूटते रिश्ते को संवार देगी। जोखिम भरा काम शुरू कर सकते हैं इसमें सफल होने पर आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। पैसों के बारे में बहुत समझदारी से फैसले करने होंगे। जीवन में अच्छे बदलाव आएंगे, धन धान्य की प्राप्ति होगी। मंदिर में माथा टेके।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। कई तरह की व्यक्तिगत गतिविधियों मे ही दिन व्यतीत हो जाएगा। आज आपका भाग्य आपके साथ है, कार्य स्थल पर प्रमोशन या प्रशंसा मिलने के आसार हैं, व्यापार में नई संभावनाएं तलाशी जा सकती हैं। जीवन में अच्छे बदलाव आएंगे। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को मंज़िल मिलेगी। ऑफ़िस में आपका कार्य काबिल-ए- तारीफ़ होगी। आज रुका हुआ पैसा या खोई वस्तु आपको वापस मिल सकती है। पारिवारिक संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी। किसी मेहमान के आने की संभावना है। आर्थिक मामलों में दोस्तों की मदद मिल सकती है। आज व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। नौकरी कर रहे लोगों को आज दिए गए कार्यों को समय पर पूरा कर लेना चाहिए।

कर्क राशिः आज किए गए कामों का फायदा भी मिलेगा। समय आपके फेवर में होने के कारण मन खुश रहेगा, जीवन में भी अच्छे परिवर्तन आएंगे। ज्यादा मेहनत करके थोड़ा धन लाभ भी मिल सकता है। आज बहस बाजी से बचें व्यर्थ में किसी पंगे में पड़ सकते हैं। आज वाहन संभाल कर चलाएं। नौकरी या बिजनेस में फायदे के एक से अधिक मौके मिल सकते हैं। कामकाज की गति तेज होगी। छात्रों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है साथ ही परीक्षा में सफलता कदम चूमेगी अगर आप वीजा प्राप्त करने की कोशिश कर रहें हैं तो आज आपको वीजा मिल जायेगा।

सिंह राशिः आज आपका ध्यान अध्यात्म के प्रति अधिक लगा रहेगा। परिवार संग किसी धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जा सकते है, इससे पारिवारिक क्लेश कम होगा। आज शांत मन से किसी काम को करेंगे तो जल्द ही पूरे हो जाएंगे। पारिवारिक निर्णय लेने से पहले किसी बड़े बुजुर्ग की राय जरूर लें तो आपको फायदा होगा। बिजनेसमैन को नया काम स्टार्ट करने के लिए आज का दिन शुभ है जो आने वाले समय में अधिक फायदा कराएगा। आज आप जरूरतमंद की मदद के लिए हर संभव तरीका अपनाएंगे। जिसका परिणाम आज शाम तक आपको मिल जाएगा।

कन्या राशिः इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अनुकूल है। कम्पटेटिव एग्जाम के रिजल्ट में आज आपको सफलता मिलेगी। काम अधिक होने से आज आपको भाग - दौड़ करनी पड़ सकती है। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। स्वास्थ्य पहले की अपेक्षा ठीक रहेगा। बिल्डर्स के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। किसी नये प्रोजेक्ट से आपको अधिक लाभ हो सकता है। बिजनेस में आज आपको एक नया मोड़ मिलेगा। जिसका फायदा आपको भविष्य में मिलेगा। लवमेट के साथ कहीं बाहर जाने का प्लान बनाएंगे। पूरा दिन इंज्वाय से भरा रहेगा। पक्षियों को दाना खिलाएं। आज सेहत के लिहाज से आप चुस्त-दुरुस्त रहेंगे।

तुला राशिः आज काम के प्रति आपकी एकाग्रता बढ़ी रहेगी। किसी जरूरी काम को प्री-प्लानिंग करके करेंगे तो काम आसानी से पूरा हो जाएगा। परिवार में आज किसी सदस्य से आपकी अनबन हो सकती है। बेहतर होगा कि आज आप गुस्से पर कंट्रोल रखें। इस राशि के आविवाहित लोगों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। विवाह के प्रस्ताव ईमेल द्वारा आपको मिल सकता है। मंनोरंजन पर आज अधिक पैसे खर्च होने वाले हैं। विवाहित आज जीवनसाथी के साथ किसी मूवी को देखने का प्लान बना सकते है। रिश्तों में मजबूती आएगी। मंदिर की साफ - सफाई करें। आज परिवार में हर्षोल्लास का माहौल बना रहेगा। आज आपके दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बना रहने से खुशियां बढ़ेंगी।

वृश्चिक राशिः आज आप प्रभावशाली लोगों का सहयोग आपके उत्साह को दोगना कर देगा। यात्रा आपको थकान और तनाव देगी लेकिन आर्थिक तौर पर फ़ायदेमंद साबित होगी। किसी बहुत उपयोगी व्यक्ति से मुलाकात होगी। आप सकारात्मक सोच रखेंगे, तो आनंद से दिन बिता सकेंगे। लगभग हर कोशिश में आपको सफलता मिल सकती है। कुछ फैसले ठीक रहेंगे। आज ज्यादातर मामलों में दिन अच्छा रहेगा। आपकी तारीफ हो सकती है। अधिकारियों और निचले वर्ग के लोगों से भी समय पर मदद मिलेगी। आज आपके बिजनेस में तरक्की होगी ऑफिस में वह काम आपको आज मिल सकता है, जिसके लिए आप बहुत उत्सुक थे। केसर का तिलक लगाएं।

धनु राशिः आज के दिन आप किसी काम को करने में जल्दबाजी न करें तो आपके लिए अच्छ होगा। आज आफिस के जिस काम को पूरा करना चाहेंगे वो सकारात्मक तरीके से पूरे होंगे। ऑफिस में आज का दिन ठीक रहेगा साथ ही सहकर्मी काम निकलवाने के लिए आपको प्रलोभन दे सकता है। इससे आपके इमेज पर बैड इफेक्ट पड़ सकता है। बेहतर होगा कि आज किसी के भहकावे में न आयें और अपने कार्य के प्रति सतर्क रहें। विवाह के शुभ समाचार आज रिश्तेदार घर लेकर आ सकता है जिससे आपके परिवार में खुशियों को माहौल बना रहेगा। जीवनसाथी के साथ डीनर करने का प्रोग्राम बनायेंगे, जिससे रिश्ते में मिठास आयेगी। आज आपको सामाजिक स्तर पर लोगों की मदद के लिए मौका मिल सकता है।

मकर राशिः आज जिस काम को आप शुरू करेंगे उसे पूरा करके ही राहत की सांस लेंगे इस वजह से हो सकता है ऑफिस में काफी देर तक काम करना पड़े। किसी काम को पूरा करने के लिए शार्टकट अपनाने से बचें। निश्चित ही काम थोड़े विलम्ब से ही लेकिन पूरे हो जाएंगे। इस राशि के बिजनेसमैन को आज एक्स्ट्रा इनकम कहीं से मिल सकता है आज आपको ट्राफिक नियमों के प्रति सतर्क रहने की जरूरत है। इसलिए बाहर निकलते समय अपना ड्राइविंग लाइसेंस लेना न भूलें। आविवाहित लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है।

कुम्भ राशिः आज किसी धार्मिक कार्य में सहयोग करने से नौकरी में तरक्की होगी। ऑफिस में हर काम बारीकी से निपटाने की कोशिश करेंगे। कार्यक्षेत्र में जो भी रुकावटें आएंगी, उनसे कुछ सीख सकते हैं ऐसे ही आपको आगे बढने के नए मौके मिल सकते हैं। बिजनेस में फायदा होगा। साथ वाले लोगों या दोस्तों से गिफ्ट मिल सकता है। समाज कार्य की मीटिंग में जरूरत से ज्यादा न बोलें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। कारोबार में चल रहे प्रयास सफल होंगे। दूसरों की मदद करने से आपको फायदा होगा ज़मीन जायदाद के मामले में लाभ मिलेगा। नौकरी कर रहे लोगों के लिए आज का दिन लाभदायक है, उन्हें काम से जुड़ी बड़ी खुशखबरी मिलेगी।

मीन राशिःआज भाग्य आपका साथ देगा। बिजनेस के सिलसिले में आज बिदेश यात्रा करनी पड़ेगी। घूमने-फिरने और मनोरंजन में समय बीतेगा। दूसरों की मदद करने से पीछे न हटें। छोटे भाई बहनों की ओर से आपको सुखद समाचार मिल सकते हैं। उनके साथ आपके संबंधों में भी मधुरता आयेगी। इस समय परिवार या फिर अपने पार्टनर के साथ कहीं घूमने की योजना भी आप बना सकते हैं। कुछ छोटी-मोटी यात्राओं के योग भी आपके लिये बन रहे हैं। किसी भी चीज में निवेश करने से पहले अच्छे से सोच विचार कर लें। घर में पौधा लगाएं। आप किसी काम को लेकर उत्साहित होंगे, काम आसानी से व समय से पूरा हो जायेगा। छात्र अपना अधिकतर समय इधर-उधर व सोशल मीडिया में व्यतीत करेंगे।

### सू- दोकू क्र.310

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें ९वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.309 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

### शब्द सामर्थ्य -310

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :** 1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे** 1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, हुक्मत 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | ■ | 3 | | |
| | ■ | | ■ | 4 | 5 | | ■ | ■ |
| 6 | 7 | | 8 | ■ | | ■ | ■ | 9 |
| ■ | 10 | | | ■ | 11 | 12 | 13 | |
| ■ | 14 | | ■ | 15 | | | | |
| 16 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| 17 | | 18 | | ■ | | 19 | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 20 | ■ | 21 | |
| 22 | | | | ■ | 23 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 309 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | ■ | प | स | ■ | ■ |
| जा | त | ■ | थ | प | थ | पा | ना | ■ |
| य | र | का | नी | ■ | भ्र | ■ | र | श्मि |
| ब | घा | र | ■ | क | ष्ट | प्र | द | ■ |
| ■ | त | ना | त | नी | ■ | र्व | ■ | ब |
| अ | ■ | मा | ■ | ज | मा | त | ■ | ल |
| स | जा | ■ | ■ | ■ | ■ | क | ज | रा |
| बा | ■ | बे | स | हा | रा | ■ | ग | म |
| ब | गु | ला | ■ | रा | ज | दू | त | ■ |

**संदर्भ- अरावली की पहाड़ियों में दरारों से बढ़ा मरुस्थलीकरण का खतरा**

# बड़े खतरे का संकेत हैं अरावली की दरारें

**प्रमोद भार्गव**

अरावली पहाड़ियों में उत्खनन से बढ़ रहे खतरे का संकेत पर्यावरण के संरक्षक यू हीं नहीं दे रहे थे ? अब इन अनुमानों का सत्य इस पर्वतमाला में पड़ी 12 दरारों से सामने आ गया है। इस कारण अरावली पर्वत श्रृंखलाएं न केवल लगातार कमजोर हुई हैं, बल्कि ये थार रेगिस्तान से पूर्व की ओर खिसकना भी षुरू हो गई हैं। इसके चलते राजस्थान के जयपुर सहित पूर्वी हिस्सों हरियाणा, दिल्ली-राजधानी क्षेत्र और गंगा-यमुना के मैदानी इलाकों के मरुस्थलीकरण में बदलने का खतरा बढ़ गया है। यह जानकारी वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की ओर से जारी रिपोर्ट में 1972-75, 1982-84, 1994-96 और विषेश रूप से 2005-2007 के कालखंड में किए गए क्रमिक उपग्रह आधारित अध्ययनों में यह चिंताजनक खुलासा किया गया है।रिपोर्ट के अनुसार अरावली पर्वतमाला पर बनी 12 बड़ी दरारों के माध्यम से रेगिस्तानी रेत पूर्व की ओर बढ़ रही है। वर्श 2005-07 के बाद अरावली की रेगिस्तान को आगे बढ़ने से रोकने वाली क्षमता में तीव्रता से गिरावट दर्ज की गई है, क्योंकि इसी दौर में गुड़गांव समेत दिल्ली राजधानी क्षेत्र में षहरीकरण के साथ औद्योगिक-प्रौद्योगिक विस्तार के लिए वनों की कटाई के साथ पत्थर उत्खनन में आई तेजी चरम पर पहुंच गई। नतीजतन पर्वतमाला की 12 प्रमुख दरारें अजमेर की मगरा पहाड़ियों से निकलकर झुंझूनूं के खेतड़ी और माधोगढ़ होते हुए हरियाणा के महेंद्रगढ़ तक फैली हुई है। इन्हीं कमजोर हिस्सों से लेकर थार रेगिस्तान की रेत पूर्व की ओर फेल रही है। राजस्थान केंद्रिय विष्वविद्यालय ने भी अपने अध्ययन से चेताया था कि आने वाले वर्शों में रेगिस्तान से उठने वाले रेत के तूफान दिल्ली और एनसीआर तक पहुंचकर इनके पर्यावरण को बड़ी मात्रा में बिगाड़ने का काम कर सकते हैं। लेकिन इन सर्वेक्षणों और अध्ययनों को राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली की राज्य सरकारों समेत केंद्र सरकार भी अनदेखा करते हुए कथित विकास के विनाषकारी उपायों को बढ़ावा देती रहीं।

अरावली पहाड़ियां दुनिया की प्राचीनतम पर्वत श्रृंखलाएं हैं। लगभग 692 किलोमीटर के दायरे में फैली ये पहाड़ियां गुजरात से शुरु होकर राजस्थान, हरियाणा होते हुए दिल्ली तक पसरी हैं। इन पहाड़ियों का मानव समुदाय के लिए प्राकृतिक महत्व है। इस क्षेत्र में रहने वाले जीव-जगत की सांसें इन पर्वतमालाओं से गुजरने वाली षुद्ध हवा पर निर्भर हैं। इन्हीं पहाड़ियों की ओट पष्चिमी रेगिस्तान को फैलने से रोके हुए है, अन्यथा हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेष की जो उपजाऊ भूमि है, उसे रेगिस्तान में तब्दील होने में समय नहीं लगेगा ? पहाड़ियों की हरियाली नश्ट होने से इस क्षेत्र में शुष्कता का विस्तार हो रहा है और गर्मी बढ रही है। नतीजतन जल स्तर आषंका से कहीं ज्यादा नीचे जा रहा है। लोगों में सांस और दमा की बीमारियां बढ़ रही हैं। ये परिणाम नेता, अधिकारी और ठेकेदारों के अकूत लालच की देन हैं। अतएव रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि ये पर्वत श्रृंखलाएं समान परिस्थितियों में तापमान को डेढ़ से ढाई डिग्री तक नियंत्रित रखने और भू-जल के पुनर्भरण में अहम् भूमिका निभाती है। इनमें प्रति हेक्टेयर 20 लाख लीटर भू-जल पुनर्भरण की अद्वितीय क्षमता है। श्रृंखलाओं के लगातार क्षरण एवं मरुस्थलीकरण के खतरे से दिल्ली और आसपास के भू-भागों का तापमान बढ़ा है, धूल से भरी आंधियों की अवधि बढ़ी व तीव्र हुई है। इस कारण भू-जल घटा है। रिपोर्ट में उल्लेख है कि हरियाणा की 8.2 प्रतिषत भूमि मरुस्थलीकरण के दायरे में है, क्योंकि 2019 तक ही अरावली का लगभग 5.77 लाख हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र उत्खनन से तबाह हो चुका था। साफ है, जानकारी होने के बावजूद अरावली संकट को कथित विकास के लिए नजरअंदाज किया गया। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देष पर अरावली पहाड़ियों में उत्खनन को परिभाशित किया गया था। जो अत्यंत विवादित रहा।इस परिभाषा से संरचनात्मक विरोधाभास की स्थिति निर्मित हुई,लगा कि यह स्थिति अनियंत्रित खनन को बढ़ाएगी। केंद्रीय वन एवं पयर्यावरण मंत्रालय ने इसे परिभाशित करते हुए अपनी रिपोर्ट में न्यायालय को बताया था कि सौ मीटर से ऊंची पहाड़ियों को ही अरावली पर्वतमालाएं माना जाएगा। अर्थात 99 मीटर से ऊंची पहाड़ियां अरावली का हिस्सा नहीं रह जाएंगी। मसलन अरावली के बड़े क्षेत्र में उत्खनन का रास्ता खुल जाएगा। इससे यह आशंका उजागार हुई कि आखिर सरकार पहाड़ियों को इस तरह से परिभाषित करके किसके हित साधना चाहती है ? जबकि इन पहाड़ियों की ऊंचाईं के कारण ही, ये पहाड़ियां प्राकृतिक रूप से उड़ने वाली धूल को रोकने का काम करती हैं। ये रेतैली हवाएं मैदानी इलाकों में नहीं पहुंच पातीं, फलस्वरूप ये मैदान मरुस्थल में तब्दील नहीं हो पा रहे हैं। इस परिभाशा के साथ यह भी कहा गया कि अरावली के कुल 1.44 लाख वर्ग किमी क्षेत्र में से फिलहाल 0.19 प्रतिषत भू-भाग में ही उत्खनन के पट्टे दिए जा रहे हैं। इस भू-भाग का भी लगभग 68,000 एकड़ क्षेत्रफल होता है, जो बहुत बड़ा क्षेत्र है। क्योंकि इन पर्वतमालाओं का परिस्थितिकी महत्व अमूल्य है। इसीलिए इसके व्यापक पुनर्स्थापन और ठोस संरक्षण की जरूरत है, न कि पहाड़ियों को संदिग्ध रूप में परिभाशित करके इनके दोहन की ? क्योंकि विधायिका और कार्यपालिका की सांठगांठ के चलते यह भी कोई गारंटी नहीं कि उत्खनन निर्धारित क्षेत्र में ही होगा ? अरावली पर्वतमालाएं मैदानी क्षेत्रों को रेगिस्तान में बदलने से तो रोकती ही हैं, इन्हीं पहाड़ियों से कई छोटी-बड़ी नदियों के उद्गम स्थल हैं। अनेक झील, झरने और तालाब इन पर्वतमालाओं के बीच में प्राकृतिक रूप से अपना अस्तित्व बनाए हुए हैं। यही नहीं इन पहाड़ियों के गर्भ में इमारती पत्थर, संगमरमर, ग्रेनाइट और चूना बड़ी मात्रा में समाया हुआ है। साथ ही जस्ता, तांबा, लेड और टंगस्टन जैसे दुर्लभ खनिज भी इनकी कोख में अंगड़ाई ले रहे हैं। इसलिए पत्थर का उत्खनन हो या दुर्लभ खनिजों का इन्हें पर्यावरण को क्षति पहुंचाए बिना प्राप्त करने के उपाय किए जाने चाहिए। इसे वर्तमान विकास की विडंबना ही कहा जाएगा कि अधिकतम प्राकृतिक संपदाओं का दोहन वर्तमान आधुनिक एवं आर्थिक विकास का नीतिगत आधार बना दिए गए हैं। लेकिन हमारे यहां जिस निर्लज्जता से प्राकृतिक संसाधनों का दोहन जारी है, उस परिप्रेक्ष्य में मौजूदा आर्थिक विकास की निरंतरता तो बनी ही नहीं रह पाएगी, दीर्घकालिक दृष्टि से देंखे तो विकास की यह आवधारणा उस बहुसंख्यक आबादी के लिए जीने का भयावह संवैधानिक संकट खड़ा कर सकती है, जिसकी रोजी-रोटी की निर्भरता प्रकृति पर ही अवलंबित है। हालांकि अब उपग्रह सर्वेक्षणों के खुलासे के बाद षीर्श न्यायालय ने अपने दिए फैसले पर नए सिरे से पुनर्विचार का निर्णय ले लिया है। इसलिए यह उम्मीद बंधी है कि अब अरावली के पूर्व फैसले पर मात्र प्रतिबंध ही नहीं, फैसला ही निरस्त होने का आदेश आएगा ? जिसके परिप्रेक्ष्य में पर्यावरण संरक्षण की भूमिका औद्योगिक विकास व वाणिज्यिक लाभ-हानि के गुणा-भाग से परे जल, जंगल और जमीन के रख-रखाव के पैमाने पर होगी ?

बीएमएस ने राजनीति-प्रेरित आंदोलन से बनाई दूरी, ईडी को सौंपा ज्ञापन

# 12 फरवरी को हड़ताल नहीं, काम पर रहेंगे खदान मजदूर संघ के सदस्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**किरन्दुल, 8 फरवरी।** किरंदुल लोह नगरी से विश्व के सबसे बड़े श्रम संगठन भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) ने स्पष्ट रूप से घोषणा की है कि 12 फरवरी 2026 को प्रस्तावित आम हड़ताल में संगठन की कोई भागीदारी नहीं होगी। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध एनएमडीसी किरंदुल कॉम्प्लेक्स में संचालित खदान मजदूर संघ के पदाधिकारियों द्वारा इस आशय का ज्ञापन बीआईओएम किरंदुल कॉम्प्लेक्स के अधिशासी निदेशक श्री रबिन्द्र नारायण को सौंपा गया। ज्ञापन की प्रतिलिपि केंद्रीय इस्पात मंत्री, बस्तर सांसद, एनएमडीसी के सीएमडी, निदेशक (उत्पादन), कलेक्टर दंतेवाड़ा, पुलिस अधीक्षक, वरिष्ठ समादेशक केऔसुब एवं थाना प्रभारी किरंदुल को भी प्रेषित की गई है। राष्ट्रहित सर्वोपरि के मूलमंत्र के साथ उद्यम एवं श्रमिक हितों के प्रति दृढ़ संकल्पित खदान मजदूर संघ शाखा किरंदुल ने यह स्पष्ट किया है कि 12 फरवरी को संगठन के सभी सदस्य सामान्य कार्यदिवस की भांति अपने-अपने कार्यस्थलों पर उपस्थित रहेंगे। बीएमएस ने दो टूक कहा कि वह न तो प्रस्तावित आम हड़ताल का समर्थन करता है और न ही उसमें भाग लेगा।

संगठन ने बताया कि यह हड़ताल कुछ केंद्रीय ट्रेड यूनियनों एवं संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा आह्वान की गई है, जो राजनीति से प्रेरित है। भारतीय मजदूर संघ का स्पष्ट मत है कि श्रम क्षेत्र को राजनीतिक हितों से दूर रखा जाना चाहिए।बीएमएस ने अपने पक्ष को दोहराते हुए कहा कि वह चारों श्रम संहिताओं का स्वागत करता है, हालांकि दो संहिताओं की कुछ धाराओं को लेकर अपनी आपत्तियाँ और चिंताएँ सरकार के समक्ष रखता रहा है। संगठन के अनुसार वेतन संहिता एवं सामाजिक सुरक्षा संहिता ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कदम हैं, जबकि शेष दो संहिताओं में कुछ सुधार की आवश्यकता है।इन मुद्दों पर 13 एवं 21 नवंबर को भारतीय मजदूर संघ और श्रम मंत्री के बीच हुई बैठकों में विस्तृत चर्चा हुई, जिसके पश्चात श्रम मंत्री द्वारा आपत्तियों के समाधान का आश्वासन दिया गया। इसके अतिरिक्त श्रम से जुड़े अन्य विषयों पर भी सरकार द्वारा सकारात्मक विचार करने की प्रतिबद्धता जताई गई है।इन आश्वासनों के आधार पर भारतीय मजदूर संघ ने चारों श्रम संहिताओं के क्रियान्वयन से संबंधित अधिसूचनाओं का स्वागत किया है।

बीएमएस ने स्पष्ट किया कि वह सरकार की श्रमिक-हितैषी पहलों का समर्थन करता रहेगा, जबकि श्रमिकों के हितों के प्रतिकूल नीतियों का दृढ़ता से विरोध करता रहेगा।इस अवसर पर खदान मजदूर संघ शाखा किरंदुल के अध्यक्ष बी. दिल्ली राव, राजेंद्र यादव, दानेश्वर जोशी एवं सुरेश ठाकुर उपस्थित थे।

## एक नजर

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला 9 फरवरी को

**दंतेवाड़ा, 8 फरवरी ।** जिले के युवाओं को अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई), दंतेवाड़ा द्वारा भारत सरकार की नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 09 फरवरी 2026, सोमवार को प्रातः 10:30 बजे से आईटीआई परिसर में आयोजित होगा। मेले में आईटीआई उत्तीर्ण एवं प्रशिक्षणरत युवाओं को एनएपीएस पोर्टल पर पंजीयन की सुविधा, करियर काउंसलिंग, अप्रेंटिसशिप के अवसरों की जानकारी तथा रोजगार से संबंधित मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इसके माध्यम से युवाओं को उद्योगों से जोड़ने और उन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण दिलाने का अवसर मिलेगा, जिससे उनके भविष्य के रोजगार के रास्ते और सुदृढ़ होंगे। इस संबंध में जिले के इच्छुक युवक-युवतियां अपने शैक्षणिक दस्तावेज, आधार कार्ड, मोबाइल नंबर एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ मेले में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, दंतेवाड़ा से संपर्क कर सकते हैं।

### प्राइवेट स्कूलों में निशुल्क शिक्षा का अधिकार के तहत प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 16 फरवरी से

**दंतेवाड़ा, 8 फरवरी ।** कार्यालय जिला शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार निशुल्क शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के तहत दंतेवाड़ा जिले के अंतर्गत संचालित गैर अनुदान प्राप्त निजी विद्यालयों के कक्षा-पहली का 25 प्रतिशत सीट, बीपीएल (गरीबी रेखा के नीचे) परिवारों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अनाथ, 40 प्रतिशत दिव्यांग तथा एचआईवी पॉजिटिव लोगों के लिए आरक्षित रखी गयी है। जिसमें सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन आवेदन 16 फरवरी 2026 से शुरू हो जायेंगे। यदि इसके अलावा आम जनों से अनुरोध किया गया है कि यदि उनके आसपास ऐसे परिवार हो तो वे उन तक इस योजना की जानकारी पहुँचाए, ताकि इस योजना का लाभ उन्हें मिल सकें।इसके लिए वर्गीकृत परिवारों को सभी सम्बन्धित दस्तावेज जैसे कि जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पहचान पत्र, निवास प्रमाण पत्र तथा जिस वर्ग में आते हैं उससे संबंधित प्रमाण पत्र जैसे अंत्योदय राशन कार्ड, बीपीएल. सर्वे सूची, जाति प्रमाण पत्र या मेडिकल प्रमाण पत्र आदि आवेदन करने से पूर्व तैयार रखने का आग्रह किया गया हैं।

### छू लो आसमान संस्था में मानसिक स्वास्थ्य कार्यशाला का आयोजन

**दंतेवाड़ा, 8 फरवरी ।** जिला कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके के मार्गदर्शन में आज जिले में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत छू लो आसमान संस्था परिसर में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के छात्र-छात्राओं के लिए परीक्षा की तैयारी के दौरान तनाव प्रबंधन विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई।कार्यशाला में जिला नोडल अधिकारी डॉ. देश दीपक ने विद्यार्थियों को परीक्षा के समय होने वाले तनाव से निपटने के उपाय, समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच तथा नियमित दिनचर्या अपनाने के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को मानसिक दबाव की स्थिति में खुलकर अपनी बात रखने एवं समय पर सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पढ़ाई के दबाव, परीक्षा के डर, एकाग्रता की कमी एवं पारिवारिक अपेक्षाओं से जुड़ी समस्याओं पर सवाल पूछे, जिनका समाधान सरल एवं व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ाना एवं परीक्षा अवधि में उन्हें मानसिक रूप से सशक्त बनाना रहा।

## पद्मश्री सम्मान प्राप्त होने पर बुधरी ताती से शिक्षा परिवार ने की भेंट



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम, 8 फरवरी।** क्षेत्र की गौरवशाली शख्सियत बड़ी दीदी के नाम से जानी जाने वाली बुधरी ताती को भारत सरकार द्वारा पद्मश्री सम्मान से अलंकृत किए जाने पर विकासखंड शिक्षा परिवार की ओर से भेंट की गई । इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुश्री भवानी पुनेम एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक जितेन्द्र चौहान एव विकासखंड अंतर्गत सभी संकुल समन्वयक उपस्थित रहे। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी व खंड स्त्रोत समन्वयक ने कहा कि दीदी बुधरी ताती को प्राप्त यह सम्मान पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उनका सामाजिक, सांस्कृतिक एवं जनकल्याणकारी योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। विकासखंड शिक्षा परिवार द्वारा उनके उज्ज्वल भविष्य एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए इस उपलब्धि पर बधाई दी गई।

## दहेजमुक्त विवाह ने दिया समाज को सकारात्मक संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 8 फरवरी ।** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के तेलीमारेंगा स्थित नामदान केंद्र में 7 फरवरी को संत रामपाल जी महाराज के सानिध्य में आयोजित सत्संग कार्यक्रम के दौरान एक अनूठा दहेज मुक्त विवाह संपन्न हुआ। भगत रेखराज साहू और भुनेश्वरी बघेल का विवाह पूरी तरह बिना किसी दहेज के, अत्यंत सादगीपूर्ण और आध्यात्मिक माहौल में संपन्न कराया गया।

इस विवाह की सबसे खास बात यह रही कि इसमें एक रुपये तक का दहेज नहीं लिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि दहेज प्रथा आज भी समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बनी हुई है। कई परिवार आर्थिक तंगी और मानसिक प्रताड़ना का शिकार होते हैं, जबकि बेटियों को लगातार उत्पीड़न सहना पड़ता है। ऐसे में यह दहेज मुक्त विवाह समाज में जागरूकता फैलाने और सकारात्मक बदलाव लाने का एक मजबूत संदेश देता है।

कार्यक्रम के दौरान सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन, नैतिक मूल्यों को मजबूत करने और दहेज जैसी प्रथाओं को जड़ से खत्म करने पर विशेष बल दिया गया। संत रामपाल जी महाराज की शिक्षाओं के अनुरूप यह विवाह आडंबरों से मुक्त रहा, जिसमें कोई फेरा, बैंड-बाजा या दिखावा नहीं था। उपस्थित श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की खुलकर सराहना की और इसे समाज के लिए एक मिसाल बताया।इस अवसर पर संस्था के बस्तर संभाग संयोजक गणपत सेठिया, जगदीश दास, जिला संयोजक जयपाल सेठिया, ब्लॉक संयोजक दिनेश नाग, बनवासी दास, गरुड़ दास, रामचंद्र दास, पीलू दास, लक्ष्मण दास तथा मीडिया प्रभारी चितेश्वर सेठिया सहित कई अन्य गणमान्य लोग विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन सत्संग और जयकारों के साथ हुआ। यह घटना संत रामपाल जी महाराज के अनुयायियों द्वारा चलाए जा रहे दहेज मुक्त भारत अभियान का एक हिस्सा है, जो समाज में सादगीपूर्ण और मूल्य-आधारित जीवन को बढ़ावा दे रहा है।

## पत्नी को परेशान करने वाले पति को भेजा गया जेल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बचेली, 8 फरवरी।** आवेदिका मनीषा पटनायक के द्वारा थाना बचेली में शिकायत करने पर आज दिनांक 05-02-2026 को दोनों पक्षों को पूछताछ हेतु थाना तलब किया गया जो पूछताछ के दौरान अनावेदक आकाश पटनायक द्वारा आवेदिका को वर्ष 2025 से लड़ाई झगड़ा कर परेशान किया जा रहा था अनावेदक को समझाईश देने के दौरान पुलिस की उपस्थिति में ही अनावेदक द्वारा आवेदिका के साथ मारपीट करने एवं अभद्र व्यवहार करने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने की अंदेशा पर मौके पर पुलिस अभिरक्षा में लेकर अनावेदक आकाश पटनायक पिता विमल चंद्र पटनायक उम्र 36 वर्ष (डिप्टी मैनेजर, ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट हस्स्ष्ट किरंदुल) निवासी क्वाटर नंबर 190 टाईप 03 पुराना जिम के पास किरन्दुल को धारा 170 बीएनएसएस के तहत् गिरफतार कर माननीय अनुविभागीय दण्डाधिकारी न्यायालय बड़ेबचेली के समक्ष धारा 126, 135 बीएनएसएस के तहत् इस्तगासा पेश किया गया। जो माननीय न्यायालय द्वारा अनावेदक आकाश पटनायक को जेल भेजा गया।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत टेंट एवं भोजन व्यवस्था के लिए अभिरूचि प्रस्ताव 9 फरवरी तक आमंत्रित

**दंतेवाड़ा, 8 फरवरी ।** महिला बाल विकास विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है।

इस संबंध में टेंट एवं भोजन व्यवस्था हेतु अभिरूचि का प्रस्ताव दिनांक 09 फरवरी 2026 को दोपहर 12 बजे तक आमंत्रित किया गया है। इस संबंध में इच्छुक आवेदक संयुक्त जिला कार्यालय के महिला एवं बाल विकास दंतेवाड़ा के कक्ष क्रमांक 231 में संपर्क कर आवेदन पत्र एवं अन्य जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## स्प्लिट्सविला में छत्तीसगढ़ की निहारिका तिवारी का दबदबा





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम , 8 फरवरी।** युवाओं के लोकप्रिय रियलिटी शो स्प्लिट्सविला के ताजा एपिसोड में छत्तीसगढ़ की बेटी निहारिका तिवारी ने एक बार फिर अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया है। निहारिका ने न केवल शो का अब तक का सबसे बेहतरीन टास्क परफॉर्म किया, बल्कि अपनी निरंतरता से यह साबित कर दिया है कि वे इस सीजन की सबसे मजबूत दावेदार हैं। ?शो की शुरुआत से ही निहारिका तिवारी चर्चा का विषय बनी हुई हैं। आज के एपिसोड में उन्होंने जिस एकाग्रता और शारीरिक क्षमता का परिचय दिया, उसकी तारीफ शो के होस्ट और अन्य प्रतियोगियों ने भी की। गौरतलब है कि निहारिका ने अब तक जितने भी टास्क किए हैं, उनमें वे नंबर वन पायदान पर ही रही हैं।

### छत्तीसगढ़ का नाम किया रोशन

राष्ट्रीय स्तर के इस रियलिटी शो में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए निहारिका की इस सफलता से प्रदेश के युवाओं में भारी उत्साह है। सोशल मीडिया पर उनकी परफॉर्मेंस को अब तक का बेस्ट टास्क बताया जा रहा है। उनकी जीत का यह सिलसिला न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि इससे छत्तीसगढ़ का नाम भी देश भर में गौरवान्वित हो रहा है।

### प्रशंसकों का मिल रहा भरपूर साथ

अपनी बेबाकी और बेहतरीन खेल भावना के कारण निहारिका की फैन फॉलोइंग तेजी से बढ़ रही है। उनके समर्थकों का मानना है कि जिस तरह से वे हर चुनौती को पार कर रही हैं, वे जल्द ही शो के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर प्रदेश के लिए खिताब जीतेंगी।

## टेकारी सोसायटी के17 किसानों को पात्रता के बाद भी टोकन नहीं मिलने से धान नहीं बिका

**रायपुर,8 फरवरी ।** किसानों की मांग व आक्रोश के मद्देनजर समर्थन मूल्य पर धान बेचने हेतु दो दिन की अवधि बढ़ाये जाने के बाद भी टेकारी सोसायटी के कथित पात्र 17 किसानों को इस बढ़ाये गये ?अवधि में भी टोकन जारी नहीं हुआ जिसकी वजह से वे सोसायटी में धान बेचने से वंचित रह गये । इसे ले इन किसानों में आक्रोश व्याप्त है और वे मजबूरन सस्ते में कोचियों को धान बेचने मजबूर हो गये हैं ।

मंदिर हसौद सहकारी बैंक शाखा के अधीन आता है सोसायटी वह धान खरीदी केंद्र टेकारी । यहां 3 ग्रामों टेकारी , कुंडा व खम्हरिया के किसान धान बेचते हैं । शासन ने पहले धान खरीदी हेतु अंतिम तिथि 31 जनवरी तय की थी पर किसानों के धान ?पूर्ण रुप से नहीं बिक पाने की शिकायत व? किसानों की मांग तथा आक्रोश के मद्देनजर शासन ने 5 व 6 फरवरी को भी किसानों का धान खरीदी करने का आदेश जारी किया था । किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने बतलाया कि इस सोसायटी के अधीनस्थ टेकारी ग्राम के 13 व कुंडा तथा खम्हरिया के 2- 2 किसानों को पात्रता के बाद भी इस बढ़ाये गये ?अवधि में भी टोकन जारी नहीं किया गया । इन सभी किसानों से कुल मिला लगभग 600 क्विंटल धान खरीदना था व सबसे कम एक किसान से 04 क्विंटल व सर्वाधिक एक किसान से 194 क्विंटल धान की खरीदी किया जाना था व सभी किसानों से औसतन करीब 35 क्विंटल धान खरीदी किया जाना था । शासन के निर्देशानुसार इन किसानों के पास बिक्री हेतु धान शेष रहने का भौतिक सत्यापन अधिकृत अधिकारियों द्वारा किया जा प्रतिवेदन भी शासन को भेज दिया गया था पर टोकन जारी नहीं किया गया । श्री शर्मा ने बतलाया है कि इनमें से 5 किसान ऐसे हैं जिन्हें पात्रतानुसार तीसरा टोकन मिलना था व शेष 12 किसान ऐसे थे जिन्हें दूसरा टोकन की आवश्यकता ?थी । ये ऐसे किसान थे जिनके पास 02 एकड़ तक की भूमि होने के कारण इन्हें मात्र एक टोकन की पात्रता थी पर इस टोकन के आनलाईन उपयोग करते समय त्रुटिवश धान की मात्रा कम अंकित हो गया था ।

## आदिवासियों की संस्कृति में बसती है छत्तीसगढ़ की आत्मा: राष्ट्रपति मुर्मू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



जगदलपुर, 8 फरवरी । बस्तर की समृद्ध जनजातीय संस्कृति और गौरवशाली परंपराओं का संगम बस्तर पंडुम-2026 का आज शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने जगदलपुर में तीन दिवसीय सांस्कृतिक महाकुंभ का शुभारंभ किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन महीने में दूसरी बार छत्तीसगढ़ के प्रवास पर बस्तर पहुंची हैं। इस दौरान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने उन्हें ढोकरा आर्ट से बने कर्मा वृक्ष, कोसा शिल्प से तैयार गमछा भेंटकर स्वागत किया। इस दौरान राष्ट्रपति महोदया ने बस्तर पण्डुम में लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू ने जगदलपुर के लालबाग मैदान में आयोजित समारोह में आदिवासी कलाकारों और विशाल जनसमूह को बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के जय घोष के साथ संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की विष्णुदेव सरकार छत्तीसगढ़ के आदिवासियों के लिए समर्पित है। देश की राष्ट्रपति ने कहा कि आदिवासियों की संस्कृति में छत्तीसगढ़ की आत्मा बसती है। उन्होंने कहा कि भारत में छत्तीसगढ़ ऐसा राज्य है, जहां सरकार अपनी संस्कृति, जनजातीय परंपराओं और प्राचीन विरासतों को संरक्षित करने के लिए बस्तर पंडुम जैसे आयोजन कर रही है, इसमें आदिवासियों की गौरवशाली संस्कृति प्रतिबिम्बित होती है। उन्होने कहा कि विभिन्न योजनाओं के जरिए सरकार जनजातीय उत्थान के लिए लगातार बेहतर प्रयास कर रही है। पीएम जनमन, प्रधानमंत्री जनजातीय गौरव उत्कर्ष अभियान तथा नियद नेल्लानार जैसी योजनाओं के माध्यम से लोगों को विकास से जोड़ रही है। उन्होंने बस्तर क्षेत्र में बालिका शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि आदिवासी बालिकाओं की शिक्षा से जोड़ने के लिए शासन के साथ-साथ समाज और माता-पिता को भी आगे आना चाहिए।राष्ट्रपति ने बस्तर की समृद्ध आदिवासी संस्कृति और गौरवशाली परंपराओं की सराहना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की प्राचीन परंपराओं की जड़ें आज भी मजबूत हैं और बस्तर पण्डुम जनजातीय समुदाय की पहचान, गौरव और उनकी समृद्ध परंपरा को प्रोत्साहित करने वाला एक महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि बस्तर पंडुम में 54 हजार से अधिक आदिवासी कलाकारों ने पंजीयन कराया, जो आदिवासी कलाकारों का अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ाव को प्रदर्शित करता है।राष्ट्रपति ने कहा कि हिंसा का रास्ता छोड़ माओवादी मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं तथा लोकतंत्र के प्रति उनकी आस्था बढ़ी है। वर्षों से बस्तर में बंद विद्यालय खुल रहे हैं, दुर्गम वनांचल में सड़कों, पुल-पुलियों का निर्माण हो रहा है और ग्रामीणजन विकास से जुड़ रहे हैं । बस्तर की सुंदरता और यहां की संस्कृति हमेशा से लोगों के आकर्षण का केंद्र रही है, लेकिन दुर्भाग्य से चार दशकों तक यह क्षेत्र माओवाद से ग्रस्त रहा । इस कारण यहां के निवासियों ने अनेक कष्ट झेले । भारत सरकार की माओवादी आतंक पर निर्णायक कार्रवाई के परिणाम स्वरूप वर्षों से व्याप्त असुरक्षा, भय और अविश्वास का वातावरण अब समाप्त हो रहा है। माओवाद से जुड़े लोग हिंसा का रास्ता छोड़ रहे हैं, जिससे नागरिकों के जीवन में शांति लौट रही है।

## समाचार संक्षेप

### रोजगार मेला में शामिल होने आवेदकों का पंजीयन कार्ड आधार कार्ड से लिंक होना जरूरी

**दंतेवाड़ा, 8 फरवरी ।** कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दंतेवाड़ा में पंजीकृत जिले से समस्त आवेदकों को सूचित किया जाता है कि संभाग स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन बस्तर संभाग के मुख्यालय जगदलपुर जिला बस्तर में दिनाँक 15 एवं 16 फरवरी 2026 को प्रस्तावित है, इस आयोजन में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक आवेदकों को वर्ष 2024 के पूर्व कार्यालय में कराये गये पंजीयन को आधार कार्ड से लिंक किया जाना अनिवार्य रहेगा, अन्यथा उनका पंजीयन कार्ड स्वमेय निरस्त हो जावेगा। इस संबंध में आवेदक किसी भी कार्यालयीन दिवस में अपने शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, निवास प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र तथा आधार कार्ड से लिंक मोबाईल नंबर के साथ कार्यालय में उपस्थित होकर पंजीयन अपडेट करा सकते हैं। आवेदकों द्वारा अपने मोबाईल पर छत्तीसगढ़ रोजगार एप गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर या बेवसाईट के माध्यम से https://erojgar.cg.gov.in पर जाकर ऑनलाईन पंजीयन अपडेट कराया जा सकता हैं। रोजगार मेला, प्लेसमेंट में सम्मिलित होने हेतु आवेदकों का रोजगार कार्यालय में जीवित रोजगार पंजीयन कार्ड होना अनिवार्य किया गया है।

### पहुरनार में जनसमस्या निवारण शिविर में 296 आवेदनों का हुआ त्वरित निराकरण

**दंतेवाड़ा, 8 फरवरी ।** जिले के विकासखण्ड गीदम अंतर्गत ग्राम पंचायत पहुरनार गत दिवस आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में आसपास की ग्राम पंचायतों बड़ेकारका, कौर गांव, तुमरी गुंडा एवं चेरपाल से बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित हुए। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान कर उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराना रहा। आयोजन में राजस्व, पंचायत, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, विद्युत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खाद्य, समाज कल्याण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।शिविर के दौरान कुल 374 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 296 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया। शेष आवेदनों को संबंधित विभागों को अग्रेषित करते हुए समय-सीमा में समाधान करने के निर्देश दिए गए। प्राप्त आवेदनों में प्रमुख रूप से राशन कार्ड, आधार अपडेट, पेंशन, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा जॉब कार्ड, विद्युत कनेक्शन, पेयजल व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं तथा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से संबंधित मांगें शामिल रहीं। अधिकारियों द्वारा हितग्राहियों को योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी भी दी गई। कई पात्र हितग्राहियों के आवेदन तत्काल दर्ज कर उन्हें पावती प्रदान की गई। शिविर में बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांगजनों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना गया और उन्हें संबंधित काउंटर पर त्वरित सहायता उपलब्ध कराया गया। इस प्रकार जनसमस्या निवारण शिविर के माध्यम से प्रशासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ, जिससे ग्रामीणों को अपनी समस्याएं रखने का अवसर मिला और शासन की योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया सरल हुई। इस दौरान जनपद पंचायत सीईओ श्री बलराम ध्रुव सहित सभी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### धान खरीदी के नाम पर भाजपा सरकार ने किसानों को ठगा: विनोद चंद्राकर

**महासमुंद,8 फरवरी।** धान खरीदी के अंतिम तिथि तक महासमुंद जिले के लगभग 9600 किसानों ने अपना धान नहीं बेच पाया। सरकार द्वारा खानापूर्ति के लिए महज 2 दिन की अवधि बढ़ाकर वाहवाही लूटा गया। केवल महासमुंद जिले में यह स्थिति समाने आई है तो, पूरे प्रदेश में धान नहीं बेच पाने वाले किसानों के चौंकाने वाले आंकड़े आ सकते हैं। सरकार के ईशारे पर प्रशासन ने जान-बूझकर कम धान खरीदी की। किसानों के बिना जानकारी उनका रकबा समर्पण कराया गया। एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन तथा टोकन के नाम पर किसानों को परेशान किया गया। कई किसान सरकार की बदनियती के कारण आत्महत्या जैसे कदम उठाने तक मजबूर हो गए। 2 दिन पूर्व हीं पथौरा वनांचल क्षेत्र कौहाबाहरा की एक महिला किसान ने धान नहीं बिक पाने के कारण जहर सेवन कर लिया। सरकार ने सोची-समझी रणनीति के तहत किसानों को धान बेचने से वंचित किया है। उक्त वक्तव्य पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने विज्ञप्ति में कही।

पूर्व संसदीय सचिव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि किसानों की समस्याओं को नजर अंदाज कर सरकार केवल वाहवाही लूटने के लिए धान खरीदी की अवधि दो दिन बढ़ाकर औपचारिकता निभाई। महासमुंद जिले में हजारों किसानों का लगभग 30 हजार एमटी धान अब भी नहीं बिक पाया है। ऐसे में सरकार द्वारा मात्र दो दिन की खरीदी अवधि बढ़ाना किसानों के साथ मजाक था। उन्होंने कहा कि यदि सरकार वास्तव में किसानों के हित में काम करना चाहती तो कम से कम 15 दिनों का अतिरिक्त समय दिया जाना चाहिए था, ताकि सभी किसानों का धान खरीदा जा सके।

## एक नजर

### 12 से 17 फरवरी तक, युवाओं को मिलेगा निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर

**रायगढ़, 8 फरवरी।** प्रदेश के युवाओं को निजी क्षेत्र में अधिकतम रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संभाग स्तरीय रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। यह रोजगार मेले 12 से 17 फरवरी 2026 तक प्रदेश के विभिन्न संभागों में आयोजित किए जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के तहत 12 एवं 13 फरवरी को बिलासपुर, 14 एवं 15 फरवरी को दुर्ग तथा 16 एवं 17 फरवरी को सरगुजा एवं बस्तर संभाग में रोजगार मेला आयोजित होगा। इन मेलों में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी और योग्य युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी।

संभाग स्तरीय रोजगार मेला में भाग लेने के इच्छुक आवेदक ई-रोजगार पोर्टल अथवा छत्तीसगढ़ रोजगार एप के माध्यम से अपना पंजीयन एवं आवेदन कर सकते हैं। पंजीकृत अभ्यर्थियों को रोजगार मेले में साक्षात्कार एवं चयन की सुविधा मिलेगी। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिले के इच्छुक आवेदक सहायक संचालक, जिला कौशल विकास प्राधिकरण कार्यालय, रायगढ़ में संपर्क कर सकते हैं।

### ट्रैलर में लगी आग, मौके पर पहुंचा दमकल वाहन

**कोरबा 8 फरवरी ।** दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत दीपका खदान में एक अनलोड ट्रैलर वाहन में अचानक आग लग गई। घटना पश्चात मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार, संबंधित ट्रैलर वाहन अनलोड अवस्था में था। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही दमकल की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और धू-धू कर जल रहे ट्रैलर में लगी आग पर काबू पाया। राहत की बात यह रही कि ट्रैलर में कोयला लोड नहीं था, जिससे बड़ा नुकसान टल गया।इस संबंध में रोड सेल इंचार्ज संतोष सिंह ने बताया कि ट्रैलर में कोयला नहीं था। अचानक आग लगने की सूचना मिली थी, जिसे फायर वाहन की मदद से समय रहते बुझा लिया गया। घटना में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है।

### दीपका एटक के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहित 23 पदाधिकारियों ने दिया सामूहिक इस्तीफा

**कोरबा 8 फरवरी ।** एसईसीएल दीपका एरिया में श्रमिक संगठन एटक को बड़ा झटका लगा है। क्षेत्रीय अध्यक्ष सहित 23 पदाधिकारियों ने सामूहिक इस्तीफा दिया है। एसईसीएल दीपका क्षेत्र में एक माह पूर्व ही एटक यूनियन का क्षेत्रीय सम्मलेन हुआ था। इसके बावजूद यूनियन में इन दिनों सब कुछ ठीक नही चल रहा है। हाल ही में कुसमुण्डा क्षेत्र में मजदूर आंदोलन पर एटक के क्षेत्रीय अध्यक्ष का समर्थन रहा है। वहीं दूसरी ओर क्षेत्रीय सचिव आंदोलन से किनारा कर अलग नजर आए थे। अब विवाद दीपका क्षेत्र में भी देखने को मिल रहा है। संयुक्त कोयला मजदूर संघ (एटक) एसईसीएल के केंद्रीय महामंत्री अजय विश्वकर्मा पर मनमानी ढंग से संगठन चलाने सहित 7 बिंदुओं पर आरोप लगाते हुए एटक के राष्ट्रीय महामंत्री अमरजीत कौर को पत्र लिखा गया है। पत्र में एटक दीपका क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष व क्षेत्रीय कल्याण समिति सदस्य जीत सिंह, क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व क्षेत्रीय कल्याण समिति के सदस्य सत्येंद्र कुमार मिश्रा, क्षेत्रीय सह-सचिव यज्ञेश कुमार द्विवेदी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व क्षेत्रीय आवास समिति के सदस्य सुरेंद्र कुमार स्वर्णकार, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष व क्षेत्रीय खान सुरक्षा समिति के सदस्य रामनारायण राजवाड़े, दीपका परियोजना के अध्यक्ष मनमीत सिंह सहित 23 क्षेत्रीय और शाखा कार्यकारिणी के सदस्यों ने पद से सामूहिक इस्तीफा दिया है।

### ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस के साथ मनाया गया आवास दिवस

**कोरबा, 8 फरवरी ।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार एवं सीईओ जिला पंचायत श्री दिनेश कुमार नाग के मार्गदर्शन में जिले की ग्राम पंचायतों में शनिवार को चावल उत्सव, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत रोजगार दिवस तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवास दिवस का आयोजन किया गया।

आवास दिवस आयोजन का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराना, हितग्राहियों में जागरूकता बढ़ाना तथा निर्माण के दौरान आ रही समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना रहा।

### डिजिटल नवाचार से ग्रामीण सशक्तिकरण की मिसाल

# रायगढ़ की 550 पंचायतों में 'रोजगार सह आवास दिवस' पर उमड़ा जनसैलाब

**रायगढ़, 8 फरवरी ।** राज्य शासन एवं जिला प्रशासन की अभिनव पहल के तहत रायगढ़ जिले की सभी 550 ग्राम पंचायतों में आज 'रोजगार सह आवास दिवस' का व्यापक एवं प्रभावशाली आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय कार्यक्रम ने ग्रामीण विकास को तकनीक, पारदर्शिता और जनभागीदारी से जोड़ते हुए शासन तथा प्रशासन और आम नागरिकों के बीच की दूरी को उल्लेखनीय रूप से कम किया है।

कार्यक्रम के दौरान पंचायत स्तर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति देखने को मिली। नौ हजार से अधिक ग्रामीणों ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए डिजिटल माध्यमों के जरिए अपने गांव के विकास कार्यों की जानकारी सीधे अपने मोबाइल पर प्राप्त की।



#### क्यूआर कोड से पारदर्शी हुआ गांव का विकास

आयोजन का मुख्य आकर्षण डिजिटल सुशासन रहा। पंचायत परिसरों में उपलब्ध कराए गए क्यूआर कोड को स्कैन करते ही ग्रामीणों के मोबाइल पर उनके गांव की 'एट अ ग्लांस रिपोर्ट खुल गई। इस रिपोर्ट में पिछले पांच वर्षों में मनरेगा के अंतर्गत हुए कार्यों का विस्तृत विवरण, साथ ही विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण योजना की संपूर्ण जानकारी उपलब्ध रही। इस दौरान अपने गांव के विकास कार्यों को पारदर्शी रूप से मोबाइल स्क्रीन पर देखकर ग्रामीणों में उत्साह और विश्वास देखने को मिला।

#### आजीविका डबरी से आय के नए अवसर

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने के उद्देश्य से डबरी निर्माण के महत्व पर विशेष फोकस किया गया। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि डबरी के माध्यम से जल संरक्षण, कृषि सिंचाई और मछली पालन जैसे कार्यों को बढ़ावा देकर ग्रामीण परिवारों की आय में स्थायी वृद्धि संभव है। इसी क्रम में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए विशेष पम्पलेट वितरण किया गया, ताकि प्रत्येक ग्रामीण रोजगार और आजीविका से जुड़ी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सके।

#### आवास और मनरेगा से जुड़े मुद्दों का मौके पर समाधान

रोजगार सह आवास दिवस' के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मनरेगा से संबंधित जमीनी समस्याओं पर सीधा संवाद स्थापित किया गया। इसमें प्रमुख रूप से आवास निर्माण की किस्तों के भुगतान की स्थिति, प्रधानमंत्री आवास के साथ मिलने वाली मनरेगा की 90 दिवस की मजदूरी का समन्वय, निर्माण सामग्री की उपलब्धता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने जैसे विषयों पर दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही ग्रामीणों को अवगत कराया गया कि आवास की समयबद्ध पूर्णता के लिए मनरेगा मजदूरी का भुगतान उनका अधिकार है, जिसे सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

#### प्रशासन की प्रतिबद्धता

इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिजीत पठारे ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य विकास की सभी कड़ियों को आपस में जोड़ना है। उन्होंने बताया कि जहां एक ओर पक्के आवास से सिर पर छत सुनिश्चित की जा रही है, वहीं दूसरी ओर 'आजीविका डबरी' और वीबी जी राम जी के माध्यम से रोजगार और आजीविका की स्थायी गारंटी दी जा रही है। यह समन्वित मॉडल रायगढ़ जिले को डिजिटल, आत्मनिर्भर और सशक्त ग्रामीण विकास की दिशा में नई पहचान दिला रहा है।

## राष्ट्रपति मुर्मू के समक्ष रंग पुरवईया बस्तर फोक बैंड कोंडागांव ने दी प्रस्तुति



**कोण्डागांव, 8 फरवरी।** 7 फरवरी बस्तर पंडुम महोत्सव के अवसर पर जगदलपुर के लालबाग में आयोजित कार्यक्रम में रंगपुरवईया बस्तररिया फोक बैंड द्वारा महामहिम माननीया राष्ट्रपति महोदया के समक्ष एक शानदार एवं भावपूर्ण बस्तर लोक-सांस्कृतिक पर आधारित पारंपरिक वाद्य यंत्रों के समायोजन कर प्रस्तुति दी गई। इस प्रस्तुति में बस्तर की समृद्ध लोकसंस्कृति, परंपरा और लोकसंगीत की विशिष्ट झलक देखने को मिली।इस ऐतिहासिक प्रस्तुति से जिला कोंडागांव के संगीत प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ी।इसके साथ ही सभी कलाकारों को आशीर्वाद प्रदान किए।आप सभी को अवगत हो कि इन कलाकारों के द्वारा भी कई राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेकर विजेता बनकर कोंडागांव जिले का नाम रोशन किये।इस अवसर पर रंगपुरवाईया फोक बैंड के संचालक , सानू मार्कण्डेय ,संगीत संयोजक श्री जयकिशन मार्कण्डेय,वरिष्ठ लोकगायक दीपक पोयाम, लोकगायक गोकुल बघेल,ईश्वर गेंडरे,गायिका सुश्री सनीता मरकाम, सुश्री कंचन नायक एवं सुश्री दिनेश्वरी नेताम ने अपनी सशक्त प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।संगीत में संगतकार के रूप में कमल चौहान, नियाज़ अहमद,दीपक यादव, तेजेन्द्र यादव, बलराम, चन्दन मरकाम एवं ब्रिजलाल मरकाम ने उत्कृष्ट संगत प्रदान की, जिससे संपूर्ण प्रस्तुति अत्यंत प्रभावशाली बन गई।रंगपुरवाईया ठेठ बस्तररिया फोक बैंड की इस प्रस्तुति को कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों एवं दर्शकों से भरपूर सराहना मिली। यह प्रस्तुति बस्तर की लोक-सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय मंच पर गौरवपूर्ण पहचान दिलाने वाली सिद्ध हुई।

## बालको जोनांतर्गत वार्डो को मिली 2.17 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात

**कोरबा, 8 फरवरी ।** निगम के बालको जोनांतर्गत वार्ड क्र. 47 एवं 39 को 02 करोड़ 17 लाख रूपय के विकास कार्यों की सौगात मिली, जिसमें नवनिर्मित सामुदायिक भवन के लोकार्पण, विभिन्न वार्डों के 08 स्थानों पर आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण सहित सड़क, नाली व पाईप लाईन विस्तार के नवीन कार्य शामिल हैं। प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने इन विकास कार्यो का भूमिपूजन व लोकार्पण किया। उन्होने पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य करते हुए समयसीमा में कार्य को पूरा करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 47 शिवनगर बिरसामुन्डा मोहल्ला में 25 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया गया है, जिसका लोकार्पण आज प्रदेश के उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उनके करकमलों से किया गया। अंतर्गत पॉलिटेक्निक कालेज बस्ती 16 लाख 48 हजार रूपये की लागत से ओ.पी.व्ही.सी. पाईप बिछाने का कार्य कराया जाना हैं।

## बुजुर्ग ने पड़ोसी के बच्चे को टंगिया मार कर किया घायल

**भिलाई, 8 फरवरी ।** भिलाई उतई थाना क्षेत्र के ग्राम जोरातरई में मामूली सी बात को लेकर बुजुर्ग ने अपने पड़ोसी के बच्चे पर धारदार टांगिया सिर पर वार कर घायल कर दिया। घायल बच्चे को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज जारी है। पुलिस ने बुजुर्ग के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है प्रार्थी गोदावरी देवांगन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका ढाई साल का बच्चा उसके पड़ोसी परदेशी राम



देवांगन के घर खेलने गया था जहां खेल रहा था। इसी दौरान ( 65 साल ) बुजुर्ग परदेशी राम देवांगन ने खेलने से मना किया और अपने घर जाने को कहा लेकिन मासूम बच्चा नहीं मना और खेल ही रहा था। जिससे आवेश में आकर आरोपी बुजुर्ग पड़ोसी ने घर में रखे धारदार टांगिया से उसके सिर पर वार कर दिया। इस घटना में मासूम बच्चे लहूलुहान हो गया जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को जिसके बाद पुलिस मौके पर विवेचना में जुट गई पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर आरोपी परदेशी राम देवांगन गिरफ्तार कर विवेचना में जुट गई है।

## कक्षा 5वीं और 8वीं की केन्द्रीकृत परीक्षा में सभी स्कूलों के छात्रों की अनिवार्य सहभागिता

**रायगढ़, 8 फरवरी ।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.के.वी.राव ने अशासकीय शालाओं के प्राचार्यो की समीक्षा बैठक सेंट जेवियर स्कूल, बोईरदादर में ली। बैठक में छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग रायपुर द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा पांचवीं एवं आठवीं की केन्द्रीकृत वार्षिक परीक्षा के आयोजन एवं उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन संबंधी जारी दिशा-निर्देशों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहां कि कक्षा पांचवीं एवं आठवीं की केन्द्रीकृतपरीक्षा में राज्य के समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त एवं माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबद्ध हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों के विद्यार्थियों की सहभागिता अनिवार्य होगी।लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार कक्षा पांचवीं की परीक्षा 16 से 25 मार्च तक तथा कक्षा आठवीं की परीक्षा 17 मार्च से 6 अप्रैल 2026 तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा संचालन की संपूर्ण जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपी गई है।

समीक्षा बैठक में सभी अशासकीय शालाओं के प्राचार्यो को निर्देशित किया गया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबद्ध विद्यालयों में छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदत्त पुस्तकों से तथा सीबीएसई व अन्य बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों में केवल एनसीईआरटी की पुस्तकों से ही अध्यापन किया जाएगा। अन्य प्रकाशकों की पुस्तकों से पढ़ाने पर विधिसम्मत कार्यवाही की जाएगी।साथ ही, किसी भी विद्यालय द्वारा पालकों को किसी एक दुकान से पुस्तक, कॉपी, ड्रेस या अन्य सामग्री खरीदने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा और न ही स्कूल परिसर में इन वस्तुओं का विक्रय किया जाएगा। शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित स्कूल पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों की समीक्षा करते हुए इस वर्ष जिले के लिए कक्षा 10वीं में 85 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं में 90 प्रतिशत परिणाम का लक्ष्य निर्धारित किया गया। प्री-बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त छात्रों के लिए विशेष मेंटर नियुक्त कर अधिक से अधिक विद्यार्थियों को मेरिट सूची में शामिल करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर परीक्षा नोडल अधिकारी भुवनेश्वर पटेल, शाखा प्रभारी लोकेश गुप्ता, सेंट जेवियर स्कूल के प्राचार्य सहित जिले के अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रबंधक उपस्थित रहे।

## जॉबदर कर्मचारी संघ ने मार्कफेड अध्यक्ष शशिकान्त द्विवेदी से विभाग के विभिन्न मुद्दों को लेकर की मुलाकात

**डोंगरगढ़ , 8 फरवरी।** भाजपा नेता एवं मार्कफेड अध्यक्ष ( प्राधिकृत अधिकारी) शशिकान्त द्विवेदी से खैरागढ़ छूईखादान गंडई, राजनांदगाव, मानपुर मोहला चौकी जिले के मार्कफेड मे जॉबदर पर कार्यरत सहायक प्रोग्रामर मुकेश चंद्राकर, महेंद्र डहारे, लोकेश्वर सिन्हा, कम्प्यूटर ऑपरेटर विजय साहू, पंकज सिंह, लक्ष्मीकांत साहू, गिरधारी लाल मुंजारिया, जितेन्द्र गुप्ता आदि ने उनके डोंगरगढ़ निवास स्थान मे गुलदस्ता भेंट कर मार्कफेड का अध्यक्ष बनने की बधाई देते हुए विभाग मे जॉबदार पर कार्यरत कर्मचारियों के प्रति जो अनदेखा किया जा रहा है उससे अवगत कराते हुये विगत 5 सालों से वेतन में वृद्धि को लेकर विभाग द्वारा किसी प्रकार का पहल नहीं किया गया ,से अवगत कराया गया। ज्ञात हो की विभाग में कार्यरत जॉबदर कर्मचारियों का वेतन वित्त विभाग छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा जारी वित्तीय निर्देश संविदा के आधार पर समय-समय पर बढ़ता रहा है, किंतु वर्तमान में मार्कफेड के उच्च अधिकारियों द्वारा संविदा के आधार के आदेशों को गलत ठहराते हुए वेतन मे वृद्धि करने से मना कर दिया गया।विभाग में विगत 18 सालो से जॉबदर पर कार्यरत प्रोग्रामर, सहायक प्रोग्रामर एवं कंप्यूटर ऑपरेटरों का छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग के निर्देश 2007, 2012, 2015, 2019, के तहत वेतन वृद्धि समय-समय पर किया जाता रहा है किंतु वर्तमान मे वित्तीय निर्देश 2021 के तहत जॉब दर कर्मचारियों का वेतन वृद्धि संविदा के आधार पर होना चाहिए था, किंतु विभाग में कुछ उच्च अधिकारी वित्त विभाग के वित्तीय निर्देश के आधार को गलत ठहराते हुए जॉब दर कर्मचारियों का वेतन वृद्धि करने से मना कर दिया गया । 5 साल व्यतीत होने के बाद भी आज दिनांक तक 2019 का ही वेतनमान मार्कफेड में कार्यरत जॉबदार कर्मचारियों को दिया जा रहा है, जिसको लेकर विभाग में कार्यरत जॉबदर कर्मचारी विभाग के उच्च अधिकारियों से लगातार वेतन वृद्धि को लेकर ज्ञापन देकर गोहार लगाते रहे, किंतु किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की गई,पूर्व मे श्री द्विवेदी के पहल से ही कर्मचारियों के वेतन वृद्धि किया गया था । वर्तमान में श्री द्विवेदी के मार्कफेड के अध्यक्ष बनने पर मुलाकात किया गया जिस पर श्री द्विवेदी जी द्वारा कर्मचारियों के वेतनवृद्धि और भविष्य को ध्यान में रखते हुए उचित पहल करने का आश्वासन दिया गया है।

## शराब बिक्री स्पॉट से कुछ दूरी पर अत्यधिक शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर है कारवाई की आवश्यकता

**कवर्धा, 8 फरवरी।** कबीरधाम जिले मे कवर्धा विधानसभा , पंडरिया विधानसभा में संचालित शराब बेचने वाले दुकानों में भारी भीड़ यह दर्शाती है की युवाओं को पता नहीं है की शराब पीने से फेफड़ा , लीवर खराब हो सकता है यह जानकारी नहीं है शायद । चिंतनीय विषय यह भी है की कमाई का ज्यादा हिस्सा शराब पीने में खर्च हो रहा है ।

शराब पीकर तेज गति से गाड़ी चलाना और एक्सीडेंट की घटनाएं भी बढ़ सकती है क्योंकि होली समीप है ओर होली के समीप आते ही ज्यादा पीने की आदत बढ़ने की संभावना रहती है । ज्यादा शराब पीकर गाड़ी चलाने वालो के प्रति सभी थाना चौकियों के आसपास यातायात सुरक्षा अभियान चलाने की आवश्यकता है । जिला यातायात प्रभारी अजयकांत तिवारी ने सभी वाहन चालकों से विनम्र अपील की नशे में गाड़ी ना चलाए । यदि नशे में गाड़ी चलाएंगे तो होगी कार्रवाई । सभी थाना प्रभारियों चौकी प्रभारी को ज्यादा शराब पीकर चलाने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई करना चाहिए । जिससे की ज्यादा शराब पीकर गाड़ी चलाने वालो के कारण कोई दुर्घटना होने से भविष्य में बचा जा सकता है यदि ज्यादा शराब पीकर गाड़ी चलाने वालो पर कारवाई होगी । बाइक , ट्रक , कार चलाने वाले चालकों की तेज गति से चेकिंग होनी चाहिए ओर हेलमेट ओर शीट बेल्ट पहने की नहीं इस पर जोर शोर से चेकिंग होनी चाहिए । शराब पीने लगातार बढ़ती आदत चिंताजनक गरीब परिवार , किसान , मजदूरों में शराब पीने की बढ़ती आदत चिंताजनक है । अच्छे भोजन , अच्छी शिक्षा पर खर्च ना होकर कमाई का ज्यादा हिस्सा शराब पर खर्च हो रहा है । महिलाओं ने कहा की सरकार को शराब बंद कर देना चाहिए ।

## बच्चों के जरिए समाज तक पहुंच रहा सुरक्षा का संदेश

**भिलाई, 8 फरवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र का सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग संयंत्र सुरक्षा के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों का भी प्रभावी निर्वहन कर रहा है। समाज में सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से बीएसपी द्वारा पिछले 30 वर्षों से लगातार बच्चों के लिए सुरक्षा आधारित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। हर वर्ष जनवरी माह के दूसरे रविवार को सेक्टर-8 स्थित सुनीति उद्यान में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता का बच्चों को बेसब्री से इंतजार रहता है। सुबह से ही पालक अपने बच्चों के साथ ड्राइंग बोर्ड और रंगों के साथ उद्यान पहुंचते हैं। प्रतियोगिता में बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों और शिक्षकों का उत्साह भी देखते ही बनता है। चयनित चित्रों को बाद में नेहरू आर्ट गैलरी में आम जनता के लिए प्रदर्शित किया जाता है। इस प्रतियोगिता की विशेषता यह है कि इसमें स्पेशल एबल्ड बच्चों के लिए भी अलग से प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। भिलाई के मुस्कान, प्रगति सहित तीन विशेष विद्यालयों के बच्चे इसमें भाग लेते हैं। शिक्षकों और अभिभावकों की देखरेख में ये बच्चे भी समाज के अन्य बच्चों के साथ बैठकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं। बीएसपी का उद्देश्य केवल सुरक्षित संयंत्र ही नहीं, बल्कि सुरक्षित समाज का निर्माण भी है। बच्चो में सुरक्षा के संस्कार रोपित करना इस प्रतियोगिता का मुख्य लक्ष्य है, ताकि ये बच्चे आगे चलकर सुरक्षा के प्रति जागरूक नागरिक बन सकें। बढ़ते उत्साह को देखते हुए बीते वर्ष से बीएसपी ने पालकों के लिए भी चित्रकला प्रतियोगिता शुरू की है। अब बच्चे ही नहीं, बल्कि माता-पिता भी अपने पुराने हुनर को कागज पर उतार रहे हैं। करीब तीन घंटे तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में पहले पालक सिर्फ दर्शक होते थे, लेकिन अब वे भी सक्रिय प्रतिभागी बन चुके हैं। स्कूली बच्चों के लिए सुरक्षा आधारित यह चित्रकला प्रतियोगिता लगभग तीन दशक से लगातार आयोजित की जा रही है। सड़क सुरक्षा, पर्यावरण सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा और संयंत्र सुरक्षा जैसे विषयों पर बच्चे अपने विचारों को रंगों के माध्यम से प्रस्तुत करते हैं।

### श्रीकृष्ण का जीवन केवल धर्म स्थापना और युद्ध विजय तक सीमित नहीं था बल्कि यह प्रेम, भक्ति और आध्यात्मिक चेतना से भी जुड़ा है : कुमेश शर्मा

**अंवरी।** ग्राम करगा में श्री मद भागवत ज्ञान सप्ताह का आयोजन 2 फरवरी से 10 फरवरी तक किया गया है जिसमें कथा वाचक पं. कुमेश शर्मा ने छटवां दिन 7 फरवरी दिन शनिवार को श्री कृष्ण लीला एवं रुखमणी विवाह के बारे में बताते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन केवल धर्म स्थापना और युद्ध विजय तक सीमित नहीं था, बल्कि यह प्रेम, भक्ति और आध्यात्मिक चेतना से भी जुड़ा हुआ था। उनके जीवन की अनेक लीलाओं में से एक सबसे महत्वपूर्ण घटना थी रुक्मिणी विवाह। यह केवल एक राजकुमारी और एक राजकुमार का विवाह नहीं था, बल्कि यह सच्चे प्रेम, भक्ति और समर्पण की विजय की कहानी है। रुक्मिणी ने भगवान श्रीकृष्ण को मन, वचन और कर्म से अपना पति मान लिया था, लेकिन उनके भाई रुक्मी ने उनके विवाह को रोकने के लिए हर संभव प्रयास किया। फिर भी, जब प्रेम सच्चा हो और भक्ति अडिग हो, तो स्वयं भगवान उसे सफल बनाते हैं। आगे लोगों को संदेश देते हुए कहा कि श्रीकृष्ण और रुक्मिणी का विवाह केवल एक पौराणिक कथा नहीं, बल्कि यह प्रेम, भक्ति और शक्ति का अद्भुत संगम है।श्रीकृष्ण और रुक्मिणी का जीवन हमें आदर्श दांपत्य जीवन और परम भक्ति का मार्ग दिखाता है।



## ग्रामीण क्षेत्रों का समुचित विकास और जनसुविधाओं का विस्तार हमारी प्राथमिकता है : शिवरतन शर्मा

■ शिवरतन शर्मा ने ग्राम मोपर में 85 लाख रुपए के अधोसंरचना निर्माण एवं विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

**भाटापारा,8 फरवरी।** विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने एवं जनता की मूलभूत व आवश्यक सुविधाओं के विस्तार के लिए भाजपा नेता शिवरतन शर्मा द्वारा निरन्तर अधोसंरचना निर्माण एवं विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया जा रहा है। गुणवत्तापूर्ण और तय समय में विकास कार्यों को पूरा करने के लिए वे स्वयं विधानसभा में होने वाले सभी कार्यों की समय-समय पर समीक्षा कर रहे हैं,वहीं उनका निरिक्षण भी कर रहे है। शनिवार को शिवरतन शर्मा ने ग्राम मोपर की मूलभूत सुविधाओं के मद्देनजर 85 लाख के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि हमारे देश की पहचान हमारे गाँव से है, इसलिए हमारे ग्रामीण क्षेत्रों का निरन्तर विकास और जनता की मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। यह सभी



निर्माण कार्य ग्राम के विकास एवं जनता की सुविधाओं का विस्तार करने में बहुमूल्य भूमिका निभाएंगे। जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है तब से छत्तीसगढ़ में अधोसंरचना विकास से लेकर कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से जन-जन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है। भाटापारा विधानसभा में विकास कार्य प्रगति पर हैं, जनता को योजनाओं का लाभ मिल रहा है, महिलाओं का सशक्तिकरण, किसानों को सम्मान और युवाओं को रोजगार के साथ हमारे वृद्धजनों को आयुष्मान योजना के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल रहा है।

### पन्या मेत्ता संघ ने 33 वाँ अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन का आयोजन 6 फरवरी को किया

# प्रज्ञागिरी, डोंगरगढ़ में लगा भिक्षु-भिक्षुणी व धम्म उपासक उपासिकाओं का मेला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कलकसा (डोंगरगढ़), 8 फरवरी।** पन्या मेत्ता संघ द्वारा 33 वाँ अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन का कार्यक्रम पन्या मेत्ता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूज्य भदंत संघरत्न मानके की उपस्थिति में प्रज्ञागिरि, डोंगरगढ़ में जापानी अतिथियों एवं जापानी उपासक उपासिकाओ, भारत के भिक्षु-भिक्षुणी एवं सैकड़ों धम्म उपासक उपासिकाओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत 5 फरवरी को प्रज्ञागिरी में महापरीत्रान पाठ हेतु धम्म रैली शाम 5 बजे से कैंडल रैली प्रज्ञागिरि तक पहुंची और पूजनीय भिक्षु संघ की उपस्थिति में संपन्न हुई। भोजन दान उपासक विवेक वासनिक द्वारा दिया गया। 6 फरवरी को सुबह 10 बजे से धम्म रैली पूजनीय जापानी एवं भारतीय भिक्षुओं, भिक्षुणी, उपासक उपासिकाओ की उपस्थिति में निकली। धम्म रैली नागसेन बुद्ध विहार, प्रज्ञा चौक बुद्ध विहार, राजीव नगर बुद्ध विहार में त्रि शरण पंचशील लेते हुए, बुद्धम शरणं गच्छामि की गूंज के साथ प्रज्ञागिरि पर्वत में तथागत सम्यक सम्बुद्ध की 30 फिट ऊंची प्रतिमा के समक्ष पहुंचीं, तथागत की प्रतिमा के समक्ष मोमबत्ती, अगरबत्ती लगाकर पूजा वंदना शुरु हुई।

जापानी भिक्षुओं ने जापानी में बुद्ध वंदना की।भारतीय भिक्षुओं ने पाली भाषा में बुद्ध वंदना की, थाईलैंड के भिक्षुओं ने थाई में बुद्ध वंदना संपन्न की इसके पश्चात धम्मप्रवचन का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के उद्घाटक जापान से आए पूज्य भदंत खोशोतानी (अध्यक्ष पन्या मेता संघ जापान), विशेष अतिथि पूज्य भदंत शोझेन आराही (द लाइट उप कॉर्नर के निर्देशक, तेंदाई संघ जापान), मुख्य अतिथि पूज्य भदंत शोताई याकोयामा(ध्यान साधना केंद्र हीऐई पर्वत, जापान) विशेष अतिथि पूज्य भदंत खोकेन तेराशिमा, जापान,



विशेष अतिथि पूज्य भिक्खूनी तेईयू ओची, जापान, विशेष मुख्य अतिथि जापान से उपासीका योखो आओयामा, उपासिका याशुको ख़ांनो, उपासिका तोमोखो ओताखे, उपासिका मात्सुखो ऐगुचि, उपासिका सिजुको मुराखामी, उपासिका खेईयो साजाखी, थाईलैंड से आए थाई भिक्षु पूज्य भदंत चैत्य, फिलफ्ले, थाईलैंड, फतलाफोन, थाईलैंड, भारतीय भिक्षु पूज्य भदंत मेत्तानंद, नागपुर, पूज्य भदंत धम्मतप, पूज्य भदंत धम्मशिखर, पूज्य भदंत कोण्डय, नागपुर, पूज्य भदंत देवानंद, नागपुर, पूज्य भदंत सुभद्र बोधि, मुरैना, पूज्य भदंत विनय बोधि, भंडारा, पूज्य भदंत धम्मपाल, पूज्य भदंत महेंद्र, रायपुर, पूज्य भिक्खुनी सद्दापुष्प, ग्वालियर, पूज्य भदंत श्रद्धा तिलक, ग्वालियर, संत साहेब ग्वालियर, उपासक एच. के आजाद, ब्राह्मणकर सर डा.अम्बेडकर स्कूल, पूनम वेणु गोपाल, अमित टेंभुरकर, रजत गजभिए, प्रदीप गजभिए, नील टेंभुरकर, भरत गढ़पायले, शरद इंदुरकर, हीरालाल टेंभुरकर, मीना गोंडाने, अन्नू कोसा कोटांगले, पल्लवी मेश्राम, घरडे सर, प्रभा चंडिकापुरे, किरण नंदेश्वर, करण नंदेश्वर, प्रजेश सहारे, छोटू, स्वप्निल जी, विलास उके एवं डोंगरगढ़ के सैकड़ों धम्म उपासक उपासिकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन पश्चात् द बुद्धा टीचिंग फाउंडेशन, एस सी, एस.टी. एसोसिएशन, रेलवे समूह ग्रुप द्वारा भोजन दान एवं धम्मपद पुस्तकों को मुफ्त में दान दिया।

डॉ. मनोज गजभिए, ज्योति मेश्राम ने मंच संचालन किया, आभार प्रदर्शन आयु. अनमोल बौद्ध ने किया। पन्या मेत्ता संघ ने विशेष सहयोग करने वाले सुजाता महिला मंडल सभी सभासदों एवं सभी दानदाताओं को, समस्त पुलिस प्रशासन सहित एसडीएम सर, एसडीओपी सर साधुवाद ज्ञापित कर आभार प्रदर्शन किया।

# सूने मकान में चोरी करने वाले दो युवक गिरफ्तार



- थाना सिमगा पुलिस ने रिपोर्ट के 4 घंटे के भीतर दोनों आरोपियों को लिया हिरासत में
- आरोपियों ने टीहूपारा सिमगा में सूने मकान का ताला तोड़कर की थी चोरी
- घर में रखे अलमारी का ताला तोड़कर आरोपियों ने 30,000 कीमत के सोने का जेवर किया था चोरी
- आरोपियों से 28,000 कीमत मूल्य का सोने का जेवर किया बरामद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 8 फरवरी।** प्रार्थी सक्षम जायसवाल निवासी टीहूपारा सिमगा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 05.02.2025 को रात्रि के समय जब वह घर वापस आया, तो देखा कि गेट का ताला टूटा हुआ था तथा घर के अंदर अलमारी में रखे ?30, 000 कीमत मूल्य के सोने के जेवर नहीं थे। साथ ही अलमारी का सामान भी बिखरा हुआ था। आरोपी चोर द्वारा उक्त सामान को चोरी कर लिया गया है। कि रिपोर्ट पर थाना सिमगा में अपराध क्र. 57/2026 धारा 331(4), 305(ए), 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिमगा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी झग्गर निषाद एवं मनीष गायकवाड को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा प्रार्थी के घर को सूना पाकर रात्रि के समय उसके घर में चोरी करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में दोनों आरोपियों से चोरी का ?28, 000 कीमत मूल्य का सोने का जेवर बरामद किया गया है तथा प्रकरण में दोनों आरोपियों को आज दिनांक 06.02.2026 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

आरोपियों के नाम झग्गर निषाद उम्र 21 वर्ष निवासी टीहूपारा सिमगा थाना सिमगा, मनीष गायकवाड उम्र 20 वर्ष निवासी टीहूपारा सिमगा थाना सिमगा है।

## एक नजर

### शिवलिंग स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा 9 फरवरी से।

**ढारा/भंडारपुर, 8 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** खैरागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत भंडारपुर करेला में आगामी 9 फरवरी सोमवार से शिवलिंग स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित है। इस आशय की जानकारी देते हुए ग्राम प्रमुख रामविलास सिन्हा मंदिर समिति के सदस्य संतोष जैन चांद सिन्हा उदय सिन्हा मुनेंद्र सिन्हा अमीर वर्मा व दुर्गेश सिन्हा ने बताया कि 9 फरवरी सोमवार को कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम प्रारंभ होगा। तत्पश्चात बेदी पूजा जल अधिवास का कार्यक्रम होगा। इस दिन जयश्री महाकाल अघोरी ग्रुप बघेरा दुर्ग द्वारा भगवान शिव की कलश यात्रा में विशेष प्रदर्शन किया जाएगा। 10 फरवरी मंगलवार को बेदी पूजा शिव पार्वती विवाह अन्न अधिवास का कार्यक्रम होगा तथा 11 फरवरी बुधवार को बेदी पूजा के पश्चात प्राण प्रतिष्ठा होगी। तत्पश्चात हवन एवं महाप्रसादी के साथ स्थापना पूजा का कार्यक्रम का समापन होगा। क्षेत्र के शिव प्रेमियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थिती की अपील ग्रामवासियों ने की है।

### सट्टापट्टी लिखते सटोरिया गिरफ्तार



**डोंगरगढ़, 8 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि रविन्द्र बाघमारे, कक्कड़ गोदाम के सामने भगत सिंह चौक स्थित अपनी कपड़ा प्रेस दुकान में मोबाइल फोन के माध्यम से सट्टा-पट्टी लिखकर अंकों पर रुपये-पैसों का दांव लगा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा आरोपी को सट्टा-पट्टी लिखते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से एक नग रेडमी कंपनी का मोबाइल (कीमत लगभग 5, 000/- रुपये) तथा नगद 33, 000/- रुपये, कुल 38, 000/- रुपये जप्त किए गए। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत वैधानिक कार्यवाही कर उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

### दामाखेड़ा का नाम अब कबीर धर्म नगर दामाखेडा, अधिसूचना जारी

**बलौदाबाजार, 8 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विकासखंड सिमगा स्थित कबीर पंथियो के आस्था का प्रमुख केन्द्र दामाखेड़ा का नाम अब विधिवत कबीर धर्म नगर, दामाखेड़ा हो गया है। इस सम्बन्ध में राज्य शासन द्वारा राजपत्र में अधिसूचना का प्रकाशन कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 23 फरवरी 2024 क़ो दामाखेड़ा में आयोजित संत समागम समारोह माघी मेला में सम्मिलित हुए थे। इस अवसर पर उन्होंने दामाखेड़ा क़ा नाम कबीर धर्म नगर दामाखेडा करने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में विगत जून माह में मंत्रिपरिषद की बैठक में दामाखेड़ा का नाम कबीर धर्मनगर दामखेड़ा किये जाने का अनुमोदन किया गया था। कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा में प्रति वर्ष माघ पूर्णिमा के अवसर पर विशाल संत समागम समरोह एवं माघी मेले का आयोजन होता है जिसमें देश-विदेश के श्रद्धालु शामिल होते हैं।

# छेछर में चलते ट्रैक्टर और कार में डेंजर स्टंट करने वाले आठ लोगों पर कार्रवाई

### वायरल वीडियो से हुई पहचान, 2 वाहन चालक व 6 अवयस्क बालक सहित 8 आरोपी गिरफ्तार

- शाला विदाई कार्यक्रम के दौरान, चलते ट्रैक्टर एवं ईको कार में खतरनाक तरीके से स्टंट करते हुए वीडियो हुआ था वायरल
- वायरल वीडियो में दिख रहे सभी अवयस्क बालकों, को ग्राम सरपंच, पंच एवं उनके परिजनों के माध्यम से दी गई कड़ी फटकार व चेतावनी
- पकड़े गए आरोपियों से 1 ट्रैक्टर व ईको कार जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 8 फरवरी।** 6 फरवरी को वायरल वीडियो एवं विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से पता चला कि ग्राम छेछर स्थित स्कूल के कुछ छात्रों द्वारा शाला विदाई समारोह कार्यक्रम के दौरान सड़क मार्ग एवं स्कूल परिसर में यातायात नियमों का उल्लंघन कर, खतरनाक तरीके से ट्रैक्टर एवं ईको कार से स्टंट किया जा रहा था। इस दौरान खतरनाक स्टंट करते हुए वाहनों में अवयस्क छात्र शामिल थे। कि सूचना पर पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा वायरल वीडियो में खतरनाक स्टंट करते हुए दिख रहे अनावेदकों पर कार्यवाही करने हेतु थाना प्रभारी कसडोल को आवश्यक निर्देश दिया गया।

उक्त निर्देशों के परिपालन में थाना कसडोल पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 07.02.2026 को उक्त वायरल वीडियो एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया न्यूज़ के आधार पर पहचान करते हुए संबंधित वाहनों के 02 वाहन चालक एवं 06 अवयस्क बालक सहित कुल 08 लोगों को पकड़ा गया जिनसे पूछताछ करने पर इन सभी के द्वारा ट्रैक्टर एवं ईको कार में सवार होकर खतरनाक स्टंट करना स्वीकार किया गया। ग्राम छेछर सरपंच एवं पंचों की उपस्थिति में पकड़े गए सभी 06 अवयस्क बालक के परिजनों को थाना कसडोल बुलाकर, उनके माध्यम से इन अवयस्क सभी बालकों को कड़ी फटकार लगाया गया एवं भविष्य में कभी भी ऐसा नहीं करने की उनके परिजनों द्वारा कडी चेतावनी भी दिया गया। प्रकरण में पुलिस द्वारा 01 ट्रैक्टर एवं 01 ईको कार जप्त किया गया है।

प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही करते हुए संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध लापरवाहीपूर्वक एवं खतरनाक तरीके से वाहन चालन करने की धाराओं के तहत कुल 02 अपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है तथा मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 के तहत भी कारवाई किया गया है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की युवा वर्गों से खास अपील- ऐसे किसी भी अंवैधानिक कृत्यों या खतरनाक स्टंट आदि में ना पड़े। ऐसा कोई भी कृत्य आपके लिए खतरनाक हो सकता है।

यह आपके परिजनों के लिए पीडादायक साबित हो सकता है। साथ ही बच्चों के परिजन अपने बच्चों की नियमित रूप से निगरानी करें, उन्हें अच्छे बुरे के बारे में जानकारी दें, जिससे बच्चों का भविष्य उज्जवल हो एवं वह सभी समाज में एक विशिष्ट स्थान प्राप्त कर सकें। अनावेदक वाहन चालकों के नाम अमरनाथ पटेल उम्र 35 साल निवासी ग्राम छेछर थाना सिटी कोतवाली, आदित्य कुमार कश्यप उम्र 19 साल निवासी भदरा थाना कसडोल है।

### बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने किया फेसबुक से आनलाइन लाइव खाकी टाक्स का आयोजन

# एसपी भावना ने लाइव आकर दी यातायात नियमों की जानकारी

- छठंवे एपिसोड के रूप में नाबालिग बालकों के यातायात नियमों के उल्लंघन संबंधी विषय पर फेसबुक से जोडा गया लाइव
- यातायात नियमों का उल्लंघन कर, खतरनाक स्टंट करने वाले नाबालिग बालकों एवं छात्रों को संभावित खतरे एवं कार्रवाई आदि से कराया गया अवगत
- पुलिस अधीक्षक ने अपने भविष्य एवं पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करते हुए, खतरनाक स्टंट से सदैव दूर रहने एवं यातायात नियमों के संबंध में दी जानकारी
- फेसबुक लाइव खाकी टाक्स कार्यक्रम में बड़ी की संख्या में लोग हुए शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 8 फरवरी।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम के तहत च॥यद्ध ञरूयस कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के तहत लाइव रहकर विभिन्न विषयों जैसे साइबर सुरक्षा, यातायात जागरूकता, बाल अपराध, महिला अपराध आदि विभिन्न अधिनियमों के संबंध में जानकारी लगातार दिया जा रहा है। इसी कड़ी में छठवें एपिसोड के तहत 7 फरवरी को बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस फेसबुक पेज के माध्यम से लाइव रहकर पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा यातायात नियमों का पालन तथा वाहनों से खतरनाक स्टंट करने वाले नाबालिक बालको एवं छात्रों में जागरूकता के सम्बन्ध में व्याख्यान दिया गया। इस दौरान Balodabazar police Facebook पेज को फॉलो एवं लाइक कर लोग यातायात जागरूकता संबंधी लाइव च॥यद्ध ञरूयस कार्यक्रम के सहभागी बने।

विगत कुछ दिनों से कसडोल क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्कूलों में नाबालिग बालकों एवं छात्रों का चारपहिया एवं बाईक आदि में खतरनाक स्टंट करते हुए विभिन्न वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुए हैं। उक्त सभी वीडियो को मुख्य विषय के रूप में चयनित करते हुए भावना गुप्ता द्वारा KHAKI TALKS के माध्यम से बताया गया कि सोशल मीडिया में रील आदि को देखकर, स्कूलों के छात्र एवं नाबालिग बालक ऐसे खतरनाक स्टंट कर रहे हैं। यह उनके लिए अत्यंत खतरनाक साबित हो सकता है, थोड़ी सी भी गलती उनके लिए जानलेवा साबित हो सकती है। इसलिए स्कूल के प्राचार्य एवं पालकगण सदैव छात्रों एवं अपने बालकों को यातायात नियमों की जानकारी प्रदान करें, ऐसे किसी भी कृत्य के लिए उन्हें संभावित खतरे के प्रति लगातार आगाह करें।

विशेष कर पालक, अपने नाबालिक बच्चों को किसी भी प्रकार से स्पीड बाइक या अन्य कोई वाहन आदि चलाने ना दें। ऐसा कोई भी खतरनाक स्टंट यातायात नियमों की उल्लंघन की श्रेणी में आता है, जिसके लिए संबंधित वाहन चालक एवं वाहन मालिक के अतिरिक्त नाबालिग बालकों के परिजनों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि बच्चों के परिजन अपने बच्चों की नियमित रूप से निगरानी करें, उन्हें अच्छे बुरे के बारे में जानकारी दें, जिससे बच्चे एवं छात्र यातायात नियमों के प्रति जागरूक रहे एवं नियमों का पालन करें। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार एवं संजय साहू उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा यातायात नियमों के संबंध में जानकारी दिया गया। साथ ही नाबालिक बालको एवं छात्रों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन पर की जाने वाली कार्यवाही एवं विभिन्न अधिनियमों के संबंध में भी विस्तार पूर्वक बताया गया। लाइव कार्यक्रम में स्वामी आत्मानंद स्कूल सिमगा, पलारी, लवन सहित कई स्कूल एवं संस्थाओं के बच्चे एवं अन्य नागरिक सहित आनलाइन हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए तथा उनके द्वारा संपूर्ण ऑनलाइन लाइव कार्यक्रम की सराहना की गई।

# ग्राम पंचायतों में किया गया रोजगार दिवस का आयोजन

### वीबी-जीरामजी योजना एवं क्यूआर कोड की दी गई जानकारी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 8 फरवरी।** शनिवार को जिले के ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। विकसित भारत - ज़ीरामज़ी योजना की जानकारी, मनरेगा कार्यों के क्यूआर कोड की जानकारी से अवगत कराया गया।

रोजगार दिवस के दौरान मनरेगा श्रमिकों को कार्यस्थल में विकसित भारत -ज़ीरामज़ी प्रचार सामग्री, पाम्पलेट प्रदाय कर जानकरी दिया गया। क्यूआर कोड के माध्यम से ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों के द्वारा स्कैन कर मनरेगा योजना कि जानकारी से अवगत हुए। ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण एवं जल संचयन के कार्यों एवं उसके लाभ के सम्बंध में बताया गया।

वर्तमान में मांग के आधार पर कार्य प्रारंभ किए जाने के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया।इस संबंध में महात्मा गांधी नरेगा के प्रावधानों को दृष्टिगत रखते हुए मांग के आधार पर ग्राम पंचायतों में कार्य स्वीकृत एवं आरंभ करने, मोर गांव मोर पानी महाअभियान के तहत जल संरक्षण एवं जल संवर्धन तथा आजीविका संवर्धन से संबंधी महत्वपूर्ण कार्य ÷आजीविका डबरी÷ स्वीकृत कर उनमें अधिक से अधिक श्रमिक लगाकर कार्य को 15 मार्च 2026 तक पूर्ण कराने कहा गया।

### ग्रामीणों ने लिया समय पर काम, पूरा भुगतान और पारदर्शिता का संकल्प'

**कोरबा, 8 फरवरी।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशन में तथा सीईओ जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग के मार्गदर्शन में कोरबा जिले में विकसित भारत जी राम जी अधिनियम 2025 के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जनसंवाद कार्यक्रम के अंतर्गत दूसरे सप्ताह 2 फरवरी से 8 फरवरी तक विभिन्न आईईसी गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को ग्राम पंचायत गोड़ी के अमृत सरोवर स्थल पर अधिकार संरक्षण संकल्प दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम स्तर पर श्रमिकों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने समय पर काम, पूरा भुगतान और पारदर्शित के मूल मंत्र के साथ सामूहिक संकल्प लिया। श्रमिकों ने खुले परिसर में एकत्र होकर अपने अधिकारों के संरक्षण और कानून के प्रभावी क्रियान्वयन की प्रतिबद्धता व्यक्त की। संकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत बैनर एवं पोस्टर प्रदर्शित किए गए, जिन पर कानून मजबूत है, अधिकार सुरक्षित हैं तथा समय पर काम, पूरा भुगतान द्द पारदर्शिता जैसे संदेश लिखे थे।

**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी कबीरधाम (छ.ग.)**

**धारा 6 (2) देखिए**

**//सूचना का प्रकाशन//**

**क्रमांक/151/प्रस्तुतकार/2026**
**कबीरधाम, दिनांक: 08/01/2026**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक वर देवेन्द्र शर्मा पिता ललित शर्मा उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम पिस्दापारा डौण्डी तह. डौण्डी, जिला-बालोद एवं वधु दुर्पत धुर्वे पिता मदन धुर्वे उम्र-27 वर्ष निवासी महराजपुर, तह बोड़ला, जिला-कबीरधाम, दोनों के द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अधीन अपने विवाह का आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अनुष्ठापिता आशयित विवाह के विरूद्ध आपत्ति/दावा करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में पेशी तारीख 11.02.2026 के पूर्व या सूचना प्रकाशन की तिथि के एक मास कलैण्डर या तीस दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगी तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 07.01.2026 को मेरे मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

**संलग्न** - आशयित विवाह सूचना की आवेदन प्रति ।

मुहर

**जिला विवाह अधिकारी**
**कबीरधाम**

### अटल डिजिटल सेवा केंद्र से गांव-गांव पहुंचेगी डिजिटल क्रांति

# गांव-गांव में ग्रामीणों को मिलेगी त्वरित और पारदर्शी सेवा : किरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 8 फरवरी।** ग्राम पंचायत मुसराकला में अटल डिजिटल सेवा केंद्र का लोकार्पण समारोह गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू ने की। साथ ही इस अवसर पर जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अध्यक्ष लता अजय सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र यादव, जनपद पंचायत सदस्य सीमा ओमप्रकाश साहू एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण वर्मा, ग्राम पंचायत सरपंच गायत्री शिव टेंभुरकर विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहे।

लोकार्पण के पश्चात जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव ने अपने संबोधन में कहा कि अटल डिजिटल सेवा केंद्र ग्रामीण अंचल में शासन की योजनाओं एवं सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगा। इससे प्रमाण पत्र, पेंशन, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, ऑनलाइन आवेदन सहित अनेक सेवाएं ग्राम स्तर पर ही सहजता से उपलब्ध होंगी।

साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि तकनीक के माध्यम से शासन और जनता के बीच की दूरी को कम करना ही अटल डिजिटल सेवा केंद्र की मूल भावना है, जो ग्रामीण विकास को नई दिशा देगा।जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अध्यक्ष लता अजय सिन्हा ने कहा कि इस केंद्र के माध्यम से ग्रामीणों को समयबद्ध और सुगम सेवाएं प्राप्त होंगी, जिससे आमजन को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान संभव होगा। जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र यादव ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि अटल डिजिटल सेवा केंद्र ग्रामीण जनता को डिजिटल रूप से सशक्त बनाएगा और शासन-प्रशासन में पारदर्शिता को बढ़ावा देगा। यह पहल गांवों के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण वर्मा ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनहितैषी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में अटल डिजिटल सेवा केंद्र की महत्वपूर्ण भूमिका होगी और इससे ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल जागरूकता को बढ़ावा मिलेगा।



लोकार्पण के पश्चात अतिथियों द्वारा अटल डिजिटल सेवा केंद्र का निरीक्षण किया गया एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली गई। साथ ही इस अवसर पर दिनेश्वर दास वैष्णव, ग्राम के सरपंच गायत्री शिव टेंभुरकर, अजय सिन्हा, कमल निर्लमलकर सहित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी, पंचायत प्रतिनिधि, महिला समूहों के सदस्य एवं युवा उपस्थित रहे।

# न जाने कौन से दरबार का 'दीया' समझ बैठे हैं लोग... जिसका दिल चाहता है 'जला' कर चला जाता है...



छत्तीसगढ़ के फेफड़ों को नुकसान पहुंचाने का प्रयास तेज है, जंगल की कटाई जारी है, बस्तर के अबूझमाड़ को बूझने का अब प्रयास तेज हो गया है, छ्ग राज्य के पहले आईएएस, आईपीएस और आईएफएस कौन हैं... और अब गरीबों के लिये बनाये गये 128 आवास गृहों एक होटल को बेचने का मामला भी चर्चा में है....?

### छत्तीसगढ़ का फेफड़ा भी अब असुरक्षित...

हसदेव अरण्य को 'मध्य भारत के फेफड़ों' के रूप में जाना जाता है।विशालकाय पेड़ों का ये जंगल 01लाख 70 हज़ार हेक्टेयर में फैला हुआ है। यहाँ 23 कोयले के ब्लाक हैं, जहां अनुमति दी गयी है, कोयले खनन हेतु पेड़ काटने का सिलसिला जारी है, कोयले की 'ओपन कास्ट' या खुली खदानें इस जंगल को निगलती जा रहीं हैं।जंगलों के साथ- साथ 54 गांवों पर भी ख़तरा मंडराता जा रहा है।सरगुजा स्थित हसदेव का जंगल मप्र, झारखण्ड, छत्तीसगढ़ के केंद्र का सबसे बड़ा जंगल है वहीं छत्तीसगढ़ का फेफड़ा माना जाता है, इस जंगल के भूगर्भ में बड़ी मात्रा में कोयला पाया गया है।इस क्षेत्र में परसा, केते समेत कुछ क्षेत्र कोयला कम्पनी को खनन के लिये दिया गया है।अभी तक हस देव क्षेत्र से लाखों पेड़ काटे जा चुके हैं।आदिवासी लगा तार विरोध कर रहे हैं। पर कोयला कम्पनी राजनीतिक तौर पर काफ़ी मजबूत है, इसलिए आदिवासियों की आवाज सख़्ती से दबाई जा रही है? वैसे पिछ्ली बघेल सरकार ने पेडों की कटाई का भी आदेश निकला था, तब के डिप्टी सीएम टी एस सिंहदेव के विरोध के चलते पेडों की कटाई रोक दी गई थी, लिखित में कोई आदेश सरकार की तरफसे नहीं किया गया था। छ्ग में विष्णु सरकार बनने के बाद फिर पेड़ों की कटाई में तेजी आई है जबकि सीएम विष्णुदेव साय, आदिवासी मामलों के मंत्री रामविचार नेताम भी सरगुजा निवासी हैं, साथ ही आदिवासी समाज से ही आते हैं। यहां यह बताना भी जरुरी है, हसदेव अरण्य में ही रामगढ है, जहाँ रामगढ़ी की पहाड़ी भी है। मान्यता है अपने 14 साल के वनवास के दौरान राम लक्ष्मण और सीता ने इस इलाक़े में, ख़ास तौर पर रामगढ़ी की पहाड़ी पर पड़ाव डाला था।ये वो जगह भी है जहां कभी महाकवि कालिदास ने मेघदूत की रचना की थी!

### अबूझमाड़ का होगा अब सर्वेक्षण...

छग सरकार ने नक्सलियों के गढ़ रहे अबूझमाड़ क्षेत्र के 5 हजार वर्ग किलोमीटर से अधिक हिस्से के मान चित्रण के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान(आईआईटी) के साथ एक समझौता पर हस्ताक्षर किए हैं। घने जंगलों, नक्सली गतिविधियों के कारण यह अब तक आधिकारिक मान चित्रों से बाहर रहा है। सीएम विष्णुदेव साय ने बताया कि नक्सली गतिविधियों में कमी आने के बाद आईआईटी -रुड़की के साथ समझौता किया गया है। मानचित्रण का कार्य 2030 तक पूरा होने की संभावना है, हालांकि सरकार पहले पूरा करने का प्रयास करेगी।अबूझमाड़ क्षेत्र का पहले कभी सर्वेक्षण नहीं किया गया था, लेकिन अब सर्वे कर सभी प्रशासनिक सुविधाएं पहुंचाई जाएंगी।अबूझमाड़ लगभग 5, 000 वर्ग किलोमीटर में फैला है, जहां न सड़कें हैं और न ही गांवों का कभी सर्वेक्षण हुआ है।





### छग का पहला आईएएस, आईपीएस व आईएफएस कौन...

छत्तीसगढ़ में में वर्तमान में प्रशासनिक मुखिया 1994 बैच के आईएएस विकास शील हैं, पुलिस विभाग के मुखिया 1992 बैच के आई पी एस अरुणदेव गौतम हैं।अब चर्चा करें छत्तीसगढ़ राज्य में पहला आई एएस आईपीएस और आईएफएस कौन बना यानि जिसे छग कैडर मिला हो...?मप्रःकॉडर से छग काडर में आने वाले राष्ट्रीय सेवा के अफसर तो कई थे पर सवाल उठा कि पहला आईएएस, आईपीएस आईएफएस कौन था..?जाहिर था कि राज्य बनने के बाद 2001 बैच में जो सीधी भर्ती से आईएएस /आईपी एस/आई एफएस पहला बना हो वही पहला कहलाएगा। जांच के बाद पता चला कि छग में पहली 2001 बैच की आईएएस शहला निगार हैं।बिहार में 31 मार्च 1973 को जन्मी एम फिल (राजनीति शास्त्र)हैं तो 2 सितंबर 2001 को आईएएस में चयन हुआ, 2001 बैच आबंटित हुआ, इन के बाद 2002 बैच के 07 आईएएस बने जिसमें रोहित यादव, कमलप्रीत सिंह, (बृजेशचंद्र मिश्रा, हेमंत पहारे, दिलीप वासनीकर, अमृत खलखो, आलोक अवस्थी (सभी प्रमोटी आईए एस)शामिल थे।2003 बैच में अविनाश चंपावत, रितु सेन, परदेशी कोमल सिद्धार्थ, रीना बाबा कंगले शामिल हैं इस तरह 2001से 2003 के बीच शहला, रितु और रीनाबाबा 3 महिला आईएएस छग कॉडर में आई थीं।छ्ग कॉडर बनने के बाद मप्र काडर छोड़कर आने वालों में तो आईपीएस मोहन शुक्ला, पीके दास, आरएलएस यादव, अशोक दरबारी, ओपी राठौर, आरएन उपाध्याय, डी एमअवस्थी गिरधारी नायक, मो.अंसारी, संजय पिल्ले, आरके विज, अशोक जुनेजा, मुकेश गुप्ता आदि कई बड़े नाम हैं।जिनमें से कई डीजीपी, डीजी भी बन चुके हैं पर छत्तीसगढ़ बनने के बाद पहला आईपीएस कौन था जिसे सीधे छग कॉडर मिला, छग में पहले आईपीएस बनने वाले डॉ.आनंद छाबड़ा हैं। 2001बैच के आईपीएस 17 जनवरी 1976 को पंजाब में जन्में हैं।एमबीबीएस डॉ. आनंद छाबड़ा 2 सितंबर 2001 को आईपीएस ज्वाईन किया, 2001 बैच इन्हें मिला।वर्तमान में एडीजी हैं। छाबड़ा के बाद 2002 बैच में के सी अग्रवाल (प्रमोटी) 2003 बैच में 5 आईपीएस अफसर वरिष्ठता क्रम में सुंदरराज पी, ओपी पाल, रतनलाल डांगी, एसएस सोरी, टीआर पैकरा शामिल हैं, 2004 बैच 5 आईपीएस को छग कॉडर सीधे मिला, जिसमें नेहा चंपावत, अभिषेक पाठक, अंकित गर्ग, अजय यादव, बद्रीनारायण मीणा शामिल हैं। 12 आईपीएस में नेहा चंपावत को छग की पहली महिला आईपीएस होने का गौरव प्राप्त है।अजय यादव को पहला छत्तीसगढिया (बस्तर में जन्म) होने का गौरव प्राप्त है।छग में जन्में वन विभाग के पूर्व मुखिया राकेश चतुर्वेदी मप्र के 1985 बैच के आईएफएस थे। छग से पहले आईएफएस बनने का भी रिकार्ड उनके नाम बना था। छग राज्य में केरला मूल की परणिता पाल (जन्म 21जून1975 जून ) एमएस सी (फारेस्टी) पहली आईएफएस बनने का सौभाग्य हासिल किया वहीं इसी 2001 बैच के राकेश कलाजे, शालिनी रैना, मो. शाहिद, जनकराम नायक अभय श्रीवास्तव, 2002बैच के सोमादास, राजेश कुमार पांडे, सुरेश प्रसाद पैकरा, भानुप्रताप सिंह, सोबरन सिंह कंवर 2003 बैच के राजेश कुमार चंदेले अनुराग श्रीवास्तव, एफजे टोप्पो शामिल हैं। वैसे राज्य बनने के बाद जनकराम नायक पहले छत्तीसगढिया है जिन्हें आईएफएस का एवार्ड मिला था।




### गरीबों के 128 आवास होटल मेफेयर समूह को...

नवा रायपुर अटल नगर में आर्थिक रूप से कमजोर, निम्न आय वर्ग के लिए बनाए गए आवास अब बड़े निजी समूहों के हाथों में जा रहे हैं। गृह निर्माण मंडल ने सेक्टर- 16 में पीएम और सीएम आवास योजना के तहत निर्मित एलआईजी श्रेणी के 2 आवासीय ब्लॉक एक साथ मेफेयर होटल समूह को बेच दिए गए हैं।कुल 128 फ्लैट का सौदा लगभग 16 करोड़ रुपये में हुआ है, जो प्रति फ्लैट कीमत करीब 12.66 लाख तय है।यह फैसला सवालों में है क्योंकि ईडब्ल्यूएस, एल आइजी श्रेणी के मकान मूल रूप से निर्धारित आय वर्ग के जरूरतमंद हितग्राहियों के लिए बनाए जाते हैं। ऐसे आवासों पर शासन की ओर से अनुदान और रियायतें भी इसी उद्देश्य से दी जाती हैं, कमजोर वर्ग को सस्ता आवास मिल सके। अब इन्हीं फ्लैट का एक साथ एक बड़े होटल समूह को विक्रय होना आवासीय नीतियों की मंशा पर प्रश्न चिह्न खड़ा कर रहा है।जानकारी के अनुसार सेक्टर-16 में बड़ी संख्या में एलआईजी फ्लैट पहले ही बिक चुके हैं, लेकिन अब 400 से अधिक आवास खाली हैं। गृह निर्माण मंडल फरवरी से नई बुकिंग प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी में है। इसी तरह सेक्टर-34 में भी फ्लैट्स के बल्क विक्रय की जानकारी सामने आई है, सेक्टर-27 में अविक्रित दुकानों और हाल का विक्रय किया गया है। गृह निर्माण मंडल ने वर्ष 2025 में कुल 4, 689 संपत्तियों की बिक्री कर 1, 022 करोड़ रुपये की आय दर्ज की। इनमें लगभग 70त्न आवास कमजोर और निम्न आय वर्ग के लिए निर्मित थे।वन टाइम सेटलमेंट योजना के तहत 30त्न तक की छूट देकर 1, 452 संपत्तियां बेची गईं, जिनकी कीमत 220 करोड़ ? रही।गृह निर्माण मंडल के अधिकारियों का कहना है कि इन फ्लैटों के लिए 3 बार विज्ञापन जारी किया गया, लेकिन अपेक्षित संख्या में खरीदार नहीं मिले। बाद शासन स्तर पर नियमों में संशोधन कर अविक्रित संपत्तियों के थोक में विक्रय की अनुमति दी गई। मंडल का दावा है कि इस तरह बेचे गए फ्लैट पर किसी भी प्रकार का शासकीय अनुदान लागू नहीं होगा। हालांकि जानकारों का कहना है कि योजना का मूल उद्देश्य ही कमजोर वर्ग को आवास उपलब्ध कराना था। यदि मांग कम थी तो हित ग्राहियों की पात्रता शर्तों में राहत या भुगतान की सरल व्यवस्था जैसे विकल्प तलाशे जा सकते थे, न कि आवासों को थोक में निजी संस्थाओं को सौंप दिया जाए।



### चर्चित डीएसपी कल्पना निलंबित

छत्तीसगढ़ शासन ने दंतेवाड़ा जिले में पदस्थ डीएसपी कल्पना वर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस संबंध में गृह विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।प्रारं भिक जांच में उनके खिलाफ गंभीर आरोप सामने आने के बाद शासन ने यह कार्रवाई की है, शिकायत की प्राथमिक जांच में डीएसपी कल्पना वर्मा पर वित्तीय लेनदेन से जुड़े आरोप, जांच के दौरान दिए गए कथनों, व्हाट्सएप चैट में विरोधाभास, कर्तव्य के दौरान अवैध आर्थिक लाभ प्राप्त करने, अपने पद का दुरुपयोग करने, अनुपातहीन संपत्ति अर्जित करने जैसे गंभीर आरोप सामने आए हैं। शासन ने इन कृत्यों को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 19 65 के नियम-3 के विपरीत माना है।

### और अब बस...

- » छग के चर्चित पोराबाई नकल प्रकरण में 18 साल बाद चार दोषियों को अदालत ने 5 साल की कठोर और जुर्माने की सजा सुनाई, 500 में से 484 अंक लाने वाली पोराबाई का मामला 2008 का है।
- » कवर्धा में 7 करोड़ का धान चूहे और कीड़ों द्वारा खाने का बयान देने वाले डी?मओ अभिषेक मिश्रा को निलंबित कर दिया गया है।
- » सशर्त जमानत पर रिहा पूर्व शराब मंत्री क़वासी लखमा का फ़िलहाल ठिकाना ओड़िसा का मलकानगिरी होगा।

## एक नजर

### संतोष जैन बने सलाहकार



**रायपुर, 8 फरवरी।** प्रदेश की सबसे बड़ी व्यापारिक संस्था छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज में संगठनात्मक विस्तार और अनुभवी नेतृत्व को प्राथमिकता देते हुए एक महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने संस्था के वरिष्ठ एवं कर्मठ सदस्य संतोष जैन (मेसर्स मूलचंद पाली मर्स) को उनकी सक्रियता और अनुभव को देखते हुए सलाहकार के गरिमामय पद पर मनोनीत किया है। इस नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी सहित समस्त चेम्बर परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी है। थौरानी ने विश्वास जताया कि वर्ष 2025 से 2028 तक का उनका यह कार्यकाल संस्था के लिए उपलब्धियों से भरा होगा।

### बालाजी गार्डन सोसायटी में हनुमान चालीसा



**रायपुर, 8 फरवरी।** बालाजी गार्डन सोसायटी फफडीह में शनिवार रात को हनुमान चालीसा का पाठ किया गया इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक पूर्व पार्षद सुब्रत डोलावत, अनिल ओझा, दिनेश शर्मा, राजेंद्र जैन आदि उपस्थित थे रमेश आहूजा, दिलीप अग्रवाल, रामअवतार जी, श्रवण जैन, योगेश अग्रवाल, सुब्रत डोलावत, अनिल ओझा, दिनेश शर्मा, राजेंद्र जैन आदि उपस्थित थे।

### चुनाव आयोग सुनिश्चित करे फार्म-7 का दुरुपयोग नहीं हो : दीपक बैज

**रायपुर, 8 फरवरी।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा एसआईआर प्रक्रिया को प्रशासनिक अधिकारियों पर दबाव बनाकर गड़बड़ियां कर रहा है। वर्तमान में चल रही विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (स्ढ्ढक्र) प्रक्रिया के अंतर्गत फार्म-7 (मतदाता नाम विलोपन हेतु आवेदन) का कई जिलों में दुरुपयोग किया जा रहा है। यह अत्यंत चिंताजनक विषय है, क्योंकि इससे पात्र एवं वास्तविक मतदाताओं के नाम बिना जानकारी, सहमति के मतदाता सूची से हटाए जाने की साजिशे चल रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी द्वारा बड़ी संख्या में फार्म-7 का प्रिंट करवाकर आपत्ति करवाया जा रहा है।

## मांढ़र स्टेशन पर चेकिंग में 200 बेटिकिट यात्री पकड़ाए



**रायपुर, 8 फरवरी।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा समय-समय पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी के निर्देशन पर रायपुर मंडल में मांढ़र स्टेशन पर एम्बुश टिकट चेकिंग चेकिंग अभियान चलाया गया।

कल 7 फरवरी, 2026 को एम्बुश टिकट चेकिंग चेकिंग अभियान में लोकल पैसेंजर ट्रेनों रायपुर बिलासपुर मेमू ट्रेन-68728, गोंदिया झारसुगुड़ा पैसेंजर -68861, गेवरा रोड रायपुर पैसेंजर -68745, बिलासपुर रायपुर पैसेंजर -58201, गेवरा रोड रायपुर पैसेंजर -58203, बिना टिकट यात्रा करने वाले लगभग 188 मामलों से 56415 रूपये अनियमित टिकट के 09 मामलों से 5515 रूपये 02 धूम्रपान के मामले से 400 रूपये, 01 सी केस से 100 रुपए राजस्व प्राप्त हुआ। इस एंबुश टिकट चेकिंग अभियान में कुल 200 मामलों से रायपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा 62430 रूपये का राजस्व प्राप्त किया गया। इस टिकट चेकिंग अभियान में सहायक वाणिज्य प्रबंधक अविनाश कुमार आनंद सहित 03 मुख्य वाणिज्य निरीक्षक, 02 वाणिज्य निरीक्षक, 18 टिकट चेकिंग स्टाफ, 08 आरपीएफस्टाफने स्टेशन पर लोकल ट्रेनों में एंबुश टिकट चेकिंग जांच की गई।

## पेंशन आदेश जारी होने पर आभार व्यक्त

**रायपुर, 8 फरवरी।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के पूर्व सचिव एवं वर्तमान छत्तिसगढ़ विश्वविद्यालयीन पेंशनर्स कल्याण संघ के प्रांतीय अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्र एवं सचिव शिरीष त्रिवेदी ने बताया कि रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल को सातवें वेतनमान के आधार पर पेंशन आदेश जारी होने पर पत्र देते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

प्रदीप मिश्र ने बताया कि वि वि के सेवानिवृत कर्मचारीगण सातवें वेतनमान के आधार पर वेतन और उसके सभी लाभ लेते हुए सेवानिवृत होते हैं तब उनका पेंशन का निर्धारण छठवें वेतनमान के अनुसार किया जाता था। बृज मोहन अग्रवाल से संघ कई बार इस समस्या को लेकर मिला था और हर बार बृज मोहन भैया ने इसे गंभीरता से लेते हुए हमारी समस्यायों को ध्यान से सुना और मुख्यमंत्री से चर्चा कर मांग पूरी कराने का आश्वासन था।

## पांच लाख का गांजा, स्विफ्ट कार व मोबाइल फोन जब्त

**रायपुर, 8 फरवरी।** पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना न्यू राजेन्द्र नगर पुलिस ने गांजा तस्करी के एक मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश के एक अंतर्राज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 20.300 किलोग्राम गांजा, तस्करी में प्रयुक्त स्विफ्ट कार तथा दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं। जब्त मशरूका की कुल कीमत लगभग 7 लाख 55 हजार रुपये आंकी गई है।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त वेस्ट जोन राहुल देव से मिली जानकारी के अनुसार, 7 फरवरी 2026 को थाना न्यू राजेन्द्र नगर पुलिस को सूचना मिली थी कि लालपुर ओवरब्रिज के नीचे, केनाल रोड स्थित कुष्ठरोग अस्पताल के पास एक चारपहिया वाहन में सवार कुछ व्यक्ति गांजा लेकर उसकी डिलीवरी के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपायुक्त वेस्ट जोन श्री संदीप पटेल के निर्देश पर कार्रवाई की गई।

वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर संदिग्ध वाहन की घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही वाहन में सवार दो व्यक्ति मौके से फरार हो गए, जबकि चालक सीट पर बैठे एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम हिमांशु केशरवानी 29 वर्ष निवासी प्रयागराज, उत्तर प्रदेश बताया।

## नक्सलवाद मुक्त बस्तर में विकास को नई पहचान मिल रही है : महेश कश्यप



**रायपुर, 8 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी के सांसद महेश कश्यप (बस्तर) ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ प्रवास का स्वागत करते हुए इसे बस्तर के इतिहास में एक निर्णायक मोड़ बताया है। कश्यप ने कहा कि शाह का यह दौरा बस्तर से 'लाल आतंक' के समूल सफाए के संकल्प को सिद्ध करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

भाजपा सांसद कश्यप ने शाह के दौरे को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा किए गए सवालों को कांग्रेस नेतृत्व के भटकाव और वैचारिक दरिद्रता से उपजा प्रलाप बताया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और शाह के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार ने 31 मार्च 2026 तक माओवाद मुक्त भारत का लक्ष्य रखा है। इस समयसीमा में अब केवल कुछ ही दिन शेष हैं। शाह द्वारा रायपुर में ली जाने वाली उच्चस्तरीय बैठक उन शेष 5 प्रतिशत इलाकों को भी माओवाद मुक्त करने का मार्ग प्रशस्त करेगी, जहाँ मुट्ठी भर सशस्त्र माओवादी सक्रिय हैं। यह 'ऑपरेशन क्लीन' की अंतिम बड़ी समीक्षा होगी। कश्यप ने नक्सलवाद के खात्मे की दिशा में अर्जित उपलब्धियों का जिक्र कर कहा कि वर्ष 2025 में सुरक्षा बलों ने 317 माओवादियों को ढेर किया, जिनमें बसवा राजू और हिड़मा जैसे शीर्ष आतंकी शामिल थे।

भाजपा सांसद कश्यप ने कहा कि आज जब बस्तर का 95 प्रतिशत हिस्सा अब नक्सली हिंसा से मुक्त हो चुका है, और 40 गांवों में पहली बार तिरंगा फहराया गया है, तब दीपक बैज इस बात पर गर्व करने के बजाय गैरजरूरी सवाल उठाकर कांग्रेस और नक्सलियों के भाईचारे को प्रमाणित कर रहे हैं। कश्यप ने कहा कि प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार और केंद्र की मोदी सरकार के बीच बेहतर तालमेल ने माओवादियों की कमर तोड़ दी है। बस्तर पण्डुम के आयोजन को विकास और संस्कृति का मिलन बताते हुए कश्यप ने इस बात पर हर्ष व्यक्त किया कि गृह मंत्री शाह बस्तर पण्डुम के समापन समारोह में शामिल होंगे। यह आयोजन दर्शाता है कि अब बस्तर केवल बंदूकों की गूंज के लिए नहीं, बल्कि अपनी समृद्ध सांस्कृतिक पहचान और विकास के लिए जाना जा रहा है।सांसद कश्यप ने बस्तर को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार माना।

## शिक्षा ही सफलता की पहली सीढ़ी

**रायपुर, 8 फरवरी।** जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा बच्चों से परीक्षा की बात कार्यशाला का आयोजन वर्धमान दी स्कूल, संतोषी नगर में किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष महेन्द्र कोचर ने बताया कि बच्चों के मन में वार्षिक परीक्षा के डर को दूर करने व परीक्षा में सफलता के लक्ष्य निर्धारण हेतु मोटिवेशनल कार्यशाला आयोजित की जा रही है। आज की कार्यशाला में प्रसिद्ध शिक्षाविद विजय चोपड़ा ने मेरी परीक्षा मेरी तैयारी विषय पर बच्चों को मोटिवेशनल स्पीच देते हुए कहा कि परीक्षा में अच्छे परिणाम के लिए सही प्लानिंग, व्यवस्थित प्रिपरेशन व कड़ा परिश्रम बहुत जरूरी है। भारत के सभी क्षेत्रों में सर्वाधिक कॉम्पिटिशन है लेकिन शिक्षा ही सफलता की सीढ़ी है। चोपड़ा ने अच्छे परिणाम के लिये प्लानिंग, प्रिपरेशन व परिश्रम को विस्तारित करते हुए कहा कि प्रिपरेशन के पूर्व अच्छी प्लानिंग करें। कुल विषयों को परीक्षा के बचे दिन से भाग देकर प्रत्येक विषय के लिये दिन निर्धारित करें। प्रत्येक विषय को तीन श्रेणी में बांट लें। वस्तुनिष्ठ प्रश्न, मन पसंद सरल प्रश्न व कठिन प्रश्न। तैयारी करते समय सरल प्रश्न से आरम्भ कर आगे बढ़ेंगे तो आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। कठिन प्रश्नों की तैयारी के लिए प्रातः काल का समय बेहतर होगा। इस तरह के प्रयास अच्छे परिणाम देंगे। परीक्षा की तैयारी को स्वयं की इच्छा बनाएं फिर सफलता सौ प्रतिशत तय है। परीक्षा को बोझ या हव्वा न मानें बल्कि परीक्षा पर हावी होकर तैयारी में जुट जाएं। लगन, मेहनत, अनुशासन व आत्मविश्वास से ही पूर्ण सफलता प्राप्त होती है। इसे मूलमंत्र बनाएं, पूर्ण मनोभावों से किये परिश्रम से ही अच्छे परिणाम सामने आते हैं। अभी परीक्षा में एक माह का समय शेष है, एक बात तय है कि सफलता का कोई शॉर्टकट नही होता सो विषयों के अनुसार टाईम टेबल सेट करें, ऊँचा लक्ष्य निर्धारित करें अपनी क्षमता पर विश्वास करें व प्लानिंग से तैयारी आरम्भ कर देवें।

### छत्तीसगढ़ रेरा का महत्वपूर्ण कदम

## 14 बैंकों को किया गया फाइनल एम्पैनलमेंट



**रायपुर, 8 फरवरी।** छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण ने राज्य में रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन तथा रियल एस्टेट अधिनियम, 2016 के प्रभावी अनुपालन को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 14 बैंकों को अंतिम पैनल (फाइनल एम्पैनलमेंट) में शामिल किया है।

रेरा अधिनियम के प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ रेरा द्वारा 03 अप्रैल 2025 को 17 बैंकों को अस्थायी पैनल (प्रोविजनल एम्पैनलमेंट) में शामिल किया गया था। निर्धारित प्रक्रियाओं, आवश्यक शर्तों एवं मापदंडों की पूर्ति के उपरांत अब इनमें से 14 बैंकों को अंतिम पैनल में सम्मिलित किया गया है।अंतिम पैनल में शामिल बैंकों में एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, बैंक ऑफबड़ौदा, छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक, केनरा बैंक, डीसीबी बैंक, फेडरल बैंक, इंडियन बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, कर्नाटक बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, पंजाब एवं सिंध बैंक, स्टेट बैंक ऑफइंडिया तथा यूको बैंक शामिल हैं।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि रेरा अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत रियल एस्टेट परियोजनाओं से संबंधित पृथक रेरा खाते केवल उन्हीं बैंकों में संचालित किए जाएं, जो रेरा नियमों एवं दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन करते हों। इससे परियोजनाओं के वित्तीय प्रबंधन में अनुशासन स्थापित होगा, निधियों के उपयोग में पारदर्शिता बढ़ेगी तथा घर खरीदारों के हितों की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी।

इस संबंध में छत्तीसगढ़ रेरा के अध्यक्ष श्री संजय शुक्ला ने कहा कि रेरा के अंतर्गत पंजीकृत परियोजनाओं में वित्तीय अनुशासन एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करना प्राधिकरण की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। बैंकों के अंतिम पैनल में शामिल होने से परियोजना खातों की निगरानी एवं नियंत्रण व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी, जिससे घर खरीदारों का विश्वास बढ़ेगा और राज्य में रियल एस्टेट क्षेत्र अधिक व्यवस्थित एवं विश्वसनीय बनेगा।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26